नई दिल्ली

**गुरुवार, 16 अक्टूबर 2025**

कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
दशमी वर्ष : 29, अंक : 183
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


**मौसम**

अधि. 31
न्यून. 18


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | तेजी |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 82,605.43 | 575.45 ▲ |
| निफ्टी | 25,323.55 | 278.05 ▲ |

| धातु | कीमत | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| सोना | 1,31,800/- | 1000/- ▲ |
| चांदी | 1,82,000/- | 3000/- ▼ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 88.08 | 73 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 62.27 बैरल | 0.19% ▼ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*







inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**खबर संक्षेप**

## भारत का 6.74% निर्यात बढ़ा, अमेरिका में शटडाउन



**नई दिल्ली।** ट्रंप प्रशासन के भारी टैरिफ के बावजूद भारत ने निर्यात में मजबूती दिखाई है। वहीं, अमेरिका में शटडाउन के कारण श्रम मंत्रालय महंगाई का आंकड़ा जारी नहीं कर पाया। सितंबर 2025 में देश का निर्यात 6.74 प्रतिशत बढ़कर 36.38 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, भारत के आयात में भी 16.6% की बढ़ोतरी दर्ज की गई और यह 68.53 अरब डॉलर पर पहुंच गया, वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार अप्रैल-सितंबर के दौरान भारत का कुल निर्यात 3.02% बढ़कर 220.12 अरब डॉलर, जबकि आयात 4.53% बढ़कर 375.11 अरब डॉलर रहा है।

### पीएम मोदी ने नमो एप से बिहार भाजपा कार्यकर्ताओं से किया संवाद

# इस बार बिहार में डबल दिवाली आने वाली है, एनडीए की फिर सरकार बनने वाली है

पीएम मोदी 'एकजुट एनडीए, एकजुट बिहार फिर से बनेगी सुशासन की सरकार' का नारा भी दिया। चुनाव की तैयारी में जुटे बिहार के भाजपा कार्यकर्ताओं से नमो एप के जरिए संवाद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए हर बूथ को मजबूत बनाना जरूरी है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/पटना

पीएम मोदी ने बिहार में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया है। चुनावों की घोषणा के बाद पीएम मोदी ने पहली बार बिहार चुनाव पर बात की है। पीएम मोदी ने नमो एप के जरिए बिहार के भाजपा कार्यकर्ताओं से बातचीत की। उन्होंने कहा कि बिहार के हर घर से एक ही आवाज सुनाई दे रही है- एकजुट एनडीए, एकजुट बिहार! फिर बनेगी सुशासन की सरकार! एक बार फिर सुशासन की सरकार बनेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को बिहार ▶▶ शेष पेज 10 पर

**बिहार के लोगों को भोजपुरी में दी शुभकामनाएं**

**'एकजुट एनडीए, एकजुट बिहार फिर से बनेगी सुशासन की सरकार'**



मेरा बूथ-सबसे मजबूत कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने दिया अपना संबोधन

### हर परिवार को सरकारी योजनाओं का लाभ और जानकारी पहुंचाएं

उन्होंने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपने क्षेत्र की हर परिवार को सरकारी योजनाओं का लाभ और जानकारी पहुंचाएं। पीएम ने भोजपुरी में कार्यकर्ताओं का अभिवादन ▶▶ शेष पेज 10 पर

### ये भी कहा-बूंद-बूंद से भरता है घड़ा

पीएम मोदी ने मेरा बूथ-सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत बिहार के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मेरा बूथ, सबसे मजबूत-ये सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है, ये जमीनी स्तर पर भाजपा की सफलता की सबसे मजबूत कड़ी है। जैसे पुरानी कहावत है- बूंद-बूंद से घड़ा भरता है। वैसे ही जब हर बूथ सबसे मजबूत होता है, तभी पार्टी को सफलता मिलती है। इसलिए ये ▶▶ शेष पेज 10 पर


### *लोकतंत्र के महाउत्सव की शुरुआत भी हो चुकी डबल दिवाली मनाएं*

पीएम मोदी ने कहा कि आजकल दीपावली, छठ पूजा और अन्य उत्सवों की तैयारियां जोरों पर है। बिहार में लोकतंत्र के महाउत्सव की शुरुआत भी हो चुकी है। आप भी दिनभर चुनाव से जुड़े कार्यक्रमों में व्यस्त रहते हैं। आप सभी के परिश्रम को भाजपा का हर कार्यकर्ता बहुत ही गौरव के साथ देखता है। आप सभी को मैं बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि इस बार बिहार में डबल दिवाली आने वाली है। एक तो नवरात्रि के पहले दिन जीएसटी के कारण लोगों ने दिवाली मनाई। अब 20 अक्टूबर को दिवाली है, वो हम मनाने जा रहे हैं। लेकिन इस बार का बिहार का मिजाज, 14 नवंबर को एनडीए की विजय वाली दिवाली भी मनानी है। इसमें हर बार की तरह बिहार की बहन-बेटियों की बहुत बड़ी भूमिका रहेगी।


## भगोड़े अपराधियों के प्रत्यर्पण पर दो दिवसीय सम्मेलन का आज शुभारंभ करेंगे अमित शाह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार भगोड़े अपराधियों को देश में वापस लाने और उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के प्रयासों को तेज करने की दिशा में बड़ा कदम उठा रही है। इसी क्रम में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आज, गुरुवार को नई दिल्ली में 'भगोड़े अपराधियों का प्रत्यर्पण – चुनौतियाँ और रणनीतियाँ' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। इस सम्मेलन का आयोजन केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा किया जा रहा है। गृह मंत्रालय के एक आला अधिकारी ने बताया, इस सम्मेलन का मकसद भारत से फरार अपराधियों को वापस लाने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग और कानूनी रणनीति को मजबूत करना है।इसमें विभिन्न केंद्रीय और राज्य पुलिस एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी हिस्सा लेंगे। गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और अन्य संबंधित विभाग भी इसमें शामिल होंगे।विचार-विमर्श का फोकस अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहयोग, कानूनी और कूटनीतिक प्रक्रियाएँ और समन्वित रणनीति पर होगा। अधिकारी ने बताया, दो दिवसीय सीबीआईके सम्मेलन के दौरान भगोड़ों के प्रत्यर्पण से जुड़ी कई अहम चुनौतियों और समाधान पर विचार-विमर्श होगा। इनमें विदेशों से सहयोग पाने के लिए औपचारिक व अनौपचारिक चैनलों का प्रभावी उपयोग पर चर्चा तो होगी ही साथ ही, भगोड़ों का पता लगाने में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल, प्रत्यर्पण में आने वाली कानूनी व कूटनीतिक अड़चनों का समाधान, भगोड़ों के वित्तीय फुटप्रिंट और मनी ट्रेल का विश्लेषण, नार्को, आतंकवाद, साइबर अपराध, संगठित अपराध और आर्थिक अपराधियों पर विशेष फोकस भी बैठक के एजेंडे में शामिल रहेगा।विदित हो कि वर्तमान में विभिन्न देशों में भारतीय भगोड़ों के 300 से अधिक प्रत्यर्पण अनुरोध लंबित हैं। इनमें से कई अपराधी प्रत्यर्पण की कानूनी प्रक्रिया को बाधित करने के लिए तरह-तरह के रास्ते अपनाते हैं। कई अपराधी विदेश में रहते ▶▶ शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप

### नरेला स्थित फैक्ट्री में लगी भीषण आग, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** नरेला औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत मंगलवार देर रात एक फैक्ट्री में आग लगने का मामला सामने आया है। आग फैक्ट्री संख्या के 442-443, फेज-2, भोरगढ़ औद्योगिक क्षेत्र में आग लगी थी। आग में किसी के घायल या हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। पुलिस के अनुसार सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। तब तक दमकल विभाग की गाड़ियां भी मौके पर पहुंच चुकी थी। जांच करने पर पता चला कि फैक्ट्री का मालिक आशीष पुत्र तरसेन है। कार्डबोर्ड बनाने का काम फैक्ट्री में होता था। शॉर्ट सर्किट के कारण फैक्ट्री के बेसमेंट में आग लग गई थी। गुलशेर पुत्र आसिफ अली, निवासी प्लॉट संख्या 207, गली संख्या 1, बाबू जगजीवन राम कॉलोनी, गांव भोरगढ़, नरेला जो उक्त फैक्ट्री में मजदूर के रूप में कार्यरत है ने पुलिस को सूचना दी थी। अग्निशमन विभाग और पुलिस कर्मचारियों के संयुक्त प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया। आग से लाखों के नुकसान की बात कहीं जा रही है।

### गृह मंत्रालय ने दिल्ली पुलिस के 26 नये इंफ्रा प्रोजेक्ट्स को दी मंजूरी

नई दिल्ली। राजधानी में पुलिसिंग के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए गृह मंत्रालय ने दिल्ली पुलिस की 26 नई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 653.46 करोड़ की प्रशासनिक और व्यय स्वीकृति प्रदान की है। स्वीकृत परियोजनाओं में 18 पुलिस स्टेशन भवन, सात पुलिस चौकियां, एक महिला छात्रावास और 180 कर्मचारी आवासों का निर्माण शामिल है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य पुलिसकर्मियों के कार्य और जीवन स्तर में सुधार हेतु आधुनिक, सुसज्जित और लैंगिक रूप से संवेदनशील सुविधाएं प्रदान करना है। इससे दिल्ली में एक सुरक्षित और अधिक सुरक्षित वातावरण बनाने में योगदान मिलेगा। सभी परियोजनाओं का क्रियान्वयन सीपीडब्ल्यूडी द्वारा किया जाएगा।

### संजय गांधी अस्पताल की छत से व्यक्ति ने किया कूदने का प्रयास

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के मंगोलपुरी स्थित संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल की छत से बुधवार को एक शख्स ने कूदने का प्रयास किया। शख्स कथित तौर पर नशे में धुत था। काफी समय तक उसका हाईवोल्टेज ड्रामा चलता रहा। आखिर में पुलिसकर्मी उसे सुरक्षित नीचे उतारने में सफल रहे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि संजय गांधी अस्पताल की छत से एक व्यक्ति के कूदने की कोशिश करने की सूचना मिली थी। मंगोलपुरी पुलिस और अग्निशमन अधिकारियों की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची। उसे सुरक्षित नीचे उतारने के प्रयास शुरू किये गये। व्यक्ति सुबह छह मंजिला अस्पताल की छत पर चढ़ गया था, जिससे मरीजों, आगंतुकों और कर्मचारियों में दहशत फैल गई। इस घटना को देखने वालों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई थी। सैकड़ों लोग अस्पताल परिसर के बाहर इकट्ठा हो गए थे। पुलिस ने कहा कि भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के लिए इलाके की घेराबंदी करनी पड़ी। घंटों की मशक्कत के बाद उसे सुरक्षित नीचे उतार लिया गया।

### यौन उत्पीड़न मामले में एबीवीपी नीत डूसू ने एसएयू प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नीत डूसू के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को साउथ एशियन यूनिवर्सिटी (एसएयू) में बी. टेक प्रथम वर्ष की छात्रा के साथ हुए यौन उत्पीड़न की घटना के संबंध में विश्वविद्यालय के अध्यक्ष प्रो. के. के. अग्रवाल को ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर त्वरित एवं कठोरतम कार्रवाई की मांग की। एबीवीपी की राष्ट्रीय मंत्री शिवांगी खारवाल ने कहा कि आज एबीवीपी नीत डूसू प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय के अध्यक्ष प्रो. के. के. अग्रवाल से भेंट कर छात्रा को न्याय दिलाने हेतु अपनी चार सूत्रीय मांगें रखीं। एबीवीपी दिल्ली के प्रांत मंत्री सार्थक शर्मा ने कहा कि एसएयू में हमारी बहन के साथ जो अमानवीय घटना घटी है, उसने पूरे छात्र समाज को झकझोर कर रख दिया है। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष आर्यन मान ने कहा कि यह घटना न केवल साउथ एशियन यूनिवर्सिटी बल्कि पूरे शिक्षा जगत के लिए कलंक है। हमारा मानना है कि छात्राओं की गरिमा और सुरक्षा पर किसी स्तर पर समझौता नहीं होना चाहिए। शिक्षा के मंदिर में इस प्रकार की घृणित घटना हम सभी के लिए शर्मसार करने वाली है। पूरा छात्र समुदाय, दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ और एबीवीपी पीड़िता के साथ मजबूती से खड़े हैं। हम विश्वविद्यालय प्रशासन से अपेक्षा करते हैं कि वह शीघ्र और निर्णायक कदम उठाए, ताकि दोषियों को सजा मिले और छात्राओं के बीच सुरक्षा का विश्वास पुनः स्थापित हो सके।

## गुजरात के व्यवसायी के अपहरण में था शामिल

# खूंखार अपराधी तुशांत वासु उर्फ टाइगर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



स्पेशल सेल ने गुजरात के गांधी धाम में एक व्यवसायी के अपहरण के मामले में वांछित खूंखार अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम गांव बज्जू तेजपुरा, तहसील एवं थाना बज्जू, बीकानेर, राजस्थान निवासी तुशांत वासु उर्फ टाइगर है। इसके पास से एक अत्याधुनिक पिस्तौल और तीन कारतूस भी बरामद किए गए।

पुलिस के अनुसार 16 जुलाई को दो कारों में सवार चार लोगों ने गांधी धाम, कच्छ, गुजरात स्थित एक व्यापारी (अंगड़िया) का उसके कार्यालय के सामने से अपहरण कर लिया था। मामले में तुशांत के शामिल होने की पुख्ता सूचना थी। बुधवार को उसके रोहिणी क्षेत्र में आने का पुलिस को इनपुट मिला था। तुरंत एक छापेमारी टीम का गठन किया गया और तुशांत वासु उर्फ सूरज उर्फ टाइगर को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी आर्म्स एक्ट, हत्या के प्रयास, डकैती, सेंधमारी आदि सहित 16 से अधिक आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। 2023 में उसे हरियाणा के कलानौर थाने में दर्ज हत्या के प्रयास और डकैती के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। 2024 में जमानत पर रिहा होने के बाद वह गुजरात के गांधी धाम में अपनी बहन के घर गया। वहां उसका संपर्क गुजरात के मोरबी निवासी हिस्ट्रीशीटर हितेंद्र सिंह झाला से हुआ। हितेंद्र सिंह झाला ने तुशांत वासु और अन्य के साथ मिलकर गांधी धाम से एक आंगड़िया के अपहरण की योजना बनाई थी। व्यवसायी को बाद में रिहा कर दिया गया था।

### दिल्ली पुलिस और अग्निशमन अधिकारी करेंगे समन्वय बैठक

**एजेंसी, नई नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस और दिल्ली अग्निशमन सेवा दिवाली से पहले राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और आपातकालीन प्रतिक्रिया उपायों को मजबूत करने के लिए एक उच्च स्तरीय समन्वय बैठक आयोजित करेगी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि बैठक में त्योहारों के दौरान सुचारू यातायात, प्रभावी अग्नि सुरक्षा व्यवस्था और समग्र सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तीनों विभागों के बीच समन्वय को सुव्यवस्थित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आकस्मिक योजनाओं, लोकप्रिय बाजारों में भीड़ प्रबंधन और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त बलों की तैनाती के बारे में चर्चा की जाएगी। अधिकारी ने कहा कि दिवाली के दौरान दिल्ली में बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर भारी भीड़ होती है हमारा उद्देश्य नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, अप्रिय घटनाओं को रोकना और यातायात का प्रभावी प्रबंधन करना है।

## लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश वर्मा ने किया उद्घाटन

# पंजाबी बाग चौक अब कहलाएगा मदन लाल खुराना चौक



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा पंजाबी बाग पुल के नीचे स्थित पुराने जनरल स्टोर चौक का नामकरण दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मदन लाल खुराना के जन्मदिन के अवसर पर किया गया। इसका उद्घाटन बुधवार को पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने किया। इस अवसर पर विधायक हरीश खुराना की माता व मदनलाल खुराना की धर्मपत्नी राज मदन लाल खुराना, विशेष रूप से मौजूद रहीं। वहीं दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा, रविन्द्र इंद्राज और सांसद बांसुरी स्वराज मौजूद रहीं। इस दौरान पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार की पहल के तहत राजधानी के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक रूप से महत्त्वपूर्ण स्थलों को स्थानीय नायकों, स्वतंत्रता सेनानियों और जननेताओं के नाम से जोड़ा जा रहा है। इससे नागरिकों, विशेष रूप से युवाओं, को ऐसे नाम करण से महान हस्तियों के जीवन से प्रेरणा लेने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के सच्चे जननायक और विकास पुरुष मदन लाल खुराना के नाम पर बना ये चौक दिल्ली की नई पहचान है। ऐसे महान जननायक को हमारा शत्-शत नमन। यह चौक न केवल उनके अतुलनीय योगदान की याद दिलाएगा, बल्कि दिल्ली के विकास में उनके ऐतिहासिक योगदान को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। वहीं सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि मदन लाल खुराना ने दिल्ली की सेवा में जो समर्पण, निष्ठा और ईमानदारी दिखाई, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि यह चौक केवल एक नाम नहीं, बल्कि उस व्यक्ति की स्मृति है जिसने दिल्ली को आधुनिक विकास की राह पर आगे बढ़ाया। यह चौक नागरिकों को यह याद दिलाएगा कि राजनीति का असली उद्देश्य जनता के बीच रहकर उनके जीवन को बेहतर बनाना है।

## पुलिस ने आरोपी को किया अरेस्ट

# अगवा चार साल का मासूम लखनऊ से सकुशल बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अमर कॉलोनी थाना इलाके से अगवा चार साल के मासूम को पुलिस ने आठ घंटे के भीतर लखनऊ से सकुशल बरामद कर लिया गया। ट्रेन में सवार आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। बच्चे को उस समय अगवा किया गया था जब वह अपने घर के बाहर खेल रहा था। आरोपी बच्चे को अगवा कर उसकी मां पर शादी का दबाव बनाना चाहता था।

पुलिस के अनुसार आरोपी का नाम सुधाकर सिंह है। आरोपी ट्रेन के जरिये बच्चे को अपने पैतृक गांव ले जा रहा था। 12 अक्टूबर को बच्चे के अपहरण के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। जांच में पता चला कि शिकायतकर्ता की पत्नी लगभग एक साल से इंस्टाग्राम के माध्यम से आरोपी सुधाकर सिंह के संपर्क में थी। आरोपी ने पहले भी दंपति को धमकी दी थी कि अगर वह उसके साथ रहने से इनकार करती है तो वह उसके बेटे का अपहरण कर लेगा। घटना वाले दिन शिकायतकर्ता ने दोपहर लगभग एक बजे सुधाकर सिंह को अपने घर के पास देखा था, लेकिन आरोपी उस समय भाग गया। बाद में लगभग 4:30 बजे शिकायतकर्ता को उसकी पत्नी का फोन आया जिसमें बताया गया कि सुधाकर सिंह ने उनके बेटे का अपहरण कर लिया है। पुलिस ने तकनीकी निगरानी और मैन्युअल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करते हुए आरोपी की गतिविधियों पर नजर रखी। लगातार प्रयासों के जरिए टीम ने सुधाकर के रास्ते का पता लगा लिया। उसे आठ घंटे के भीतर लखनऊ रेलवे स्टेशन पर सुहेलदेव एक्सप्रेस ट्रेन के अंदर से सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर बच्चे को बरामद कर लिया गया। लगातार पूछताछ करने पर पता चला कि आरोपी बच्चे का इस्तेमाल उसकी मां पर शादी का दबाव बनाने के लिये करने वाला था। आरोपी अयोध्या जिले का रहने वाला है।

### अंबेडकर द्वारा दिए वोट के अधिकार को छिनना 140 करोड़ लोगों के अधिकार पर कुठाराघात: यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने बुधवार को हस्ताक्षर अभियान के दौरान नारायणा गांव में कहा कि डा0 अम्बेडकर द्वारा दिए वोट के अधिकार को छिनना 140 करोड़ लोगों के अधिकार पर कुठाराघात करना है। उन्होंने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक देश अथवा व्यवस्था में संविधान के अंतर्गत देश की सरकार चुनने के लिए वोट का अधिकार दिया था। लेकिन वोट चोरी करके देश की 140 करोड़ जनता से यह अधिकारी छिना जा रहा है, जिसके खिलाफ कांग्रेस मैदान में है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के हस्ताक्षर अभियान में भारी संख्या में शामिल हो रही दिल्ली की जनता बता रही है कि वोट षड्यंत्र नहीं होने देगी। इस अवसर पर यादव के अलावा पूर्व केन्द्रीय मंत्री कृष्णा तीरथ, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिल्ली प्रभारी सचिव सुखविंदर सिंह डैनी, पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता व अभियान के आयोजक करोल बाग जिला अध्यक्ष मदन खोरवाल सहित अन्य मौजूद थे। यादव ने कहा कि बहुमत खिसकता देख भाजपा सत्ता प्राप्ति के लिए चुनाव आयोग के साथ मिलीभगत करके वोट षड्यंत्र कर रही है। लेकिन नेता विपक्ष राहुल गांधी ने वोट चोरी की साजिश को सार्वजनिक उजागर करके भाजपा का पर्दाफाश कर दिया है। जिसके बाद पूरे देश में वोट चोरी के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चल रहा है। उन्होंने कहा कि दलितों, पिछड़ों, वंचित वर्ग को लगातार दबाया जा रहा है और आरएसएस की सोच पर भाजपा लगातार देश में दलितों पिछड़ो, वंचित वर्ग के लोगों को प्रताड़ति कर रही है। उदाहरण के तौर पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पर कोर्ट में हुई घटना, आईपीएस द्वारा आत्महत्या या रायबरेली में हरिओम वाल्मीकि की मॉब लिंचिंग के बाद हत्या का मामला हो।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हेमंत** पुत्र कंवर पाल सिंह निवासी सी–222–23, बरात घर के पास, चंचल पार्क, बेकर वाला, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 014364 / 18 धारा 411 भा.द.स., थाना मोती नगर, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **हेमंत** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **हेमंत** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 014364 / 18 धारा 411 भा.द.स., थाना मोती नगर, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **हेमंत** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **24.11.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः श्री अंशुल सिंघल,**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–04, (पश्चिम),**
**कमरा संख्या 268,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/13777/WD/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **परमदीप सिंह आनंद, पुत्रः** हरबंस सिंह आनंद **पताः** एल–65, फेज–1, विजय विहार, दिल्ली **FIR No. 117/2019, U/s: 457/380/411/34 IPC, पुलिस थाना केशव पुरम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **परमदीप सिंह आनंद,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **परमदीप सिंह आनंद,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **परमदीप सिंह आनंद, FIR No. 117/2019, U/s: 457/380/411/34 IPC, पुलिस थाना केशव पुरम, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.01.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**दिव्या अरोड़ा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–04**
**उत्तर पश्चिम कोर्ट नंबर 112 पहली मंजिल**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

DP/13894/NW/2025
(Court Matter)

### गिरोहों के बीच आपसी संघर्ष में युवक को चाकू मारा, तीन पकड़े

**एजेंसी, नई नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने मध्य दिल्ली के पटेल नगर में हत्या के प्रयास के एक मामले में तीन किशोरों को पकड़ा है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह हमला कथित तौर पर दो स्थानीय गिरोहों - 'भगत सिंह गैंग' और 'सरकार ग्रुप' के बीच आपसी रंजिश का नतीजा था। पुलिस ने बताया कि यह घटना 10 अक्टूबर को हुई, जब बलजीत नगर इलाके में लड़कों के एक समूह के बीच झगड़ा शुरू हो गया। पुलिस ने कहा कि इस हाथापाई के दौरान एक व्यक्ति पर चाकू से हमला किया गया और उसे बाद में अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के अनुसार डॉक्टरों ने कहा कि वह बयान देने की स्थिति में नहीं है। मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे के फुटेज की जांच की, स्थानीय मुखबिरों को सक्रिय किया और संदिग्धों का पता लगाया। पुलिस ने 11 अक्टूबर को मुख्य आरोपी को प्रेम नगर के पास से पकड़ा। उसकी सूचना के आधार पर अपराध में शामिल दो अन्य किशोरों को बलजीत नगर से पकड़ा गया।

# डीडीए ने की हेरिटेज रोशनआरा क्लब में सीमित सीटों के लिए लाइफ टाइम सदस्यता की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने दीवाली की सौगात देते हुए घोषणा की है कि दिल्ली के सबसे पुराने और सबसे प्रतिष्ठित हेरिटेज क्लबों में से एक रोशनआरा क्लब की लाइफ टाइम सदस्यता देने की शुरुआत की है। डीडीए ने खेल प्रेमियों को सीमित सीटों के लिए ही यह अवसर दिया है। इस बारे में डीडीए ने बताया कि एलजी विनय कुमार सक्सेना के दिशा निर्देश के अनुसार रोशनआरा क्लब की सीमित सीटों हेतू लाइफ टाइम सदस्यता कुछ समय के लिए खोली गई है। यह अवसर 15 अक्टूबर से 14 नवंबर 2025 तक आवेदन केवल ऑनलाइन होगा। योजना के तहत कुल 750 लाइफ सीटों भरी जाएगी जिनमें गैर-सरकारी श्रेणियों में 400 सीटें और सरकारी श्रेणियों में 350 सीटें तय की गई है। डीडीए ने बताया कि अगर आवेदनों की संख्या सीटों की संख्या से अधिक हुई तो कम्प्यूटरीकृत ड्रॉ ऑफ लॉट्स के माध्यम से सदस्यों का चयन किया जाएगा। गैर-सरकारी श्रेणी के सदस्य को फीस के रूप में 12.5 लाख रुपये और जीएसटी अतिरिक्त भरना पड़ेगा। जबकि सरकारी श्रेणी के लोगों को सदस्यता के लिए 4 लाख रुपये प्लस जीएसटी फीस चुकानी होगी। आयु के तहत 15 अक्टूबर 2025 तक 21 वर्ष या उससे अधिक आयु के भारतीय नागरिक अपनी संबंधित श्रेणियों के अंतर्गत आवेदन करने के पात्र होंगे। आवेदन केवल ऑनलाइन पोर्टल द्वारा जमा किए जा सकते है, जिसके साथ 2,500 रुपये जीएसटी सहित नॉन रिफंडेबल आवेदन शुल्क देना होगा, जिसके बाद ड्रॉ ऑफ लॉट्स निकाला जाएगा। डीडीए ने बताया कि उत्तरी दिल्ली के मध्य में 22 एकड़ से भी अधिक हरे-भरे शांत वातावरण में फैला डीडीए रोशनआरा क्लब, प्रतिष्ठा और उत्कृष्टता का प्रतीक है। इसमें 18 स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, 4 मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और 3 गोल्फ कोर्स शामिल है। यह भारतीय क्रिकेट का उद्गम स्थल और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का जन्म स्थान होने के नाते एक अनूठी विरासत समेटे हुए है। एक सदी से भी अधिक पुराने इस क्लब को 29 सितंबर 2023 को डीडीए ने आधिकारिक रूप से अपने अधीन कर लिया और एलजी वी. के. सक्सेना के निरंतर मार्गदर्शन में इसे नया जीवन दिया गया। इस वर्ष जुलाई में, एलजी सक्सेना ने पुनर्निर्मित किए गए हेरिटेज रोशनआरा क्लब का उद्घाटन किया था। सावधानीपूर्वक पुनर्निर्मित रोशनआरा क्लब अब अत्याधुनिक सुविधाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है, जिसमें रिसेप्शन, मुख्य लाउंज, कार्ड और बिलियर्ड्स रूम, किड्स प्ले एरिया, डाइनिंग हॉल, बैंक्वेट, लाइब्रेरी, चेंजिंग रूम सहित स्विमिंग पूल, जिम और फिटनेस सेंटर, स्क्वैश बोर्ड और बैडमिंटन हॉल, साथ ही योग, सोना और स्टीम एरिया जैसी इनडोर सुविधाएं शामिल हैं। आउटडोर सुविधाओं को अपग्रेड किया गया है और इसमें घास, मिट्टी और सिंथेटिक लॉन टेनिस कोर्ट, क्रिकेट मैदान और प्रैक्टिस पिच, मिनी फुटबॉल और बास्केटबॉल ज़ोन, और एक डेडिकेटिड जॉगर्स पार्क शामिल हैं।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | एम.सी. सोनीपत में वार्ड 9 में पार्कों में बोल्लार्ड की आपूर्ति व स्थापना + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 23.10.2025 | रु. 1,13,60,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 xenhortmcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/39495/I/88/7 दि. 15.10.25

**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना
ई–टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई–प्रोक्योरमेंट प्रणाली)

| क्र. सं. | निविदा सूचना संख्या | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा जमा करने व खुलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 32-W-BR-116- 170-MB DATE 13.10.2025 | मुरादाबाद डिवीजन के मुरादाबाद–गाजियाबाद खंड के पुल संख्या 116 UP (1x27.14m+1x12.2m), पुल संख्या 170 UP (3x18.3m) और राजा का सहसपुर–संभल हातिम सराय खंड के पुल संख्या 6 SL (2x18.3m), पुल संख्या 17SL (1x24.60m+3x12.2m) पर साइड पाथवे का प्रावधान का कार्य। | ₹ 3796663.39 | ₹ 75900/- | 08 (आठ) महीने | निविदा जमा करने का समय दिनांक 07.11.2025 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात्। |
| 2 | 32-W-BR-31- OIL - BATH DATE 13.10.2025 | नई दिल्ली – गाजियाबाद खंड पर पुल संख्या 31 (12x45.7 मीटर) (नया यमुना पुल) पर रोलर बेयरिंग के लिए ऑयल बाथ बॉक्स उपलब्ध कराना। | ₹ 14,44,895.90 | ₹ 28900/- | 08 (आठ) महीने | निविदा जमा करने का समय दिनांक 07.11.2025 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात्। |
| 3 | 32-W-SIDEPATHWAY -BR-90 DATE 13.10.2025 | दिल्ली शाहदरा–श्यामली– सहारनपुर सेक्शन पर पुल संख्या 90 (1x18.3 मीटर), पुल संख्या 245 (1x18.3 मीटर), पुल संख्या 307 (1x18.3 मीटर), पुल संख्या 316 (1x18.3 मीटर) पर साइड पाथवे का प्रावधान। मुरादाबाद डिवीजन पर लक्सर–देहरादून सेक्शन पर (5x18.3) मीटर के नंबर 3 डीएन, (2x45.75) मीटर के 21 यूपी पर पुल संख्या 140 (1x45.7 मीटर)। | ₹ 65,25,023.70 | ₹ 130500/- | 08 (आठ) महीने | निविदा जमा करने का समय दिनांक 07.11.2025 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात्। |

**नोट** : उपरोक्त निविदा प्रपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है जहां से विवरण निविदा व्याख्या को देखा व् डाउनलोड किया जा सकता है।
**3174/25**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पॉक्सो केस का आरोपी चढ़ा क्राइम ब्रांच के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अपराध शाखा की नॉदर्न रेंज-2 टीम द्वारा पॉक्सो बलात्कार मामले के घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी नाबालिग पीड़िता को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। मई 2024 में मामला दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार था।

डीसीपी पंकज कुमार के अनुसार अपराध शाखा की टीम द्वारा किए गए निरंतर और अथक प्रयासों से साहिबाबाद, गाजियाबाद निवासी 24 वर्षीय निवास सिंह नामक एक आरोपी को अरेस्ट किया है। वह स्वरूप नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज बलात्कार और पॉक्सो अधिनियम के एक मामले में वांछित था। आरोपी को इस मामले में कभी गिरफ्तार नहीं किया गया था और अदालत द्वारा उसे भगौड़ा अपराधी घोषित कर दिया गया था। पुलिस के अनुसार यह मामला 28 मई 2024 को सामने आया था। शिकायतकर्ता (पीड़ित बच्ची की मां) निवासी स्वरूप नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 27 मई की दोपहर को उसकी 17 वर्षीय सबसे छोटी बेटी लापता हो गई है। अपहरण का मामला दर्ज किया गया। बाद में स्थानीय पुलिस ने 15 दिनों की अवधि के बाद नाबालिग अपहत लड़की को बरामद कर लिया था। बरामद लड़की ने स्थानीय पुलिस को बताया कि आरोपी निवास सिंह ने उसे बहला फुसलाकर अगवा किया और उसका यौन उत्पीड़न भी किया। मामले में भारतीय दंड संहिता और पॉक्सो अधिनियम की संबंधित धाराओं को लागू किया गया। स्थानीय पुलिस ने आरोपी का पता लगाने का प्रयास किया लेकिन आरोपी लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। मामले में 26 अप्रैल 2025 को अदालत द्वारा इसे भगौड़ा अपराधी घोषित किया गया। हाल ही में क्राइम ब्रांच को पता चला कि आरोपी लक्ष्मी नगर में रह रहा है। एक छापेमारी टीम का गठन किया गया और कार्रवाई करते हुए लक्ष्मी नगर से निवास सिंह को धर दबोचा।

नई दिल्ली
गुरुवार, 16 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
दशमी वर्ष : 29, अंक : 183
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 31
न्यून. 18

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



11 इशान ने संभाली पारी, ठोका शतक




# राजनाथ ने दी पूर्व सैनिकों के लिए वित्तीय सहायता में 100% की वृद्धि को मंजूरी

वृद्धि का ये निर्णय केंद्र की पूर्व सैनिकों के कल्याण-सामाजिक सुरक्षा की प्रतिबद्धता का प्रतीक है

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हर माह लाभार्थी को मिलेंगे 8 हजार



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व सैनिकों (ईएसएम) और उनके आश्रितों के लिए वित्तीय सहायता में शत-प्रतिशत की बढ़ोतरी को अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। जिसमें ग्रांट को हर महीने प्रति लाभार्थी 4 हजार रुपए से बढ़ाकर 8 हजार रुपए कर दिया गया है। फैसले से 65 वर्ष से अधिक आयु वाले ऐसे वृद्ध और गैर-पेंशनभोगी पूर्व सैनिकों व उनकी वीर नारियों को आजीवन आर्थिक सुरक्षा, निरंतर सहायता सुनिश्चित हो सकेगी। जिनकी कोई नियमित आय नहीं है। इसके अलावा कक्षा एक से स्नातक तक के दो आश्रित बच्चों या दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम कर रही वीर नारियों के लिए शिक्षा अनुदान को 1 हजार से बढ़ाकर 2 हजार रुपए प्रति व्यक्ति प्रति माह कर दिया गया है। यह शिक्षा के अवसरों को और अधिक सशक्त बनाएगा। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी है।

## पूर्व सैनिकों का कल्याण प्राथमिकता

*मंत्रालय के मुताबिक, विभाग का यह निर्णय सरकार की पूर्व सैनिकों के कल्याण और सामाजिक सुरक्षा को लेकर बनी हुई प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विवाह अनुदान को प्रति लाभार्थी 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपए कर दिया गया है। ये संशोधित अनुदान पूर्व सैनिकों की अधिकतम दो लड़कियों के विवाह और वीर नारियों के पुनर्विवाह पर लागू होगा। जिसमें शर्त ये होगी कि उनके विवाह इस आदेश के जारी होने के बाद संपन्न हुए हों। वहीं, संशोधित दरें 1 नवंबर 2025 से प्राप्त होने वाले आवेदनों पर लागू होंगी। इन बदलावों से सरकार पर करीब 257 करोड़ का वार्षिक वित्तीय भार पड़ेगा। जिसकी पूर्ति सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष (एएफएफडीएफ) से की जाएगी। बताते चलें कि योजनाओं का वित्तपोषण रक्षा मंत्री भूतपूर्व सैनिक कल्याण कोष के माध्यम से किया जाता है। जो एएफएफडीएफ का एक उप-कोष है। जो पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए समर्पित है।*

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और डीआरडीओ अध्यक्ष ने दी संगठन, सेनाओं और उद्योग जगत को बधाई

# डीआरडीओ के स्वदेशी युद्धक पैराशूट सिस्टम का 32 हजार फीट से हुआ सफल परीक्षण

रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान जारी कर दी यह जानकारी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ देश की पश्चिमी सीमा पर जारी विवाद के बीच रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित सैन्य युद्धक पैराशूट सिस्टम (एमसीपीएस) का 32 हजार फीट की ऊंचाई से छलांग लगाने का सफल परीक्षण किया गया है। जिसे भारतीय वायुसेना द्वारा किया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ. समीर.वी.कामत ने इस सफलता के लिए संगठन, सशस्त्र सेनाओं और उद्योग जगत को बधाई दी है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि परीक्षण के दौरान वायुसेना ने इस उत्पाद की क्षमता, भरोसा और उन्नत डिजाइन को स्पष्ट रूप से सबके सामने प्रदर्शित किया है। इसके बाद ही ये सिस्टम एक ऐसा सिस्टम बन गया है। जिसे सशस्त्र सेनाओं द्वारा 25 हजार फीट से अधिक की ऊंचाई पर ऑपरेट किया गया है। ⏩ शेष पेज 10 पर

ऑपरेशन सिंदूर के बाद बढ़ेगी सेना की युद्धक क्षमता...

# हल्की मॉड्यूलर मिसाइलों के साथ असॉल्ट राइफलों के लिए की जाएगी उन्नत नाइट साइट की खरीद

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूद 9 आतंकवादी ठिकानों को तहस-नहस के लिए शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना की युद्धक और सामरिक क्षमता में जल्द ही कई गुना का इजाफा देखने को मिलेगा। बुधवार को बल के लिए दो जरूरी रक्षा हथियारों की खरीद को लेकर मंजूरी मिल गई है। जिसमें एक ओर सेना की एयर डिफेंस कॉर्प्स ने ब्रिटेन की रक्षा विनिर्माण कंपनी एम/एस थेल्स के साथ हल्की मॉड्यूलर मिसाइल (एलएमएम) सिस्टम की खरीद के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जबकि दूसरी ओर रक्षा मंत्रालय ने जवानों के लिए 7.62 x 51 एमएम की असॉल्ट राइफलों के लिए एडवांस नाइट साइट की खरीद के लिए कुल करीब 659.47 करोड़ रुपए के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

**विमानों, हेलीकॉप्टरों, यूएवी पर लगेगा निशाना :** सेना ने बताया कि एलएमएम एक हल्की ⏩ शेष पेज 10 पर

महाभारत में 'कर्ण' बने पंकज धीर का निधन


# एक बार तो कैंसर को हरा डाला था पर फिर से दबे पांव आया और दबोच लिया

◀ अंतिम संस्कार में बेटे निकितिन ने पिता को मुखाग्नि दी

एजेंसी ⏭ मुंबई



एक्टर पंकज धीर (68) का बुधवार को निधन हो गया। उन्होंने बीआर चोपड़ा के लोकप्रिय टीवी शो महाभारत में दानवीर 'कर्ण' का किरदार निभाया था। वे लंबे समय से कैंसर से जूझ रहे थे। पंकज का अंतिम संस्कार शाम 4:30 बजे पवन हंस क्रीमैटोरियम में किया गया। अंतिम संस्कार में बेटे निकितिन ने पिता को मुखाग्नि दी। वहीं, बॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री से जुड़े सलमान खान समेत कई सितारे पंकज के अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचे। पंकज को कैंसर था, वो इससे जंग जीत गए थे। लेकिन बीते कुछ महीनों में उनका कैंसर दोबारा लौटा। बीमारी की वजह से वो एक बड़ी सर्जरी से भी गुजरे थे लेकिन पंकज को बचाया नहीं जा सका। पंकज की मौत की खबर सुन टीवी इंडस्ट्री में मातम पसरा हुआ है। वो अपने पीछे पत्नी अनीता धीर और बेटे निकितन धीर को पीछे छोड़ गए हैं। निकितिन शोबिज में एक्टिव हैं। निकितिन को फैंस फिल्म चेन्नई ⏩ शेष पेज 10 पर




Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Low EMI offers are applicable for select HMSI models as follows: ₹49/- per day for Shine100 DX ; ₹79/- per day for Shine125, SP125 & CB125 Hornet; ₹1999/- per month for Activa. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 31st October 2025. **Instant Cashback up to ₹5000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of ₹40000. **An instant cashback of flat ₹2000 is applicable on a minimum full swipe transaction of ₹40000, and flat ₹3000 Instant cashback on a minimum full swipe transaction of ₹75002. **Instant Cashback up to ₹4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of ₹40000. **The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. **The Instant Cashback offers from HDFC Bank and IDFC Bank are valid until 31st October 2025. ^GST benefit is based on a reduction from 28% to 18% GST on the Ex-showroom price of NX 200. ^The actual savings may vary depending on the selected model and state. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

For dealer details scan the QR Code

For more information give a missed call on 7230032200

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 9555007307; (Shastri Nagar) - 8882719494; (Naraina) - 8512889494; (Tri Nagar) - 9355719494; **SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 9266802219; (Adchini) - 8860259596; (Khanpur) - 011-40446391 (Saheen Bagh Jamia) - 8287201001; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 9871600730; (RK Puram Sector 1) - 9871600734; (Chattarpur) - 8826153434; Pragnya Honda (Okhla) - 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Uday Honda (Adchini) - 9212355514; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Moti Nagar) - 9999903295; (Raja Garden) - 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667540598; (Mayapuri) - 9811025879; Dhingra Honda (Peeragarhi) - 9871200045; (Uttam Nagar) - 9717455885; (Nangloi) - 9871400045; (Kirari) - 9870200152; (Amanpuri) - 9289739970; (Mangolpuri) - 9289151558; ARK Honda (Tilak Nagar) - 9211711826; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 8506999935; (Vikaspuri) - 8506999939; (Kakrola Mod) - 8506999936; (Vikas Nagar) - 7048947881; (Ranhola) - 9212385582; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 7290068240; (Rajapuri) - 9910364903; (Kapashera) - 9599442118; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400; (Dilshad Garden) - 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Karawal Nagar) - 9810839361; (Ill Pusta) - 9560734814; (Johripur, Shiv Vihar Metro Station) - 9311957772; Swarup Honda (Vikas Marg) - 9810806600; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Kondli) - 9717099726; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 9821398522; (Jheel) - 9821398526; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 8826993152; (Rani Bagh) - 8130093649; (Pitampura) - 8130093651; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648; (Jahangirpuri) - 8130093655; (Libaspur) - 8130093656; (Prashant Vihar ) - 8130093654; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9625268154; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9717967717; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 9650445006; Faridabad Honda - 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda (Sohna Road) - 9773548833; Ganpati Honda - 9910894235; Yume Honda - 9818250011; Malwa Gurugram Honda - 9311980996; **BADSHAHPUR:** Big Swing Honda - 9773548844; **CHAKKARPUR:** Big Swing Honda - 9355990083; **KHANDSA ROAD:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 9910894233; Yume Honda - 9650186777; **SEC-52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222; **SEC-82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **FARUKH NAGAR:** JRV Honda - 9211298103; **NUH:** Sri Madhav Honda - 8708512346; **HODAL:** Mukund Honda - 8168971032; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 9999806883; Pioneer One Honda - 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 0120-2480666; Parkash Honda (Bhangel) - 01204796600; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 7042351351; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614; Hindon Honda - 9910110017; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; JKM Leela Honda (Vijaynagar) - 8750324000; SD Honda (Kadrabad) - 7520320611; Shri Vashu Honda (Niwari) - 8445334455; Hindon Honda (Govind Puram) - 9910110017; Hindon Honda (Gadana) - 9927196125; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; BK Honda (Premvihar) - 9311114333; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Pioneer One Honda (Gaur City) - 7838950960; Shanti Honda (Kulesra) - 9582823843; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519; Republic Honda (Kasna) - 8368861995; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 09568519999; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 7078677972; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 9758097121; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 7404533495; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888804; Shri Krishna Honda - 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808; **GOHANA:** Shirin Honda - 9053922215; **SONEPAT:** Triumph Honda - 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK (SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

## खबर संक्षेप

### ठगी करने के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** आईपीओ में निवेश कर मुनाफा कमाने लालच देकर 20,41,000 रुपए की ठगी करने के



मामले में चार आरोपियों को काबू किया है। सेक्टर-43 फरीदाबाद निवासी एक महिला ने शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि उसे ठगों द्वारा एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया। उसके पास एक एप का लिंक भेज कर उससे एप को डाउनलोड करवाया गया उसका अंकाउट खुलवाया। फिर उसे मोटे मुनाफे का लालच देकर आईपीओ में निवेश करने को कहा लालच में आकर उसने ठगों के कहने पर निवेश करना शुरू किया।

### 13 लाख रुपए की ठगी, एक धराया

**फरीदाबाद।** शेयर मार्केट में निवेश करवाने के नाम पर 13,08,485 रुपए की ठगी के मामले में साइबर



थाना बल्लभगढ़ की टीम ने खाता उपलब्ध करवाने वाले को गिरफ्तार किया है। साइबर थाना बल्लभगढ़ में एक व्यक्ति ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि सितम्बर 2024 में उसके पास व्हाट्सएप के माध्यम से मैसेज आया जिसमें शेयर मार्केट में निवेश कर मुनाफा कमाने बारे कहा गया था। उसके पास एक एप का लिंक भेजा गया खाता खोलकर शेयर में निवेश करने को कहा गया था।

### ठगी के मामले में खाताधारक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** ठगी के मामले में खाता उपलब्ध करवाने के आरोपी खाता धारक को साइबर पुलिस ने



काबू किया है। बता दे कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेक्टर-3 फरीदाबाद निवासी ने साइबर थाना बल्लभगढ़ में दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके फोन पर घर पर बैठे पैसे कमाने का व्हाट्सएप मैसेज आया। गूगल मेप पर रिव्यू करके स्क्रीनशॉट शेयर करना जिसके बदले में उसे 50 रु. मिलेंगे। ठगों के झांसे में आकर उसने टास्क करने शुरू कर दिये और विभिन्न टास्क के लिए 10,85,000 रुपए ठगों के पास भेजे।

# कोलंबो के लिए इंडियन सीनियर वीमंस रग्बी सेवन्स टीम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

इंडियन रग्बी फुटबॉल यूनियन ने सीनियर वीमंस रग्बी सेवन्स टीम का ऐलान किया है, जो एशिया रग्बी एमिरेट्स सेवन्स सीरीज 2025 के दूसरे चरण में हिस्सा लेगी। यह टूर्नामेंट 18-19 अक्टूबर को कोलंबो, श्रीलंका में होगा। पहले चरण में 10वें सीड के तौर पर उतरने और टॉप छह टीमों में जगह बनाने के बाद

■ 18-19 अक्टूबर को कोलंबो, श्रीलंका में होगा टूर्नामेंट

भारतीय टीम अब कोलंबो में नए आत्मविश्वास और अनुभव के साथ उतरेगी। एशिया रग्बी एमिरेट्स सेवन्स सीरीज में एशिया की 12 शीर्ष राष्ट्रीय टीमें शामिल होती हैं, जहाँ कई चरणों के बाद कुल अंकों के आधार पर अंतिम रैंकिंग तय की जाती है।

टीम की प्रगति पर बात करते हुए, इंडियन रग्बी फुटबॉल यूनियन के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा, हांगझोउ में प्रदर्शन बेहद उत्साहजनक और प्रेरणादायक रहा। एशिया के सबसे बड़े टूर्नामेंट में पहली बार खेलते हुए छठे स्थान पर रहना हमारी



महिला रग्बी टीम की मेहनत और प्रगति को दर्शाता है। इंडियन वीमंस सेवन्स टीम के मुख्य कोच पॉल डेलपोर्ट ने कहा, पहले चरण से खेल के निष्पादन और निरंतरता, दोनों में हमें कई अहम बातें सीखने को मिलीं।

अब हमारा ध्यान इन्हीं अनुभवों को कोलंबो में बेहतर नतीजों में बदलने पर है। दूसरे चरण से पहले अपने विचार साझा करते हुए, टीम की कप्तान शिखा यादव ने कहा, हांगझोउ में जो उपलब्धि हासिल हुई है, हमें उस पर गर्व है, लेकिन हम जानते हैं कि अभी हम और बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। दूसरे चरण के लिए चुनी गई टीम में हांगझोउ की मुख्य टीम के साथ कुछ अनुभवी खिलाड़ियों की वापसी भी हुई है, जिससे टीम और भी मजबूत हुई है। भारत अब अपने टॉप-6 स्थान को और बेहतर करने के इरादे से मैदान में उतरेगा। घोषित टीम में शिखा यादव कप्तान, दुमुनी मराडी उपकप्तान, अमनदीप कौर, उज्ज्वला घुगे, गुरिया कुमारी, संध्या राय, भूमिका शुक्ला, संध्यारानी टुडू, निर्मल्या राउत, आरती कुमारी, कल्याणी पाटिल, वैष्णवी पाटिल, तरुलता नाइक हैं।

## अधिकारी सीधे किसानों से बनाए संपर्क, बिचौलियों से बनाए दूरी

# मंडलायुक्त ने हरनंदीपुरम योजना में किसानों से भूमि क्रय करने की प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जीडीए अध्यक्ष व मेरठ मंडलायुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद ने बुधवार को विकास कार्यों की समीक्षा की। प्राधिकरण के महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर अधिकारियों के साथ प्राधिकरण के आय के स्रोत के साथ एलीवेटेड रोड के साथ बनने वाली स्लिप रोड के निर्माण पर जानकारी हासिल की। निर्देशित किया कि ट्रैफिक स्टडी कराते हुए कार्य को आगे बढ़ाया जाए।

तुलसी निकेतन योजना के रिडवलेपमेंट कार्य की समीक्षा करते हुए आदेशित किया कि एनबीसीसी के साथ एमओयू करते हुए प्रोजेक्ट की टाइम लाइन निर्धारित की जाए।

प्राधिकरण बोर्ड अध्यक्ष ने हरनंदीपुरम योजना के जमीन क्रय किए जाने की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जो भी अधिकारी योजना देख रहे है,



वह स्थल पर रहते हुए किसानों के संपर्क में रहें, बीच में किसी भी स्थिति में बिचोलियां नहीं आना चाहिए।

जमीन क्रय करने की टाइम लाइन तय की जाए। मंडलायुक्त ने इंदिरापुरम, वसुंधरा में उस स्थल का भी निरीक्षण किया। जिस जगह पर स्लिप रोड का निर्माण किया जाना है। बैठक के दौरान मधुबन बापूधाम योजना के नए ले आउट पर चर्चा के दौरान कहा कि जिन किसानों को भूखंड दिए जाने है, टाइम लाइन तय करते हुए भूखंड दिए जाए।

ये जानने का प्रयास किया कि किसानों को भूखंड दिए जाने के बाद प्राधिकरण पर कितनी जमीन अवशेष होगी। प्राधिकरण सचिव एवं अन्य अधिकारियों ने अवगत कराया कि लगभग 4 हजार करोड़ की संपत्ति विक्रय करने हुए चरणबद्ध तरीके से आवासीय एवं व्यवसायिक भूखंड विकसित करते हुए आवंटित किए जाने की योजना तैयार की गई है। बैठक के दौरान मधुबन बापूधाम में आरओबी निर्माण के कार्य और राजनगर एक्सटेंशन में प्रस्तावित अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के अतिरिक्त सैदपुर हुसैनपुर/ डीलना में औद्योगिक टाउनशिप, बुनकर मार्ट, कन्वेशन सेंटर, उत्सव भवन, पहल पोर्टल, प्रधानमंत्री आवास योजना पीएमवाई की समीक्षा की और आदेशित किया कि तमाम अधूरे कार्य पूरे कराते हुए आवंटियों को कब्जा देने के कार्यक्रम का रिक्वेस्ट लेटर भेजा जाए।

इसके साथ पीएमवाई के भवनों के मेंटिनेंस शुल्क भी तय किया जाए, ताकि भविष्य में दिक्कत न आए। आवंटियों को चाबी दिए जाने के दौरान वस्तु स्थिति से अवगत कराया जाए। बैठक में कोयल एन्कलेव में तैयार हो रहे रामायण थीम पार्क, इंदिरापुरम के वेस्ट टू वंडर पार्क, विजय नगर के संविधान वाटिका पार्क के अतिरिक्त मधुबन बापू धाम में विकसित किए जाने वाले विकसित भारत पार्क के साथ टीओडी जोन और जोनिंग प्लान पर भी चर्चा की।

### प्राधिकरण को लगभग 98.50 करोड़ की आय होगी

# प्राधिकरण द्वारा दीपावली के अवसर पर 129 संपत्तियों की नीलामी संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने दीपावली के शुभ अवसर पर प्रकाशित कराई गई कुल 129 सम्पत्तियों की नीलामी हिन्दी भवन, लोहिया नगरमें की। गाजियाबाद में विभिन्न प्रकार की आवासीय, वाणिज्यिक एवं संस्थागत संपत्तियों की नीलामी की गई। इस अवसर पर इच्छुक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा पारदर्शी प्रक्रिया के अंतर्गत उच्चतम बोल लगाने वालों को संपत्तियाँ आवंटित की गईं।

इस नीलामी में कोयल एन्क्लेव योजना के 02 ग्रुप हाउसिंग भूखंडों की नीलामी से रू0 44.02 करोड़, इन्द्रप्रस्थ योजना पॉकेट बी के 01 औद्योगिक भूखंड से रू0 1.71 करोड़, एवं इन्द्रप्रस्थ योजना पॉकेट एच के 01 व्यवसायिक भूखंड से रुपए 1.36 करोड़, इंदिरापुरम योजना शक्तिखण्ड-2 के 02 आवासीय भूखंडों से रुपए 19.80 करोड़, इंदिरापुरम योजना शक्तिखण्ड-3 के 03 आवासीय भूखंडो से रुपए 11.12 करोड़, इंदिरापुरम विस्तार योजना ब्लॉक-ए के 02 आवासीय भूखंडो से रू. 17.33 करोड़, इंदिरापुरम योजना ज्ञानखण्ड-3 के 02 दुकान भूखंडो से रुपए 1.37 करोड़, कौशाम्बी योजना ब्लाक ए0 के 02 आवासीय भूखंडों से रुपए 1.76 करोड़ की नीलामी उच्चतम बोली के अनुसार सम्पन्न हुई। इस प्रकार कुल 15 सम्पत्तियों के सापेक्ष प्राधिकरण को लगभग कुल रुपए 98.50 करोड़ की संभावित आए होगी।

प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि यह नीलामी पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नियमों के अनुरूप सम्पन्न हुई। नीलामी से प्राप्त राशि का उपयोग आगामी विकास परियोजनाओं, आधारभूत संरचना निर्माण तथा नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु किया जाएगा।

कार्यक्रम के समापन पर प्राधिकरण ने सभी प्रतिभागियों एवं नागरिकों को दिपावली की शुभकामनाएँ दी गई।

# आंगनवाड़ी वर्कर और हेल्पर यूनियन के शिष्टमंडल ने सीएमओ को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

आंगनवाड़ी वर्कर और हेल्पर यूनियन का शिष्टमंडल आज बुधवार को सिविल सर्जन से बी के अस्पताल में जाकर मिला। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर यूनियन की जिला सचिव देवेंद्री शर्मा, उप प्रधान कमलेश और मीनू सीटू के प्रधान निरंतर पाराशर, सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल, सर्व कर्मचारी संघ के प्रधान करतार सिंह जागलान, सचिव युद्ध वीर सिंह खत्री,



एमपीएचडब्ल्यू के प्रधान जितेंद्र मोर भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी पोलियो ड्राप पिलाने की एवज में मिलने वाली राशियों को वितरित करने में सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। एक तरफ इस काम को करने वाली आशा वर्करों को 100 दिए जा रहे हैं। दूसरी तरफ इसी कार्य को करने वाली आंगनवाड़ी वर्करों को 75 रुपए देने के आदेश किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की इस भेदभाव पूर्ण नीति से आंगनबाड़ी वर्करों में भारी नाराजगी व्याप्त है। उन्होंने कहा कि एक ही समय में एक ही प्रकार के काम करने वाले वर्करों को दो जाने वाली राशियों में भिन्नता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद जिले में स्वास्थ्य विभाग के निर्देश अनुसार बच्चों को उनके घरों में जाकर पोलियो ड्रॉप पिलाने के कार्यक्रम को आशा वर्करों के साथ-साथ आंगनवाड़ी वर्कर भी सफल बनाने में जुटी हुई है। आंगनवाड़ी वर्कर और हेल्पर यूनियन इसको सहन नहीं कर सकती है। यूनियन की जिला सचिव देवेंद्री शर्मा ने बताया कि यदि इस पैमाने को बदला नहीं गया तो आने वाले दिनों में आंगनवाड़ी वर्कर पोलियो ड्रॉप पिलाने के कार्य में सहयोग नहीं करेंगी। सीएमओ फरीदाबाद ने शिष्टमंडल को आश्वासन दिया कि उनके ज्ञापन को पंचकूला मुख्यालय में भेज दिया जाएगा।

### अलग-अलग मामलों में 103 किलोग्राम पटाखे बरामद

**फरीदाबाद।** जिला फरीदाबाद में अवैध पटाखे बेचने वालों पर फरीदाबाद पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव व थाना ओल्ड की पुलिस टीम ने अलग-अलग मामले में अवैध पटाखे बेचने वाले 2 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर 103 किलोग्राम पटाखे बरामद किए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 अक्टूबर को क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर अवैध रूप से पटाखे बेचने के मामले में कार्रवाई करते हुए बल्लभगढ़ मार्केट से 76.700 किलोग्राम पटाखे सहित प्रवीण निवासी बल्लभगढ़ को गिरफ्तार किया है।

# छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं हेतु कराए जाएंगे इंतजामः नगर आयुक्त

## दीपावली के साथ-साथ छठ पर्व की तैयारी में जुटा नगर निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बुधवार को सिंचाई विभाग तथा नगर निगम अधिकारियों के साथ छठ घाटों का निरीक्षण किया।

जिसमें मुख्य छठ घाट हिंडन पर चल रहे कार्यों का भी जायजा लिया। इस मौके पर जेसीबी के माध्यम से हिंडन छठ घाट की सफाई का कार्य जोरों पर चलता मिला। निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त द्वारा सिंचाई विभाग के अधिकारी चावल सिंह और अभियंता को छठ पर्व से 2 दिन पूर्व



पानी की उचित व्यवस्था हिंडन घाट पर करने के निर्देश दिए, मौके पर उपस्थित प्रभारी प्रकाश आशा कुमार को प्रकाश व्यवस्था के साथ-साथ आकर्षक लाइटों को लगाने के लिए भी निर्देश दिए गए, निर्माण विभाग नरेंद्र कुमार चौधरी को हिंडन छठ घाट पर रंगाई पुताई का कार्य कराने के साथ मरम्मत करने के लिए भी निर्देशित किया गया तथा घाटों पर बनने वाली छठ प्रतिमा के लिए अलग से स्थान निर्धारित करने के लिए कहा गया, नगर स्वास्थ्य अधिकारी को अभियान के रूप में सफाई व्यवस्था सभी घाटों पर करने के निर्देश दिए गए, श्रद्धालुओं की आवश्यकता को देखते हुए बैठने की व्यवस्था, स्नान की व्यवस्था, चेंजिंग रूम की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था समय रहते करने के निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त गाजियाबाद ने बताया दीपावली पर्व के साथ-साथ छठ पर्व की तैयारी भी निगम जोरों पर कर रहा है।

## शटर तोड़कर चोरी करने के मामलें में दो गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** ठेके का शटर तोड़कर 1,30,000 रुपए चोरी करने के मामलें में क्राईम ब्रांच एवीटीएस की टीम ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सौरव निवासी नई दिल्ली ने थाना सूरजकुण्ड में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि प्रहलादपुर सूरजकुंड फरीदाबाद में उसका शराब का ठेका है, 6 अक्टूबर की रात को किसी नामालूम व्यक्ति ने गल्ले में रखा 1,30,000 रुपए का कैश चुरा लिया। शिकायत पर थाना सूरजकुंड में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए क्राईम ब्रांच एवीटीएस सिकरोना की टीम ने मो. अजहरदीन व मो इमरान निवासी गांव खोरी फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी मो. इमरान का ठेके के पीछे एक खोखा था। दोनों आरोपी बैठकर नशा करते थे व नशापूर्ति के लिए 6 अक्टूबर की रात को उन्होंने ठेके का शटर का लॉक तोड़कर गल्ले में रखे 1,30,000 रुपए नकदी चुरा ली।

# खराब हवा की सेहत ठीक करने में जुटा नगर निगम, लगातार करा रहा पानी का छिड़काव

## हवा साफ करने के लिए नगर निगम ने कवायद शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

शहर की लगातार खराब हवा को साफ करने के लिए, नगर निगम ने कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए नगर निगम महानगर में पानी का छिड़काव करा रहा है। साथ ही श्री इन वन मल्टीप्ल फंक्शन एंटी स्मोकगन का प्रयोग किया जा रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बताया कि अनावश्यक रूप से धुआं न करने, खुले में कचरा ना जलाने, तंदूर का इस्तेमाल न करने तथा वायु गुणवत्ता को



बनाए रखने के लिए अपील की जा रही है। वायु गुणवत्ता सुधार के लिए गाजियाबाद नगर निगम स्वास्थ्य विभाग, जलकल तथा उद्यान विभाग की अहम भूमिका दिखाई दे रही है। जिसमे पांचो जॉन अंतर्गत 45 वॉटर स्प्रिंकलर के माध्यम से पानी का छिड़काव कराया जा रहा है 15 मल्टीफंक्शन एंटी स्मोक गन है, जो की 3 इन 1 है वॉटर स्प्रिंकलर, एंटी स्मोक गण तथा वाटर कैनन के फ़ंगसन है, जिसको विशेष रूप से वायु गुणवत्ता सुधार के लिए ही निगम द्वारा उपलब्ध कराया गया है। सड़कों को धूल मुक्त बनाने के लिए रोड स्वीपिंग मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है मुख्य मार्गो के साथ-साथ आंतरिक गलियों में भी कहीं भी खुले में धुआं अनाक आग लगने से ना हो सफाई मित्रों के माध्यम से कार्य किया जा रहा है।

## कर्मचारियों ने कुमार व लाठर के शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की

# जातिगत भेदभाव व संस्थागत हत्या की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को सख्त सजा मिलेः शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

आईपीएस अधिकारी वाई पूर्ण कुमार के साथ जातीय भेदभाव के खिलाफ व संस्थागत हत्या की निष्पक्ष जांच व माननीय मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई पर जूता उछालने वाले वकील के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा संदीप लाठर एएसआई की मौत की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग को लेकर बुधवार को नगर निगम के सभी विभागों के कर्मचारियों एवं दलित संगठनों के दर्जनों कार्यकर्ता नेताओं ने निगम मुख्यालय पर एक विरोध सभा का आयोजन किया।

सभा की अध्यक्षता नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान दिलीप सिंह बोहत ने की तथा मंच का संचालन नगरपालिका कर्मचारी यूनियन के नेता वीरेंद्र भंडारी ने किया। गौरतलब है कि पूरे प्रदेश में नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा एवं ऑल सफाई कामगार संघर्ष समिति हरियाणा के आह्वान पर ये प्रदर्शन आयोजित किए गए हैं। आज के प्रदर्शन एवं विरोध सभा में मुख्य रूप से नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, जिला सचिव अनिल चिंडालिया, सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान बलबीर सिंह बालगुहेर, एन आई टी नंबर 5 जी ब्लॉक वाल्मीकि मंदिर के प्रधान राजेंद्र चांडाल, वाल्मीकि अखाड़ा आदर्श कॉलोनी के प्रधान राजकुमार वाल्मीकि, संघर्षशील दलित नेता एवं बाटा यूनियन के पूर्व नेता सुखचैन तंवर, सीवरमैन यूनियन के नेता अनूप वाल्मीकि, वाटर सप्लाई यूनियन के नेता देवी चरण शर्मा, ड्राइवर यूनियन के नेता परसराम अधाना, बेलदार यूनियन के नेता शहाबुद्दीन तथा महिला नेता सुरेश देवी व ललिता देवी भी मुख्य रूप से उपस्थित रही। कर्मचारी एवं दलित संगठनों ने संयुक्त रूप से कहा कि हालांकि आज



एडीजीपी वाई पूर्ण कुमार का अंतिम संस्कार हो गया है लेकिन न्याय मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा।

विरोध सभा के बाद नगर निगम मुख्यालय से नीलम चौक तक जोरदार प्रदर्शन भी किया गया। जिला प्रशासन की ओर से बड़खल एसडीएम त्रिलोक चन्द बीके चौक पर ज्ञापन लेने पहुंचे। ज्ञापन देते हुए प्रतिनिधि मंडल ने सरकार से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। विरोध सभा को संबोधित करते हुए नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि आईपीएस अधिकारी केअपने अंतिम नोट सहित रिपोर्टो, जातिगत पूर्वाग्रहो में निहित उत्पीड़न अपमान और भेदभाव के एक पैटर्न की और इशारा करती हैं। ऐसा कृत्य कोई अकेली त्रासदी नहीं है, बल्कि उन संरचनात्मक असमानताओं का प्रतिबिंब है, जो लगभग हर पड़े समुदायों के सदस्यों को यहां तक की लोक सेवा के सर्वोच्च पदों पर होते हुए भी उन्हें खतरे में डालती रहती है। इसी तरह के पूर्वाग्रहो का एक परिणाम हाल ही में तब देखने को मिला जब सर्वोच्च न्यायालय में बैठे भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई पर जूता फेंका गया। सभी सफाई कर्मचारी एवं दलित संगठनों द्वारा वाई पूरण कुमार व संदीप लाठर के शोक संतप्त परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए सत्य और न्याय की जांच में उनके साथ पूरी एकजुट प्रकट करना का ऐलान भी किया। उन्होंने कहा कि हम संयुक्त रूप से मांग करते हैं कि सरकार इस घटनाक्रम पर गंभीरता से संज्ञान लेकर अधिकारी एवं पुलिसकर्मी की मृत्यु के कारणों की न्यायिक जांच करवाई और दोषियों को किसी भी हाल में बक्सा ना जाए। आज के प्रदर्शन को अन्य के अलावा कर्मी नेता श्रीनंद ढकोलिया, रामरतन कर्दम, धर्म सिंह मुल्ला, सुदेश कुमार, देवकीनंदन, प्रेमपाल, नरेश भगवान, बल्लू चिंडालिया आदि ने भाग लिया।

### आरोपी से बरामद हुआ अवैध सामान

# मंडी में सामान बेचने व अवैध वसूली करने पर आठ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

अवैध प्लास्टिक पन्नी, पटाखों रखने, अवैध रूप से जबरदस्ती मंडी में सामान बेचने अवैध वसूली करने के मामले में पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 643 किलो प्लास्टिक पन्नी, 79 पीस चार्जेबल बैट्री, 11 चार्जर, 05 बैट्री चार्जर, 40 पीस आवरन दुमकड़ा व 138 किलो 500 ग्राम अवैध पटाखे बरामद कर केस दर्ज कर लिया।

दरअसल, मानेसर क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि कुछ लोग खांडसा मंडी में जबरन रेहड़ी वालों को सामान बेचने, अवैध पन्नी और पटाखे बेचने व अवैध वसूली कर रहे हैं। जिस पर मानेसर क्राइम ब्रांच खांडसा मंडी पहुंची और आरोपियों को काबू कर लिया। जिनकी पहचान गुरुग्राम के शिवाजी नगर निवासी रितिक जैन (23 वर्ष), इंद्रजीत (44 वर्ष), पवन (38 वर्ष) व सागर (25 वर्ष), बिहार मूल के विकास गुप्ता (22 वर्ष), सुरेश कुमार (25 वर्ष ), रवि चौधरी व राजस्थान के भरतपुर निवासी सोनू उर्फ गब्बर (24) के रूप में हुई। आरोपियों से पुलिस पूछताछ में सामने आया कि वे अवैध सामान खांडसा मंडी में जबरन बेचते है व रेहड़ी वालों से अवैध वसूली करते है।

जो रेहड़ी व दुकानदार इनका सामान नहीं खरीदता व अवैध वसूली नहीं देता उनके साथ मारपीट करते है। आरोपियों से बरामद हुआ अवैध सामान भी ये रेहड़ी व दुकानदार को बेचने वाले थे।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली की हवा हुई और अधिक जहरीली, एक्यूआई 300 पार

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की हवा एक बार फिर ओर अधिक जहरीली हो गई है, जिसके बाद कई जगह वायु प्रदूषण का लेवल (एक्यूआई) बढ़कर 300 के पार पहुंच गया, जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। प्रदूषण में बढ़ोतरी होने से लोगों को दिक्कत महसूस होने लगी है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार बुधवार को दिल्ली के करीब पांच जगहों पर एक्यूआई 300 पार पहुंच गया। इनमें आनंद विहार में सबसे अधिक 345 एक्यूआई दर्ज किया गया। जबकि डीयू नॉर्थ कैंपस में 307 एक्यूआई, सीआरआरआई मथुरा रोड एक्यूआई 307, द्वारका सेक्टर-8 में 314 और वजीरपुर में 325 एक्यूआई दर्ज किया गया। जबकि एक दिन पहले यानी मंगलवार को दिल्ली का अधिकतम एक्यूआई महज 211 था, जो खराब श्रेणी में आता है। लेकिन केवल एक दिन बाद ही यह आंकड़ा 345 तक पहुंच गया।

### बिधूड़ी ने परिजनों को सौंपे अनुग्रह राशि के चैक

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने पिछले दिनों दो हादसों के शिकार हुए दो व्यक्तियों के परिजनों को बुधवार को 10-10 लाख रुपए की अनुग्रह राशि के चैक सौंपे। इनमें एक व्यक्ति की मृत्यु सरिता विहार अंडरपास में डूबने से और दूसरे की मृत्यु कालकाजी में भारी बारिश के बाद अचानक पेड़ गिरने से हुई थी। सरिता विहार के अंडरपास में भरे पानी में 28 जून 2024 को डूबे 60 वर्षीय दिग्विजय सिंह चौधरी की पत्नी विनिता चौधरी को सांसद ने 10 लाख रुपए का चैक भेंट किया। इसी तरह कालकाजी में 14 अगस्त 2025 को एक पेड़ गिरने से 48 वर्ष के सुधीर कुमार का निधन हो गया था। वह उस समय अपनी बेटी के साथ बाइक पर जा रहे थे कि उन पर पेड़ गिर गया और उनकी मृत्यु हो गई। बिधूड़ी ने उनकी पत्नी सुनीता देवी को भी अनुग्रह राशि का एक लाख रुपए का चैक सौंपा।

### ‘दिवाली और उससे एक दिन पहले कुछ घंटों तक ही किया जा सकेगा हरित पटाखों का उपयोग’

# न्यायालय ने दिवाली पर दिल्ली-एनसीआर में शर्तों के साथ हरित पटाखे फोड़ने की दी अनुमति

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिवाली से पहले एक महत्वपूर्ण राहत देते हुए उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में हरित पटाखों की बिक्री और उनके इस्तेमाल की अनुमति दे दी। हालांकि, यह अनुमति कुछ शर्तों के साथ दी गई है, जिनका उद्देश्य परंपराओं का सम्मान करते हुए पर्यावरण और जनस्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के बीच संतुलन बनाए रखना है। न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि हरित पटाखों का उपयोग दिवाली और उससे एक दिन पहले कुछ घंटों तक ही किया जा सकेगा। हालांकि, 18 से 20 अक्टूबर को दिवाली वाले दिन तक हरित पटाखों की बिक्री की अनुमति होगी। उसने यह भी कहा कि छूट केवल ‘प्रायोगिक आधार पर दी गयी है और यह केवल निर्दिष्ट अवधि के लिए होगी।

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने केंद्र और दिल्ली सरकार के संयुक्त अनुरोध और 2024 में दिल्ली सरकार द्वारा पहले लगाए गए पूर्ण प्रतिबंध के मद्देनजर छूट देने का अनुरोध करने वाले हरित पटाखों के विनिर्माताओं की याचिका को स्वीकार कर लिया। अदालत ने कहा कि ‘गंभीर पर्यावरण प्रदूषण के परिणामस्वरूप गंभीर स्वास्थ्य खतरे पैदा होते हैं जो पटाखा उद्योग में लगे व्यक्तियों और उनके कामगारों के लिए उपलब्ध जीने के अधिकार और किसी पेशे को जारी रखने के अधिकार के खिलाफ है।

उसने कहा कि पटाखे फोड़ना उत्सव की भावना की अभिव्यक्ति है और यह भारत के सांस्कृतिक परिवेश में अंतर्निहित धार्मिक तथा अन्य शुभ समारोहों में उत्साह बढ़ाता है। सीजेआई ने 21 पन्नों के आदेश में कहा कि हालांकि, केवल परंपराओं और सांस्कृतिक या धार्मिक मानदंडों के आधार पर अनियंत्रित उपयोग से स्वास्थ्य को दीर्घकालिक या यहां तक कि अल्पकालिक नुकसान पहुंचाने की स्थिति पैदा नहीं हो सकती है। हम यह दोहराए बिना नहीं रह सकते हैं कि इस न्यायालय ने पहले भी कई बार कहा है कि जब पर्यावरण और स्वास्थ्य की बात आती है तो व्यावसायिक विचारों और उत्सव की भावना को पीछे छोड़ देना चाहिए।

अस्थायी उपाय के तौर पर निर्देश देते हुए पीठ ने 2018 के अर्जुन गोपाल बनाम भारत संघ मामले के ऐतिहासिक फैसले का हवाला दिया, जिससे हरित पटाखों की शुरुआत हुई थी। पीठ ने कहा कि नीरी (राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान) की वेबसाइट पर अपलोड किए गए हरित पटाखों की बिक्री 18 अक्टूबर से शुरू होगी और केवल 20 अक्टूबर तक जारी रहने की अनुमति दी जाएगी। उसने कहा कि जिला प्रशासन और पुलिस यह सुनिश्चित करेगी कि पटाखों का उपयोग दो दिन यानी दिवाली के दिन और उससे पहले सुबह छह बजे से सुबह सात बजे और रात आठ बजे से रात 10 बजे के बीच ही सीमित रहेगा।

आदेश में कहा गया है कि हरित पटाखों की बिक्री की अनुमति केवल एनसीआर में निर्दिष्ट स्थानों से ही दी जाएगी, जिनकी पहचान जिला कलेक्टर द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक के परामर्श से की जाएगी।

### दीपावली पर दिल्ली को स्वच्छ, सुरक्षित और जगमग बनाया जाए : रेखा गुप्ता



**नई दिल्ली।** दीपावली के अवसर पर दिल्ली को स्वच्छ, सुरक्षित और जगमग बनाने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सभी संबंधित विभागाध्यक्षों और निकाय अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। दीपावली पर्व लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि यह पर्व उजास, वैभव और खुशियों का पर्व है। दीपावली केवल दीपों का त्योहार नहीं, बल्कि स्वच्छता, अनुशासन और सामूहिक सहयोग का भी प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि इस दीपावली पर दिल्ली जगमगाए, उजास से भरी दिखे और स्वच्छ रहे। सभी विभाग मिलकर यह सुनिश्चित करें कि नागरिकों को सुविधाजनक, सुरक्षित और उल्लासमय वातावरण मिले। मुख्यमंत्री ने दिल्ली की जनता से भी अपील की कि वे स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करें, सफाई बनाए रखें और दीपावली को पर्यावरण-संवेदनशील उत्सव के रूप में मनाएं। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने दिल्ली सरकार के मुख्य सचित राजीव वर्मा को सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश जारी किए हैं और कहा है कि आगामी पर्वों के दौरान सार्वजनिक भागीदारी और सामुदायिक आयोजन बड़े पैमाने पर होंगे। इसलिए सभी विभागों और एजेंसियों के बीच आपसी समन्वय सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रबंधन सुचारु रहे और नागरिकों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। मुख्य सचिव ने कहा है कि विभाग और एजेंसियां नागरिकों, बाजारों और विक्रेताओं को स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग और बिक्री के लिए प्रेरित करें। इससे न केवल स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा बल्कि आत्मनिर्भरता की भावना भी सशक्त होगी।

- दिल्ली में केवल ग्रीन पटाखों की होगी अनुमति
- ऑनलाइन बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा
- बिना क्यूआर कोड वाले पटाखें न खरीदें और न ही बेंचे ट्रेडर्स, सभी ट्रेडर्स से ली जाएगी अंडरटेकिंग
- पटाखों की बिक्री केवल 18 से 20 अक्टूबर तक ही की जा सकेगी
- पटाखे केवल 19 और 20 तारीख को ही जलाए जा सकते हैं। इनके उपयोग का समय सिर्फ दो घंटे रात में (8 से 10 बजे) और एक घंटा सुबह (6 से 7 बजे) किया गया है तय

### जिलाधिकारियों और पुलिस उपायुक्तों द्वारा तय किए जाएंगे ग्रीन पटाखों की बिक्री के स्थान : सिरसा



**नई दिल्ली।** दिल्ली में ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए स्थान जिलाधिकारियों और पुलिस उपायुक्तों द्वारा तय किए जाएंगे। इस बात की जानकारी दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बुधवार का सुप्रीम कोर्ट से आए निर्णय के बाद संबंधित विभागों से बैठक करने के बाद दी। सिरसा ने बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद तुरंत कार्रवाई शुरू की। कोर्ट ने इस साल के लिए ग्रीन पटाखों की बिक्री और उपयोग की अनुमति दी है ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ लोगों की धार्मिक भावनाओं का भी सम्मान बना रहे। सिरसा ने कहा कि आदेश जारी होने के तुरंत बाद लगातार बैठकों के जरिए दिल्ली सरकार, पुलिस, एमसीडी एवं संबंधित एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों को लागू करने की तैयारी की। इसके साथ ही पेट्रोलियम तथा विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) प्रमाणित विक्रेताओं के साथ भी संवाद किया गया जिसने अधिकारियों के समक्ष विक्रेताओं ने अपनी बात रखी और मंत्री सिरसा ने इससे संबंधित निर्देश अधिकारियों को जारी किए।

### सीएम की लोगों से अपील, केवल प्रमाणित ग्रीन पटाखों का ही करें प्रयोग

मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की कि इस दीपावली केवल प्रमाणित ग्रीन पटाखों का ही प्रयोग करें और निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करें, ताकि उत्सव की खुशी के साथ वायु गुणवत्ता भी सुरक्षित रहे। उन्होंने कहा कि सालों बाद दिल्लीवासी दीपावली पर अधिकृत रूप से पटाखे चला पाएंगे, जिससे न केवल जनभावनाओं का सम्मान हुआ है बल्कि पर्यावरण के संरक्षण के प्रति भी जिम्मेदारी का संदेश गया है।

## ‘दिल्ली सरकार ने 12 वित्तपोषित कॉलेजों को जारी किया 108 करोड़ का अनुदान’

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- जारी अनुदान से शिक्षकों के वेतन और कॉलेज के विकास कार्यों को मिलेगी नई गति : सूद

दिल्ली सरकार ने वित्तपोषित 12 कॉलेजों को वित्तीय वर्ष 2025-26 की तीसरी किस्त के रूप में 108 करोड़ की अनुदान राशि जारी करने के आदेश दे दिए हैं। इस बात की जानकारी दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बुधवार को दी है। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार ने इन 12 कॉलेजो को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अब तक तीन किस्तो के द्वारा 325 करोड़ रुपए की अनुदान राशि जारी की है। उन्होंने कहा कि 108 करोड़ की यह वित्त राशि इन कॉलेजों में कार्यरत शिक्षकों और कर्मचारियों के वेतन, कॉलेजों के रख-रखाव तथा आवश्यक पूंजीगत व्यय के लिए दी जा रही है।

वित्तपोषित कॉलेजों में आचार्य नरेंद्र देव कॉलेज, अदिति महाविद्यालय, बी. आर. अम्बेडकर कॉलेज,भास्कराचार्य कॉलेज ऑफ एप्लाइड साइंसेज,भगिनी निवेदिता कॉलेज, दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज, इंदिरा गांधी कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन, केशव महाविद्यालय, महाराजा अग्रसेन कॉलेज, महर्षि वाल्मीकि कॉलेज ऑफ एजुकेशन, शहीद राजगुरु कॉलेज ऑफ एप्लाइड साइंसेज, और शहीद सुखदेव कॉलेज ऑफ बिजनेस शामिल है। सूद ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार लगातार यह प्रयास कर रही है कि दिल्ली के सभी शिक्षण संस्थानों को समय पर पर्याप्त वित्तीय सहायता मिले ताकि न तो शिक्षकों और कर्मचारियों को किसी असुविधा का सामना करना पड़े और न ही छात्रों की शैक्षणिक गतिविधियों में कोई बाधा आए। सरकार दिल्ली के उच्च शिक्षा संस्थानों की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस राशि के देने के बाद कॉलेजों में वित्तीय और अकादमिक स्थिति और मजबूत होगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि दिल्ली की पूर्ववर्ती सरकारें इन कॉलेजों को या तो अनुदान राशि देती ही नहीं थीं या समय पर राशि जारी नहीं करती थी जिससे इन कॉलेजों में पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जाता था।

### बढ़ते प्रदूषण को रोकने में नाकाम भाजपा सरकार : यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने वायु प्रदूषण को लेकर कहा है कि भाजपा सरकार द्वारा ग्रेप-1 को लागू करने की मजबूरी बता रही है यह बहुत बड़ी विफलता है। उन्होंने कहा कि इस मौसम में नमी के साथ खतरनाक प्रदूषण का एक्यूआई 200 के पार पहुंचने से भाजपा की दिल्ली सरकार की प्रदूषण पर नियंत्रण के सभी दावे फेल साबित हो गए है। जबकि आनंद विहार और अन्य व्यस्त क्षेत्रों में एक्यूआई 300 पार दर्ज हुआ है। सर्दियों में दिल्ली के लोगों के स्वास्थ्य के लिए चुनौती बन चुके प्रदूषण को रोकने में भाजपा भी सिर्फ बयानबाजी कर रही है। जबकि हवा प्रदूषित कणों की मात्रा बढ़ने से ग्रेप-1 के प्रतिबंध लगाने को सरकार मजबूर है। नियंत्रण के बाहर वायु प्रदूषण सीधे तौर बुजुर्ग और बच्चों के स्वाथ्य जैसे सांस संबधी, फेफड़ों आदि नुकसान पहुंचा रहा है।

## सफाई कर्मियों ने निगम मुख्यालय पर किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम समस्त यूनियन कोर कमेटी के तत्वावधान में बुधवार को निगम मुख्यालय सिविक सेंटर गेट नंबर-5 पर निगम सफाई कर्मियों ने अपनी आठ प्रमुख मांगों को लेकर विशाल प्रदर्शन और सांकेतिक धरना आयोजित किया। इस प्रदर्शन को निगम की 79 घटक यूनियनों का समर्थन प्राप्त हुआ।

कमेटी पदाधिकारियों ने बताया कि मांगों को लेकर बताया कि उनकी पहली मांग, 1998 मार्च 2006 तक निगम कर्मियों को नियमित किया जाए। दूसरी, करुणामूल्क आधार पर 1 अप्रैल 2010 से मार्च 2020 तक के सभी कर्मियों का नियमितीकरण किया जाए। तीसरी, 1996 से मार्च 1998 लेफ्ट आउट जितने भी कर्मचारी हैं उनका नियमितीकरण किया जाए, गैप ईयर को हटाया जाए क्योंकि भारत सरकार एवं लेबर कानून के तहत जिस वर्ष में कर्मचारी की 240 हाजिरी कंप्लीट होती है उसकी वहीं से नियमितीकरण की व्यवस्था शुरू की जाए।

चौथी, जिन कर्मियों को 2003, 2004 और 2006 से नियमित माना गया है उनके एरियर (एरियर्स) का एकमुश्त भुगतान किया जाए। पांचवी, जो सफाई कर्मचारी वरिष्ठता सूची में है और पक्का होने की फाइल तैयार हो चुकी है ऐसे कर्मियों की मृत्यु पर आश्रित को योग्यता के आधार पर सभी टर्मिनल बेनिफिट्स दिए जाएं और परिवार के सदस्य को नियमित नौकरी प्रदान की जाए। छटवीं, दिल्ली की बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए निगम कर्मियों की भर्ती की जाए। सातवीं, 1187 सफाई कर्मियों को कोर्ट द्वारा सही पाए गए होने पर निगम द्वारा जो लाभांश दिया गया है उस पर कर्मियों को प्रताड़ित किया जा रहा है उसे तत्काल प्रभाव से रोका जाए।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **सौरव सिंह पुत्रः** स्व. कैलाश नाथ सिंह **पताः** मकान नं. 24सी दयानंद ब्लॉक, शकरपुर दिल्ली, ने **FIR No. 1341/2014, U/s 379/411 IPC थानाः मधु विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सौरव सिंह,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सौरव सिंह,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No. 1341/2014, U/s 379/411 IPC थानाः मधु विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सौरव सिंह,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**उद्‌भव कुमार जैन**
**जेएमएफसी–04, कमरा नंबर 13**
**कड़कड़डूमा कोर्ट दिल्ली**

**DP/13957/ED/2025**
**(Court Matter)**

MAX Healthcare | 25 YEARS OF SERVICE AND EXCELLENCE

**सार्वजनिक सूचना**

**मरीज़ों के मेडिकल रिकॉर्ड नष्ट करने हेतु**
**मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, साकेत, नई दिल्ली**
(A unit of Devki Devi Foundation)

मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, साकेत, नई दिल्ली (A unit of Devki Devi Foundation) की ओर से सूचित किया जाता है कि जनवरी, 2017 से दिसंबर, 2020 की अवधि से संबंधित अपने हॉस्पिटल में आईपीडी और ओपीडी प्रक्रियाओं के सहमति फॉर्म / या अपने मरीजों के परीक्षण से संबंधित चिकित्सा रिकॉर्ड नष्ट कर देगा। कोई भी मरीज जो उपरोक्त अवधि से संबंधित अपने मेडिकल रिकॉर्ड की प्रमाणित सत्य प्रतिलिपि प्राप्त करना चाहता है, वह नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित संपर्क व्यक्ति से लिखित रूप में सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे के बीच (सोमवार से शनिवार) अनुरोध कर सकता है। इस तरह के सभी अनुरोध आवेदन इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 3 (तीन) महीने के भीतर नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित संबंधित व्यक्ति तक पहुंच जाने चाहिए। मेडिकल रिकॉर्ड के लिए अनुरोध निर्धारित प्रारूप में रोगी के फोटो पहचान प्रमाण की स्व-सत्यापित प्रति के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए। मरीज़ अपनी ओर से मेडिकल रिकॉर्ड के लिए आवेदन करने और/या उसे प्राप्त करने के लिए किसी अन्य व्यक्ति को भी अधिकृत कर सकता है। इसके लिए उसे एक वैध प्राधिकरण पत्र / पावर ऑफ अटॉर्नी, मरीज़ और अधिकृत व्यक्ति की फोटो पहचान और हस्ताक्षर प्रमाण की स्व-सत्यापित प्रति भी साथ लानी होगी। मृत मरीज़ों के मामले में, मेडिकल रिकॉर्ड में दर्ज अटेंडेंट इसके लिए आवेदन कर सकता है / किसी को आवेदन करने के लिए अधिकृत कर सकता है। कृपया ध्यान दें कि ऐसे रिकॉर्ड उपलब्ध कराने के लिए मानक शुल्क लागू होंगे।

**मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, साकेत (ईस्ट ब्लॉक)**
2, प्रेस इन्क्लेव रोड, साकेत, नई दिल्ली - 110 017,
फोन: +91-11-6611 5050

संपर्क: **श्री चम नारायण**
ईमेल: cham.narain@maxhealthcare.com
7838 797 414 | कार्यालय: 011 - 4063 2700

### समाज कल्याण विभाग मंत्री ने शिक्षा एवं शहरी विकास मंत्री के साथ की बैठक

# स्कूलों के नजदीक से हटाए जाएं कूड़ा घर और डंपिंग यार्ड : रविंद्र इंद्राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्द दिल्ली



दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री और उत्तर-पश्चिमी दिल्ली जिले के प्रभारी रविंद्र इंद्राज ने छात्रों की सुरक्षा और उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए सुझावों को लेकर बुधवार को शिक्षा एवं शहरी विकास मंत्री आशीष सूद के साथ बैठक की।

इस दौरान उन्होंने शिक्षा मंत्री आशीष सूद को पत्र सौंपकर स्कूलों के नजदीक से कूड़ा घर-डंपिंग यार्ड हटाने और स्कूलों के एक किलोमीटर के दायरे में सभी फुटपाथों की मरम्मत तथा अतिक्रमण हटाने के लिए संबंधित विभागों और स्थानीय प्राधिकरणों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने का अनुरोध किया। वहीं शिक्षा एवं शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज द्वारा उनके सामने लाए गए सभी विषयों पर संबंधित विभागों और स्थानीय निकायों को आवश्यक निर्देश देने एवं उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

मंत्री इंद्राज ने कहा कि कई विद्यालय परिसरों के समीप कुछ कचरा संग्रहण स्थल और छोटे डंपिंग यार्ड स्थित हैं। इससे वातावरण दूषित हो रहा है और स्कूली छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव का खतरा है।

उन्होंने कहा कि स्कूलों के आसपास स्वच्छ हवा और स्वच्छ परिवेश सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है, यह छात्रों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ बच्चों में पर्यावरण को लेकर जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करेगा। छात्रों और पर्यावरण के हित में ऐसे कदम समाज के लिए एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करेंगे और आस-पड़ोस के समग्र विकास में योगदान देंगे। वहीं समाज कल्याण मंत्री ने एक अन्य विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि कई स्कूलों के आसपास पैदल मार्गों एवं फुटपाथों की स्थिति अत्यंत खराब हो गई है।

इन टूटे-फूटे, असमान तथा अतिक्रमण वाले फुटपाथों के कारण छात्रों की सुरक्षा को विशेषकर स्कूल खुलने और अवकाश होने के समय गंभीर खतरा उत्पन्न होता है। मंत्री इंद्राज ने शिक्षा मंत्री आशीष सूद से अनुरोध किया कि विद्यालयों के आस-पास सुरक्षित एवं सुगम मार्ग सुनिश्चित किए जाने के लिए संबंधित विभागों और स्थानीय निकायों को आवश्यक निर्देश जारी करें।

### उपराज्यपाल ने दी एमपी एमएलए कोर्ट का दायरा बढ़ाने को मंजूरी

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना द्वारा मंजूरी दिए जाने के बाद अब दिल्ली में एमपी-एमएलए कोर्ट का दायरा बढ़ गया है। इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एलजी को प्रस्ताव भेजकर मंजूरी की सिफारिश की थी, जिसे मंजूर कर लिया गया है। राजनिवास द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री सीएम रेखा गुप्ता द्वारा भेजे गए प्रपोजल को एलजी वीके सक्सेना ने मंजूरी दे दी है। जिसके बाद अब दिल्ली में एमपी-एमएलए कोर्ट का दायरा बढ़ गया है। जिसके तहत अब पूर्व सांसदों और पूर्व विधायकों के मामलों की सुनवाई विशेष अदालतें करेंगी। इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद राउज एवेन्यू कोर्ट कॉम्प्लेक्स में विशेष अदालतों की कार्यक्षमता भी बढ़ेगी। राजनिवास का कहना है कि यह कदम न्यायिक प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए उठाया गया है। पहले से ही बच्चों से संबंधित अपराधों के लिए आठ विशेष अदालतें अधिसूचित हैं।



होम क्लीनिंग या घरेलू काम के दौरान पानी और डिटर्जेंट के संपर्क में ज्यादा रहने से पेरोनाइकिया इंफेक्शन होने का रिस्क रहता है। इसकी क्या वजहें हैं, इसके लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में बता रहे हैं विस्तार से।

# होम क्लीनिंग के दौरान ना बरतें लापरवाही

**प्रिकॉशन**

**शिखर चंद जैन**



दीपावली से पहले हर घर में साफ-सफाई, बरतन, कपड़े आदि धोने के लिए बार-बार पानी का इस्तेमाल करना पड़ता है। इस कारण हाथ या पैर की अंगुलियों में फंगल और बैक्टीरियल इंफेक्शन होने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। इस इंफेक्शन के कारण होने वाला रोग है पेरोनाइकिया। चूंकि होम क्लीनिंग के काम ज्यादातर महिलाएं करती हैं, इसलिए इससे महिलाओं के इंफेक्टेड होने की आशंका अधिक होती है।

**क्या है पेरोनाइकिया:** पेरोनाइकिया या पेरोनिसिया त्वचा का इंफेक्शन है, जो नाखूनों के चारों तरफ होता है। इस इंफेक्शन का कारण बैक्टीरिया या यीस्ट का एक प्रकार (जिसे कैंडिडा कहा जाता है) है। यह इंफेक्शन बैक्टीरिया और यीस्ट के मेल से भी होता है।

**पेरोनाइकिया के प्रकार:** यह मूल रूप से दो प्रकार का होता है।





**एक्यूट पेरोनिसिया:** इस तरह के पेरोनिसिया एकदम से होता है और लंबे समय तक रहता है, खासतौर पर यह अंगुलियों में होता है।

**क्रॉनिक पेरोनिसिया:** क्रॉनिक पेरोनिसिया, अंगुलियों और अंगूठे दोनों में हो सकता है। यह या तो जल्दी ठीक नहीं होता या होकर फिर हो जाता है।

**रोग का कारण:** इस समस्या के कई कारण हो सकते हैं। इस समस्या का एक कारण अपने नाखूनों को काटना या चबाना है लेकिन अधिकतर यह समस्या गीले में यानी पानी के संपर्क में अधिक समय रहने या केमिकल की उपस्थिति में काम करने के कारण होती है। पानी, डिटर्जेंट, साबुन, सोडा, तेल, मसाला और इरिटेंट चीजों के संपर्क में ज्यादा समय तक रहने पर हाथ, पैर की अंगुली के नाखून के पास क्युटिकल का धीरे धीरे क्षरण हो जाता है। कभी-कभी पूरा क्युटिकल समाप्त हो जाता है। क्युटिकल किरेटिन नामक प्रोटीन की एक सीलिंग होती है। यह नेल प्लेट और नेल फोल्ड के अग्रभाग को जोड़ता है। यह नाखून की जड़ों में किसी भी हानिकारक केमिकल, बैक्टीरिया, अवयव आदि को जाने से रोकता है। इसके क्षरण से केमिकल, बैक्टीरिया, फंगस आदि जमा होने लगते हैं। इससे त्वचा लाल होकर सूज जाती है। कई बार वहां मवाद भी भर जाता है। इसे पेरोनाइकिअस एब्सेस कहते हैं। इसके बढ़ जाने पर पायोजेनिक ग्रेनुलोमा होता है। इन कारणों से कभी हल्का तो कभी तेज दर्द होता है।

**डायबिटिक पेशेंट को ज्यादा खतरा:** डायबिटीज रोगियों में यह समस्या सेलुलाइटिस का रूप ले सकती है। यह समस्या स्टेफाइलोकोकस और कोरिनेफॉर्म बैक्टीरिया और कैंडाइडा फंगस के कारण होती है। अंगुली के बीच में पानी लगने के कारण कैंडिडा फंगस के कारण ही अंगुलियों के बीच में लाल सफेद चकत्ते हो जाते हैं। इसमें तेज खुजली भी होती है।

**सावधानी है जरूरी:** इस समस्या से बचने के लिए आप यहां बताई जा रही सावधानियां बरत सकते हैं।

- ज्यादा पानी के संपर्क में ना रहें।
- कपड़ा धोने और बरतन धोने के लिए दस्तानों का प्रयोग करें।
- शुरू में ही नेल क्युटिकल डैमेज को पहचान कर एंटी फंगल और एंटीबायोटिक क्रीम का उपयोग करें।
- नाखून मजबूत करने के लिए बायोटीन पोषक तत्व वाले फूड्स का सेवन करें।

**ट्रीटमेंट:** ऐसे इंफेक्शन के मामलों में डॉक्टर ओफ्लॉक्सासिन, ओरनीडाजॉल, एमॉक्सीक्लेम आदि एंटीबायोटिक दवाएं खाने के लिए देते हैं। ओरल एंटी-फंगल जैसे इंट्राकोनाजॉल, फ्लूकोनाजॉल आदि भी दी जाती है। इसके साथ ही एंटीबायोटिक और एंटी फंगल क्रीम भी दे सकते हैं। कोई भी दवा डॉक्टर की सलाह से ही सेवन करें। *

**(त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. किंशुक सामंत से बातचीत पर आधारित)**

## दीपावली स्पेशल

**अवेयरनेस**

दीपावली का त्योहार खुशियों और रोशनी का प्रतीक है। घरों में मिठाइयों और पटाखों की रौनक हर उम्र के लोगों को उत्साह से भर देती है। लेकिन इस दौरान पटाखों से होने वाले धुएं और ध्वनि प्रदूषण से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। इसलिए दीपावली में सुरक्षा और स्वास्थ्य का ध्यान रखना उतना ही जरूरी है, जितना उत्सव का आनंद लेना। खासतौर पर बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

### स्किन-आइज की सुरक्षा

दीपावली में की जाने वाली आतिशबाजी से स्किन और आइज की सुरक्षा कैसे करें, इस बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-डर्मेटोलॉजी, **डॉ. संदीप अरोड़ा** कहते हैं, 'दीपावली पर फुलझड़ियों, रॉकेट, चकरी और अनार जैसी तमाम आतिशबाजियों से निकलने वाला धुआं, तेज चमक और उच्च ताप बच्चों और बुजुर्गों की आंखों और त्वचा दोनों के लिए हानिकारक हो सकता है। छोटे बच्चों की आंखें नाजुक होती हैं और बुजुर्गों की आंखें उम्र के साथ संवेदनशील हो जाती हैं, इसलिए इस दौरान विशेष सावधानी रखना बेहद जरूरी है। बच्चों को पटाखे जलाते समय सुरक्षात्मक चश्मा पहनने को कहें। जब वे पटाखे जलाएं या आतिशबाजी देख रहे हों तो इसमें लापरवाही ना बरतें, इसके लिए पैरेंट्स उनके साथ रहें। बुजुर्गों को भी धुएं और तेज रोशनी आवाज वाले क्षेत्रों से दूर रहने को कहें। अगर किसी की आंखों में धुआं, धूल या पटाखों की चमक से जलन, खुजली या लालिमा हो जाए तो तुरंत ठंडे पानी से आंखों को धोएं और लगातार समस्या बनी रहने पर डॉक्टर से संपर्क करें। इसके




साथ ही, पटाखों और धुएं से निकलने वाली गर्मी और रसायन बच्चों और बुजुर्गों की त्वचा को प्रभावित कर सकते हैं। खासकर अधजले हुए पटाखों के संपर्क में आने से जलन, लालिमा या सूखापन हो सकता है। इसलिए हाथों और खुले हिस्सों पर हल्का मॉयश्चराइज़र या हैंड क्रीम लगाना जरूरी है। पटाखे जलाने के बाद हाथों और चेहरे को अच्छे से धोना न भूलें। यदि त्वचा में लालिमा, खुजली या जलन बनी रहे तो तुरंत ठंडे पानी से साफ करें और जरूरत पड़ने पर डॉक्टर की सलाह लें। इस तरह सावधानी बरतकर बच्चों और बुजुर्गों की आंखें और स्किन सुरक्षित रहेंगे और दीपावली का उत्सव बिना किसी स्वास्थ्य जोखिम के मनाया जा सकता है।'

### वायु प्रदूषण से करें बचाव

दीपावली पर पटाखों से निकलने वाला धुआं न केवल वातावरण में प्रदूषण बढ़ाता है, बल्कि बच्चों और बुजुर्गों की सांस की सेहत पर भी असर डाल सकता है। इस बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, कानपुर में सीनियर कंसल्टेंट-पल्मोनोलॉजी, **डॉ. संदीप कटियार** कहते हैं, 'छोटे बच्चों की फेफड़ों की क्षमता अभी पूरी तरह विकसित नहीं होती और बुजुर्गों के फेफड़े उम्र के साथ कमजोर हो सकते हैं। इसलिए इन दोनों को विशेष सावधानी बरतना जरूरी है। घर में हमेशा खिड़कियां और दरवाजे बंद रखें ताकि बाहर का धुआं अंदर न आए और घर के अंदर के वायु प्रदूषण को कम किया जा सके। अगर बाहर जाना अनिवार्य हो तो मास्क पहनना बेहद जरूरी है, खासकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए, ताकि हवा में मौजूद हानिकारक कण फेफड़ों में न जाएं। इसके साथ ही, दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए। भोजन हल्का और पचने वाला होना चाहिए, जैसे दलिया, खिचड़ी, सलाद और फल, ताकि शरीर हाइड्रेटेड रहे और पाचन बेहतर हो। इस तरह की सावधानी से दीपावली के उत्सव का आनंद लेने के साथ-साथ सांस और फेफड़ों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकती है।'

बच्चे, युवा हों या बुजुर्ग सभी दीपावली पूरे उत्साह से सेलिब्रेट करते हैं। लेकिन सेलिब्रेशन के साथ अपनी सुरक्षा और हेल्थ केयर के बारे में कॉन्शस रहना जरूरी है। ऐसा न करने से आपको चोट लग सकती है या आपकी हेल्थ बिगड़ सकती है। खासतौर पर बच्चे और बुजुर्गों की हेल्थ को लेकर अधिक अवेयर रहना चाहिए। इस बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर्स आपको दे रहे हैं कुछ यूजफुल सजेशंस।

# दीपावली जरूर करें सेलिब्रेट हेल्थ की भी करें प्रॉपर केयर







### खान-पान और हाइड्रेशन

दीपावली में मिठाइयों और तली-भुनी चीजों का ज्यादा सेवन पाचन और शुगर लेवल को प्रभावित कर सकता है। इसलिए डाइट को लेकर कॉन्शस रहना जरूरी है। इस बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, जयपुर में कंसलटेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. रोहित शर्मा** सलाह देते हैं, 'बच्चों को कम मात्रा में मिठाई दें और तली-भुनी चीजों के बजाय भुने चने, मखाने या ड्राय फ्रूट्स खिलाएं। बुजुर्गों को भी सीमित मात्रा में मीठे और तले भुने व्यंजन खाने चाहिए। उनके लिए हल्का भोजन जैसे दाल, खिचड़ी, सलाद और फल बेहतर विकल्प हैं। उनके लिए दिनभर में 6-8 गिलास पानी पीना और नींद पूरी करना भी जरूरी है।'

### इनका भी रखें ध्यान

दीपावली पर बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देना बेहद जरूरी है। बच्चों को पटाखे जलाते समय सावधान रहने को कहें और हमेशा सुरक्षित दूरी पर रहें, इसके लिए पैरेंट्स एलर्ट रहें। बुजुर्गों को भीड़ और धुएं वाले इलाकों से दूर रहने को कहें। पटाखों और धुएं वाले क्षेत्र में संयम रखना जरूरी है ताकि कोई दुर्घटना या स्वास्थ्य



समस्या न उत्पन्न हो। किसी भी आकस्मिक चोट या जलन से निपटने के लिए घर में हमेशा फर्स्ट-एड किट, ठंडा पानी और बर्फ के पैक रखना चाहिए। अगर किसी को पटाखों या धुएं से जलन, या हल्की चोट लग जाए तो तुरंत गुनगुने पानी से प्रभावित हिस्से को धोएं और जरूरत पड़ने पर डॉक्टर से संपर्क करें। बच्चों को किसी भी स्थिति में डॉक्टर की सलाह के बिना दवा न दें, क्योंकि गलत दवा गंभीर परेशानी पैदा कर सकती है।

दीपावली का असली मजा तभी है, जब रोशनी के साथ सेहत भी बनी रहे। बच्चों और बुजुर्गों की आंखों और फेफड़ों की सुरक्षा, स्किन का ख्याल और संतुलित खान-पान का ध्यान रखना उतना ही जरूरी है, जितना पटाखों और मिठाइयों का आनंद लेना। सावधान रहें-सुरक्षित दीपावली मनाएं। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

### पटाखे जलाते समय रहें सावधान



**पटाखे दीपावली** का अहम हिस्सा हैं और हर उम्र के लोग इनका आनंद उठाते हैं। लेकिन इन्हें जलाते समय कुछ सुरक्षा नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है। बच्चों को कभी भी अकेले पटाखे जलाने न दें और हमेशा जिम्मेदार वयस्क की निगरानी में आतिशबाजी करने को कहें ताकि कोई दुर्घटना या चोट न लगे। फर्स्ट एड किट रेडी रखें। आतिशबाज़ियों को हमेशा खुली जगह और सुरक्षित दूरी पर जलाएं, ताकि आस-पास मौजूद लोग, बच्चे या घर के सामान सुरक्षित रहें। जलते पटाखों को हाथ में सीधे न पकड़ें और उन्हें कभी भी किसी सूखी घास, लकड़ी या ज्वलनशील वस्तु के पास न जलाएं, क्योंकि इससे आग लगने का गंभीर खतरा हो सकता है। बुजुर्गों और छोटे बच्चों को धुएं के सीधे संपर्क से बचाना बहुत जरूरी है, क्योंकि पटाखों का धुआं सांस की तकलीफ, एलर्जी और अस्थमा जैसी समस्याओं को बढ़ा सकता है। इसके अलावा, पटाखे जलाने के बाद जले हुए अवशेषों को तुरंत साफ कर देना चाहिए ताकि कोई गलती से उन पर पैर न रख दे या आग न लग जाए। इन सावधानियों का पालन करने से न केवल दीपावली का उत्सव सुरक्षित और आनंदमय बनता है, बल्कि बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य का भी पूरा ध्यान रखा जा सकता है।

**डॉक्टर्स एडवाइस**



**डॉ. सुदीप जैन**
**डायरेक्टर-स्पाइन सॉल्यूशंस इंडिया, दिल्ली**

स्पेशल: स्पाइन-डे, 16 अक्टूबर

हमारे शरीर का पूरा ढांचा रीढ़ की हड्डी यानी स्पाइन पर टिका होता है। लेकिन हाल के वर्षों में स्पाइन प्रॉब्लम्स के मामले बहुत तेजी से बढ़े हैं। इसकी वजहें, इसके रोगों के प्रकार, इनके लक्षण, उपचार और बचाव के तरीकों के बारे में यहां जानिए विस्तार से।

# स्पाइन हेल्थ के लिए लाइफस्टाइल रखें सही



रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) की समस्याओं के तमाम कारण हो सकते हैं, लेकिन अस्वास्थ्यकर जीवनशैली भी स्पाइन संबंधी समस्या का एक प्रमुख कारण है। दिनों-दिन रीढ़ से संबंधित समस्याएं दुनिया भर में बढ़ती जा रही हैं और भारत भी इसका अपवाद नहीं है। सच तो यह है कि रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) पर हमारे शरीर की बुनियाद खड़ी होती है। स्पाइन के तीन प्रमुख भाग हैं। पहला, सर्वाइकल (गर्दन), दूसरा थोरेसिक (छाती) और लंबर (कमर का निचला भाग)। स्पाइन में स्थित तंत्रिकाएं (नर्व) दिमाग से संपूर्ण शरीर तक संदेश पहुंचाती हैं। बावजूद इसके, आमतौर पर लोग स्पाइन के स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते।

**स्पाइन प्रॉब्लम्स के लक्षण:** कमर में दर्द और जकड़न महसूस करना। अधिकतर मामलों में यह दर्द कमर के निचले हिस्से यानी लंबर में ज्यादा होता है। गर्दन में जकड़न या दर्द। अनेक लोगों में कमर और गर्दन से संबंधित दर्द दिन की बजाय रात में ज्यादा होता है। कुछ लोग दर्द की समस्या कमर से लेकर कूल्हों तक महसूस करते हैं। अनेक लोगों में व्यायाम करने के बाद या फिर चलने-फिरने की स्थिति में कमर व गर्दन दर्द की समस्या बढ़ जाती है।

**समस्याओं के कारण:** अस्वास्थ्यकर जीवनशैली, जिसके अंतर्गत व्यायाम न करना, मोटापा और गलत खान-पान आदि कई कारण शुमार हैं। इन दिनों स्पाइन संबंधी समस्याओं का एक प्रमुख कारण है गलत पोस्चर्स में बैठना, लेटना। आमतौर पर लोग लैपटॉप या कंप्यूटर पर कार्य करते समय या टेलीविजन देखते वक्त रीढ़ की हड्डी को नेचुरल कर्व में नहीं रखते। एक उम्र के बाद हड्डियों में क्षरण प्रक्रिया शुरू हो जाती है, जिसके परिणामस्वरूप व्यक्ति का चलना-फिरना और उसकी सक्रियता कम होने लगती है। दिनों-दिन बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं और आनुवंशिक कारण भी हो सकते हैं।

**साइटिका या सियाटिका:** रीढ़ की हड्डी की यह समस्या शरीर की सबसे लंबी नस (नर्व), साइटिक से संबंधित है। साइटिका से संबंधित दर्द कमर के निचले हिस्से से शुरू होकर पैरों तक उतर जाता है। यह दर्द आमतौर पर मरीज के शरीर के एक तरफ वाले भाग जैसे बाएं भाग या दाहिने भाग को प्रभावित करता है। बेशक साइटिका का दर्द दूर हो सकता है। इसे दवाओं के अलावा बर्फ से सिंकाई करने, गर्म सेंक, स्ट्रेचिंग और फिजियोथेरेपी आदि से दूर किया जा सकता है। जब इन सब से मरीज को राहत नहीं मिलती तब सर्जरी का सहारा लिया जाता है।

**स्पाइनल कॉर्ड इंजरी:** जब किसी चोट, आघात या दुर्घटना के कारण 'स्पाइनल कैनाल' में स्थित नसों और कोशिकाओं को नुकसान पहुंचता है तो इसे स्पाइनल कॉर्ड इंजरी कहा जाता है।

**स्पाइनल अर्थराइटिस:** इस प्रकार के स्पाइनल ऑस्टियोअर्थराइटिस में कार्टिलेज को नुकसान पहुंचता है, जिसके कारण प्रभावित वर्टिब्रा, स्पाइन की अन्य वर्टिब्रा के संपर्क में आती है। नतीजतन, पीड़ित व्यक्ति को दर्द महसूस होता है।

**हर्निएटेड डिस्क:** प्रत्येक वर्टिब्रा के बीच डिस्क होती है, जिसके कारण एक वर्टिब्रा दूसरी से आपस में टकराती नहीं है। बावजूद इसके, कुछ कारणो से डिस्क पर प्रभाव पड़ता है और बहुत ज्यादा दबाव पड़ने पर डिस्क क्षतिग्रस्त हो सकती है। इसके कारण रीढ़ की हड्डी में दर्द उत्पन्न होता है।

**स्पाइनल स्टेनोसिस:** जब रीढ़ की हड्डी में मौजूद नसों की जगह सिकुड़ जाती है, तब इस स्थिति में नसों पर दबाव पड़ता है। इसके परिणामस्वरूप मरीज को दर्द, सुन्नता, झुनझुनी, हाथ व पैरों में कमजोरी आदि का एहसास होता है।

**स्कोलियोसिस:** इस समस्या में रीढ़ की हड्डी की बनावट में बदलाव आ जाता है। आमतौर पर बच्चों पर इसका प्रभाव ज्यादा पड़ता है।

**एंकिलोसिंग स्पॉन्डिलाइटिस:** इस समस्या में कमर के निचले भाग और कूल्हों की तरफ दर्द महसूस होता है। इसके अलावा यह दर्द शरीर के अन्य भागों में भी फैल सकता है।

इन समस्याओं से बचने के लिए यहां बताई जा रही बातें मददगार हो सकती हैं।

**संतुलित-पौष्टिक खाना:** हरी पत्तेदार सब्जियों को अपने आहार में वरीयता दें। पत्तेदार सब्जियों में विटामिंस और मैग्नीशियम पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं, जिनसे आपकी रीढ़ की हड्डी के समीप स्थित मांसपेशियां मजबूत होती हैं और रीढ़ की हड्डियां सशक्त बनी रहती हैं। जंक फूड्स और अत्यधिक चिकनाई युक्त खाद्य पदार्थ रीढ़ की सेहत के लिए नुकसानदेह हैं।

**डेयरी उत्पादों का सेवन:** अपने खान-पान में दूध, दही, पनीर, बटर, छाछ आदि को शामिल करें। दूध और इससे निर्मित उत्पादों में कैल्शियम पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है, जो रीढ़ को मजबूत रखने में सहायक हैं। इसके अलावा खट्टे फल, बींस, नट्स और ड्राई फ्रूट्स का सेवन करें।

**फिश ऑयल:** फिश ऑयल ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर होता है, जो आपकी रीढ़ और इससे संबंधित नाड़ियों (नर्व) को शक्ति प्रदान करता है और इसके साथ ही यह विटामिन-डी का भी अच्छा स्रोत है।

**जरूरी है योग-व्यायाम:** विभिन्न प्रकार के व्यायामों से स्पाइन में लचीलापन बना रहता और इनके समीप स्थित मांसपेशियां मजबूत रहती हैं। अपनी उम्र और शारीरिक क्षमता के अनुसार व्यायाम करें। इस क्रम में फिटनेस एक्सपर्ट से परामर्श लें। अपनी क्षमता के अनुसार नियमित रूप से टहलें, साइकिल चलाएं, स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करें और तैराकी भी कर सकते हैं। योगासन भी रीढ़ की हड्डी को लचीला और सशक्त बनाने में मदद करते हैं, किंतु इनकी शुरूआत किसी योग विशेषज्ञ के परामर्श से ही करें।

ऐसी समस्याओं से बचने के लिए कुछ और बातों पर गौर करें।

- ज्यादा समय तक सीधा खड़े रहने का प्रयास करें।
- अगर आपकी डेस्क जॉब है तो थोड़ी देर के बाद उठकर आस-पास टहल लें।
- बैठने के दौरान पीठ को सहारा दीजिए और पीठ के पीछे गद्दी रखें।
- देर तक सोफे पर या किसी अन्य फर्नीचर पर झुककर बैठने से बचें।
- खड़े होते समय कंधे झुके हुए न रहें, इन्हें सीधा रखें। गर्दन सीधी हो और सिर सीधा सामने की ओर रहे। ऐसी स्थिति में रीढ़ की हड्डी पर खिंचाव और दबाव नहीं पड़ता है। *

**प्रस्तुति: विवेक शुक्ला**



अगले साल 1 जनवरी 2026 से शुरू होगा परिषद में भारत का तीन वर्षीय कार्यकाल

# सातवीं बार संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद का सदस्य बना भारत

## यूएनएचआरसी ने एक्स पोस्ट में चुनाव परिणामों की घोषणा के साथ दी यह जानकारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

तेजी से बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच भारत सातवीं बार संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद



(यूएनएचआरसी) के सदस्य के रूप में चुना गया है। जिसमें उसका कार्यकाल वर्ष 2026 से 2028 तक रहेगा। बीते मंगलवार को अपनी एक एक्स पोस्ट में चुनाव परिणामों की घोषणा करते हुए परिषद ने यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि भारत का यूएनएचआरसी में यह तीन साल का कार्यकाल अगले वर्ष 1 जनवरी 2026 से शुरू होगा। पूर्व में भारत ने परिषद में बीते वर्ष 2024 में अपनी भूमिका का निर्वाह किया है। यूएन में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने एक्स पोस्ट में मानवाधिकार परिषद में भारत के सातवें कार्यकाल के लिए चुने जाने के लिए सभी प्रतिनिधिमंडलों का उनके समर्थन को लेकर आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रताओं के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हम अपने कार्यकाल के दौरान इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए तत्पर हैं।

### भारत के अलावा परिषद में होगा पाकिस्तान

भारत के साथ ही संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में पाकिस्तान, इराक, इटली, मॉरीशस, मिस्र, चिली, अंगोला, इक्वाडोर, एस्टोनिया, स्लोवेनिया, दक्षिण-अफ्रीका, ब्रिटेन और वियतनाम जैसे देशों को भी चुना गया है और उनकी सदस्यता की शुरुआत भी 1 जनवरी 2026 से होगी।

### 2006 से है भारत के पास सदस्यता

भारत केवल तीन मौकों को छोड़कर वर्ष-2006 से यूएनएचआरसी के गठन के बाद से लगातार इसका सदस्य रहा है। वर्ष 2011, 2018 और 2025 ऐसे तीन साल रहे हैं। जब देश के पास परिषद की सदस्यता नहीं रही और उसके पीछे का एक बड़ा कारण यह रहा है कि यूएनएचआरसी के नियम लगातार तीसरे कार्यकाल पर रोक लगाते हैं। जिसके चलते भारत को बीच-बीच में एक-एक वर्ष का ये अंतर लेना पड़ा। यहां एक ध्यान देने वाली बात ये भी है कि परिषद में देश की तरफ से मौजूदा साल के चुनाव में जाने से पहले भी ऐसा ही अंतर लिया गया है। परिषद में 2006 में अपने पहले कार्यकाल के दौरान भारत ने सर्वाधिक 190 में से 173 सीटें जीती थीं। पूर्व में भारत के छह कार्यकाल वर्ष 2006-07, 2008-2010, 2012-14, 2015-17, 2019-2021 और 2022-24 के बीच रहे हैं।

### यूं काम करती 47 सदस्यीय परिषद

परिषद कुल 47 सदस्य देशों से मिलकर बनी है। जिसका चुनाव यूएन महासभा द्वारा कुल तीन साल के लिए किया जाता है और यह पूरी प्रक्रिया समान भौगोलिक विभाजन नियमों पर आधारित होती है। सीटों का आवंटन पांच क्षेत्रीय समूहों में किया जाता है। 13 सीटें अफ्रीकी देशों की हैं। जबकि एशिया-प्रशांत क्षेत्र की 13 सीटें, पूर्वी यूरोप की 6, लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई देशों की 8, पश्चिमी यूरोप और अन्य राज्यों की 7 सीटें शामिल हैं।

भारत में विभिन्न दलों के नेताओं के साथ करेंगी मुलाकात, साझा हितों से जुड़े

# आज से भारत के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगी श्रीलंका की प्रधानमंत्री डॉ. अमरसूर्या

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी टैरिफ संकट और वैश्विक संघर्षों के मध्य श्रीलंका की प्रधानमंत्री डॉ.हरिनी अमरसूर्या गुरुवार से भारत की तीन दिवसीय (16 से 18



अक्टूबर तक) आधिकारिक यात्रा पर रहेंगी। पिछले साल के अंतिम पखवाड़े के दौरान भारत के निकट पड़ोसी द्वीपीय देश की प्रधानमंत्री के रूप में अपना कार्यभार संभालने के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि अपनी इस यात्रा के दौरान डॉ.अमरसूर्या स्वदेश में कई नेताओं के साथ मुलाकात करेंगी। जिसमें भारत और श्रीलंका के साझा हितों से जुड़े हुए द्विपक्षीय मुद्दों पर गंभीरता के साथ विचार-विमर्श किया जाएगा। यहां बता दें कि प्रधानमंत्री अमरसूर्या का यह नई दिल्ली का दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस साल मार्च महीने में की गई श्रीलंका यात्रा के ठीक छह महीने के बाद हो रहा है। जिसका संबंध दोनों देशों के बीच जारी नियमित उच्च-स्तरीय आदान प्रदान से जुड़ा हुआ है। इसके अलावा इससे दोनों के आपसी संबंधों को और अधिक गहराई प्रदान करने में भी अच्छी-खासी मदद मिलेगी। पीएम अमरसूर्या एक व्यापारिक कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगी। नई दिल्ली में उनका एक निजी मीडिया कंपनी के कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होने का भी कार्यक्रम रहेगा।

### दोनों देशों की मित्रता को मिलेगी मजबूती

मंत्रालय ने बताया कि श्रीलंका की प्रधानमंत्री की यह यात्रा दोनों देशों के बीच मित्रता को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी। साथ ही इससे भारत की पड़ोस सबसे पहले नीति, महासागर विजन में भी इससे और अधिक प्रगाढ़ता आएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष मार्च महीने में मॉरीशस यात्रा के दौरान महासागर विजन की घोषणा की थी। साथ ही क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और सुरक्षा के लिए उन्होंने सागर विजन की घोषणा करते हुए वैश्विक दक्षिण के देशों की गतिविधियों में भी मदद प्रदान के बारे में अवगत कराया।

### हिंदू कॉलेज से है पुराना नाता

प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या जो कि श्रीलंका की शिक्षा मंत्री भी रह चुकी हैं। अपनी भारत यात्रा के दौरान वह देश के प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थान, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली और नीति आयोग भी जाएंगी। जिसका उद्देश्य शिक्षा और तकनीक के क्षेत्रों में सहयोग को और अधिक मजबूती प्रदान करना है। वहीं, दूसरी ओर श्रीलंका की प्रधानमंत्री का भारत से गहरा नाता रहा है। वो दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज की पूर्व छात्र भी रही हैं। अपनी इस यात्रा में वह दोनों देशों के बीच वाणिज्यिक संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के लिए एक वाणिज्य कार्यक्रम में भी भाग लेंगी।

## खबर संक्षेप

### जुबिन गर्ग के मामले में पुलिस-लोगों में भिड़ंत

**गुवाहाटी।** असम पुलिस को बुधवार को उस समय लाठीचार्ज



करना पड़ा, जब मशहूर गायक जुबीन गर्ग की मौत के मामले में गिरफ्तार किए गए पांच आरोपियों को जेल ले जाते समय भीड़ ने उन पर पथराव कर दिया। यह घटना बाक्सा केंद्रीय जेल के बाहर हुई। हमले में कुछ लोग घायल हुए, जिनमें एक महिला पुलिसकर्मी भी शामिल है। पथराव से कई वाहनों के शीशे टूट गए। इसके बाद पुलिस को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हवा में गोलियां चलानी पड़ीं और लाठीचार्ज भी करना पड़ा।

### सोनम वांगचुक की पत्नी याचिका में करेंगी संशोधन

**नई दिल्ली।** सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने अपनी



याचिका में संशोधन करने का फैसला किया है। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई के लिए अब 29 अक्टूबर की तारीख तय की है। याचिका में गीतांजलि ने सोनम वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत में रखने के केंद्र सरकार के फैसले को चुनौती दी है। जोधपुर जेल के जेलर ने जो हलफनामा दायर किया है, उसमें बताया गया कि वांगचुक के बड़े भाई और वकील ने उनसे मुलाकात की।

### केन्या के पूर्व पीएम रैला ओडिंगा का निधन

**नई दिल्ली।** केन्या के पूर्व पीएम रैला ओडिंगा का बुधवार सुबह केरल के



कूथट्टुकुलम में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वे 80 वर्ष के थे और पिछले कुछ दिनों से आयुर्वेदिक उपचार के लिए भारत आए हुए थे। पीएम नरेंद्र मोदी ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भारत के प्रिय मित्र और एक महान नेता बताया। ओडिंगा सुबह अपनी नियमित सैर पर निकले थे, जब लगभग 6:30 बजे उन्हें दिल का दौरा पड़ा। पार्थिव शरीर कूथट्टुकुलम के देवा माता अस्पताल में रखा गया है।

### पाकिस्तान हमले में 12 अफगानियों की मौत

**काबुल।** पाकिस्तान सुरक्षा बलों और अफगान तालिबान के बीच मंगलवार रात को फिर झड़पें हुईं।



खैबर पख्तूनख्वा के कुर्रम जिले में सीमा पर दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया है। तालिबान प्रवक्ता मावलवी जबीहुल्लाह मुजाहिद ने बताया कि सुबह पाकिस्तानी सेना ने कंधार के स्पिन बोल्डक इलाके में हमला किया। इस हमले में 12 आम लोग मारे गए और 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। इस लड़ाई में दोनों पक्षों ने एक दूसरे के पोस्ट पर कब्जा करने और टैंकों के नुकसान की भी खबर है।

साइबर खतरों के प्रति सजग होगी नौसेना

# समुद्री क्षेत्र में चुनौतियों से निपटने होगा आज मंथन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सैन्य बल साइबर खतरों से निपटने और उनके प्रति सजग रहने को लेकर विशेष सतर्कता बरत रहे हैं। इसी क्रम में भारतीय नौसेना एक महत्त्वपूर्ण संगोष्ठी आयोजित करने जा रही है। इस संगोष्ठी का उद्देश्य समुद्री क्षेत्र में बढ़ते साइबर खतरों की गहन समझ विकसित करना है। इसके साथ ही विभिन्न हितधारकों के बीच सहयोग को सुदृढ़ कर राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा ढांचे को और अधिक मजबूत बनाना भी इस पहल का उद्देश्य है।

यह विशेष कार्यक्रम 16 अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित सुषमा स्वराज भवन में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री जितिन प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे तथा उद्घाटन सत्र में मुख्य संबोधन देंगे। नौसेना का कहना है कि यह संगोष्ठी पीएम नरेंद्र मोदी के 'महासागर' के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### विशेषज्ञ पैनल चर्चाओं का करेंगे संचालन

*साइबर सुरक्षा में आत्मनिर्भरता लाने का यह प्रयास स्वदेशी, सुरक्षित-डिजाइन डिजिटल प्रणालियों और मजबूत सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से किया जा रहा है। संगोष्ठी में विभिन्न मंत्रालयों एवं संगठनों के विशेषज्ञ पैनल चर्चाओं का संचालन करेंगे। यहां प्रमुख रूप से पोत, नौवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय, गेल हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय, भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल शामिल हैं। इनके अलावा राष्ट्रीय महत्वपूर्ण सूचना अवसंरचना सुरक्षा केंद्र, राष्ट्रीय समुद्री फाउंडेशन, और निजी क्षेत्र के अग्रणी विशेषज्ञ भी यहां अपने विचार साझा करेंगे। पैनल में साइबर खतरे और साइबर सुरक्षा से जुड़े कई विषय चर्चा की जाएंगी।*

### तकनीकी प्रदर्शनी भी होगी आयोजित

इसमें साइबर सुरक्षा को पोर्ट-आधारित विकास, स्मार्ट लॉजिस्टिक्स, ऑफशोर ऊर्जा सुरक्षा, और महत्वपूर्ण नौसैनिक अभियानों के एक प्रमुख सक्षम तत्व के रूप में परिभाषित किया गया है। यहां संगोष्ठी के साथ-साथ डेटा सिक्योरिटी काउंसिल ऑफ इंडिया के सहयोग से एक तकनीकी प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी।

गौतम अडाणी बोले श्रद्धालुओं के लिए रोपवे बनाना गर्व की बात

# केदारनाथ की कठिन चढ़ाई होगी आसान, केवल 36 मिनट में रोपवे से पहुंच सकेंगे बाबा के धाम

केदारनाथ रोपवे की कुल लंबाई 12.90 किलोमीटर की होगी जो सोनप्रयाग से केदारनाथ को जोड़ेगा। इसके साथ ही इस कठिन यात्रा का समय 8-9 घंटे से घटकर सिर्फ 36 मिनट रह जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने बुधवार को सोनप्रयाग को केदारनाथ से जोड़ने वाली रोपवे परियोजना का वीडियो शेयर करते हुए कहा कि केदारनाथ धाम की कठिन चढ़ाई अब



आसान होने जा रही है। गौतम अडाणी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि केदारनाथ धाम की कठिन चढ़ाई अब आसान होगी। अडाणी समूह श्रद्धालुओं की यात्रा को सरल और सुरक्षित बनाने के लिए यह रोपवे बना रहा है। इस पुण्य कार्य का हिस्सा बनना हमारे लिए गर्व की बात है। महादेव सब पर अपनी कृपा बनाए रखें। जय बाबा केदारनाथ! इसके साथ ही गौतम अडाणी ने एक वीडियो भी साझा किया जिसमें इस रोपवे से जुड़ी बातें बताई गई हैं। दो मिनट के इस वीडियो में बताया गया है कि रोपवे की कुल लंबाई 12.90 किलोमीटर की होगी जो सोनप्रयाग से केदारनाथ को जोड़ेगा। इसके साथ ही इस कठिन यात्रा का समय 8-9 घंटे से घटकर सिर्फ 36 मिनट रह जाएगा।

**खास बातें**

- रोपवे की कुल लंबाई 12.90 किमी
- रोपवे सोनप्रयाग को केदारनाथ से जोड़ेगा
- 8-9 घंटे का सफर घटकर 36 मिनट होगा
- हर घंटे 1800 यात्री कर सकेंगे यात्रा
- रोपवे की ट्रॉली में 35 लोग बैठ सकेंगे



**यह रोपवे राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम 'पर्वतमाला परियोजना' का हिस्सा**

### 6 साल में तैयार हो जाएगा रोपवे

यह रोपवे राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम 'पर्वतमाला परियोजना' का हिस्सा है। इस प्रतिष्ठित रोपवे योजना को आधिकारिक तौर पर सितंबर के महीने में अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) को राष्ट्रीय राजमार्ग लॉजिस्टिक प्रबंधन लिमिटेड ने दिया था। पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप पर आधारित यह परियोजना छह साल में पूरी होगी। रोवपे शुरू होने के बाद अडाणी ग्रुप अगले 29 साल के लिए इसका परिचालन करेगा।

### दुनिया का सबसे सुरक्षित रोपवे

रोपवे से हर घंटे 1800 यात्री दोनों दिशा में यात्रा कर सकेंगे। इस रोपवे की ट्रॉली में 35 लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। यह भारत का पहला थ्रीएस (ट्राइकेबल) रोपवे बनेगा। ये दुनिया की सबसे सुरक्षित और अत्याधुनिक तकनीक पर आधारित होगा। इस वीडियो में बताया गया है कि यह रोपवे समय बचाएगा और सुरक्षित और सुगम यात्रा की सुविधा देगा। इसमें बुजुर्ग और बच्चे आसानी से यात्रा कर सकेंगे और इससे पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

### राष्ट्र की सेवा के साथ लोगों का उत्थान भी

अडाणी ने कहा कि इस पवित्र यात्रा को सुरक्षित, तेज और अधिक सुगम बनाकर, हम लाखों लोगों की आस्था का सम्मान करते हैं। साथ ही, एनएचएलएमएल और उत्तराखंड सरकार के साथ अपनी साझेदारी के जरिए हम उत्तराखंड के लोगों के लिए नए अवसर भी पैदा कर रहे हैं। यह प्रतिष्ठित परियोजना एक ऐसे बुनियादी ढांचे के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है जो न केवल राष्ट्र की सेवा करता है।

## भारत-इंडोनेशिया के बीच 'समुद्र शक्ति' युद्धाभ्यास



**नई दिल्ली।** भारत और इंडोनेशिया की नौसेनाएं एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास 'शक्ति 2025' को अंजाम दे रही हैं। यह नौसैनिक युद्धाभ्यास भारत में हो रहा है। विशाखापत्तनम में आयोजित इस अभ्यास में दोनों देशों की नौसेनाएं सामरिक समन्वय बढ़ाने हेतु कई जटिल समुद्री अभियानों का अभ्यास करेंगी। इनमें हेलीकॉप्टर ऑपरेशंस, वायु रक्षा अभ्यास, हथियार फायरिंग ड्रिल्स तथा विजिट, बोर्ड, सर्च एंड सीजर जैसे सैन्य अभ्यास शामिल हैं। भारतीय व इंडोनेशियाई नौसेना का यह 14 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ है जो 17 अक्टूबर तक विशाखापत्तनम में चलेगा। बता दें, भारतीय नौसेना इस संयुक्त द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास 'समुद्र शक्ति 2025' के पांचवें संस्करण की मेजबानी कर रही है।

नक्सलवाद के खिलाफ मोदी सरकार के संकल्प की बड़ी जीत

# प्रभावित जिलों में छत्तीसगढ़ का नारायणपुर, सुकमा और बीजापुर ही बचा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश में नक्सलवाद का दायरा सिमटकर केवल 11 जिलों तक रह गया है और सबसे अधिक प्रभावित जिले भी सिर्फ 3 तक सिमट गए हैं। मोदी सरकार का संकल्प "नक्सल मुक्त भारत" हकीकत बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत में नक्सलवाद की जड़ों को समाप्त करने के लिए गृह मंत्री अमित शाह ने पहले अगले वर्ष 31 मार्च तक की मियाद तय कर दी है। गृह मंत्रालय के अनुसार, देश में नक्सलवाद से सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या 6 से कम होकर 3 रह गई है। इनमें सिर्फ छत्तीसगढ़ का बीजापुर, सुकमा और नारायणपुर बचे हैं। वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों की कुल संख्या 18 से घटकर 11 पर आ गई है। 2025 में नक्सल विरोधी अभियानों ने अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। जिसके तहत 312 वामपंथी कैडर मार गिराए गए, जिनमें सीपीआई (माओवादी) के महासचिव और पोलित ब्यूरो/ केंद्रीय समिति के 8 सदस्य शामिल हैं। कुल 836 नक्सली गिरफ्तार किए। 1639 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया, इनमें 1 पोलित ब्यूरो सदस्य और 1 केंद्रीय समिति सदस्य शामिल रहे। नक्सल संगठन का शीर्ष नेतृत्व और संरचना कमजोर हुई है।

भारत-सऊदी अरब के बीच द्विपक्षीय बैठक

# पेट्रोकेमिकल में सहयोग बढ़ाने पर जताई सहमति




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और सऊदी अरब ने रसायन और पेट्रोकेमिकल सेक्टर में सहयोग बढ़ाने के लिए एक द्विपक्षीय बैठक आयोजित की। यह बैठक भारत सरकार के रसायन और उर्वरक मंत्रालय के अधीन रसायन एवं पेट्रोकेमिकल विभाग और सऊदी अरब के उद्योग एवं खनिज मंत्रालय के बीच हुई।

भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सचिव निवेदिता शुक्ला वर्मा ने किया, जबकि सऊदी अरब की ओर से उपमंत्री इंजीनियर खलील बिन इब्राहिम बिन सलमाह ने प्रतिनिधित्व किया। बैठक में दोनों पक्षों ने निवेश बढ़ाने, नए सहयोग क्षेत्रों की पहचान करने और रसायन एवं पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में साझेदारी को मजबूत करने पर चर्चा की।

### आरएंडडी और कौशल विकास में बढ़ाएंगे सहयोग

भारत के पेट्रोलियम, केमिकल और पेट्रोकेमिकल निवेश क्षेत्रों में सऊदी निवेश की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। दोनों देशों की प्रमुख कंपनियों के बीच साझेदारी बढ़ाने के अवसरों पर भी विचार किया गया। बैठक में अनुसंधान एवं विकास और कौशल विकास के क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाने का निर्णय लिया गया। दोनों पक्षों ने यह सुनिश्चित किया कि यह साझेदारी न केवल आर्थिक बल्कि रणनीतिक रूप से भी दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत बनाएगी। यह बैठक भारत और सऊदी अरब के बीच टिकाऊ और पारस्परिक लाभकारी संबंधों को गहरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### द्विपक्षीय व्यापार 41.88 अरब अमेरिकी डॉलर

बता दें, सऊदी अरब भारत का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, जबकि भारत सऊदी अरब का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 41.88 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचा, जिसमें रसायन और पेट्रोकेमिकल क्षेत्र का योगदान लगभग 10 प्रतिशत यानी करीब 4.5 अरब अमेरिकी डॉलर रहा।

## नई दिल्ली में ब्रिटेन के उच्चायोग ने बयान जारी कर यह जानकारी दी

# अमेरिका के साथ मिलकर दक्षिण-एशियाई फर्जी रोजगार केंद्रों पर नकेल कसेगा ब्रिटेन

### भारत के लिए राहत की खबर...

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण-एशिया के कई देशों में रोजगार के नाम पर की जाने वाली ठगी के मामले में भारत के लिए राहत की बड़ी खबर सामने आई है। क्योंकि अब दुनिया के दो बड़े देशों ब्रिटेन और अमेरिका ने एक साथ मिलकर मामले पर कार्रवाई करते हुए एक बड़े वैश्विक ठगी नेटवर्क पर प्रतिबंध लगाया है। यह गिरोह दक्षिण-पूर्व-एशिया में सक्रिय था और मानव तस्करी के जरिए ऑनलाइन ठगी का गोरखधंधा चलाकर बड़े पैमाने पर भोले-भाले लोगों के जीवन के साथ खेल रहा था। दोनों देशों की ये कार्रवाई मानव तस्करी, वित्तीय धोखाधड़ी और साइबर अपराध के खिलाफ एक बड़ा मजबूत कदम साबित होगी। नई दिल्ली में ब्रिटेन के उच्चायोग ने बुधवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है।

### 50 से अधिक देशों के लोगों को ठगा

उच्चायोग ने बताया कि दक्षिण पूर्व एशिया में खासतौर पर म्यांमार और कंबोडिया जैसे देशों में मौजूद स्कैम सेंटरों ने दुनियाभर के करीब 50 से अधिक देशों के विदेशी नागरिकों को अपना शिकार बनाया है। वर्ष 2023 में इनके द्वारा की गई ठगी 37 बिलियन डॉलर तक जा पहुंची है। जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बड़े नुकसान के रूप में देखा जा रहा है। ये स्कैम सेंटर पहले लोगों को नौकरी के झूठे विज्ञापनों के जरिए फंसाते हैं और उसके बाद उन्हें प्रताड़ित कर (मारपीट कर, बिजली के झटके देकर) ऑनलाइन माध्यम से उनके साथ ठगी की जाती है। इसके अलावा कई मजदूरों को फंसाकर भी ये केंद्र अपने इस गोरखधंधे में उन्हें भी जबरन शामिल किए हुए हैं। एमनेस्टी इंटरनेशनल ने इस पूरे मामले को मानव अधिकारों के लिए एक बड़े खतरे के रूप में परिभाषित किया है।

### ब्रिटेन के नागरिकों की होगी सुरक्षा

मामले पर ब्रिटेन के विदेश मंत्री यवेट कूपर और अमेरिका के वित्त सचिव स्कॉट बेसेंट की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। यवेट कहते हैं कि इन खतरनाक स्कैम सेंटरों के सरगना न केवल लाखों लोगों के जीवन को तबाह कर रहे हैं। बल्कि इस अवैध और गंदे धन से ब्रिटेन में बड़े पैमाने पर संपत्तियां भी खरीद रहे हैं। इसलिए हमारा मकसद इस बढ़ती हुई वैश्विक चुनौती से दो-दो हाथ करना और इससे कमाई जाने वाली अवैध संपत्ति को अपने देश से बाहर रखना है। अमेरिका के वित्त सचिव बेसेंट ने कहा, ऐसे अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन ठगी नेटवर्क ने अमेरिकी नागरिकों को अरबों डॉलर की चपत लगाई है। जिससे उनकी वर्षों की गाढ़ी कमाई पलभर में ही स्वाहा हो गई।

### भारत अपने नागरिकों को कर चुका अलर्ट

मामले को भारत ने भी बेहद गंभीरता के साथ लिया है। जिसमें पूर्व में ही विदेश मंत्रालय के तहत कई बार परामर्श जारी कर अपने नागरिकों को यह सलाह दी गई है कि ऐसे किसी भी भ्रामक रोजगार के अवसर को स्वीकार करने से पहले अतिरिक्त सतर्कता बरतें और संबंधित सेंटर के बारे में गहन जांच पड़ताल कर लें। आपातकालीन परिस्थिति में संबंधित देश में मौजूद भारत के दूतावास के निकट संपर्क में बने रहें।

## चिंतन

# अफगानिस्तान पर बार-बार हमले क्यों कर रहा पाक

अफगानी विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी के भारत दौरे से पाकिस्तान पूरी तरह से बौखलाया हुआ है। झल्लाहट के हालात ये हैं कि उसने एक सप्ताह में लगातार दूसरी बार अफगानिस्तान पर हवाई हमला कर दिया है। हालांकि पाकिस्तान कह रहा है कि वो तालिबान के लड़ाकों पर हमले कर रहा है, जो लगातार पाकिस्तान में आतंकी हमलों को अंजाम दे रहे हैं। बुधवार को पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों ने राजधानी काबुल के तैमानी और स्पिन बोल्डक जिले के सिविलियन इलाके पर बमबारी की है। हमले से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। दावा किया जा रहा है कि इन हमलों में कंधार प्रांत में तालिबान की चौथी बटालियन और छठी बॉर्डर ब्रिगेड पूरी तरह तबाह हो गई है। कई तालिबान लड़ाके और विदेशी लोग मारे गए। इससे पहले पाकिस्तान सुरक्षा बलों और अफगान तालिबान के बीच मंगलवार रात को झड़पें हुई थीं। इसके बाद आज सुबह पाकिस्तानी सेना ने कंधार के स्पिन बोल्डक इलाके में हमला किया। इस हमले में 12 आम लोग मारे गए और 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। इसके बाद अफगानिस्तान ने पाकिस्तान बॉर्डर पर टैंक भेज दिए हैं, जिसके चलते नए युद्ध की आशंका पैदा हो गई है। जिस तालिबान को निशाना बनाकर पाक सेना हमले कर रही है, असल में वो तालिबान 1990 के दशक में एक छोटा समूह था, जो धार्मिक छात्रों से बना था, तालिबान के नाम का अर्थ ही होता है छात्रों का समूह। साल 2021 में तालिबान ने अफगानिस्तान पर फिर कब्जा कर लिया था और तब से ही तालिबान एक राष्ट्रीय सेना बनाने की कोशिश कर रहा है। पहले उनकी ताकत सिर्फ लड़ाकों की थी, लेकिन अब वे एक संगठित फौज की तरह काम करते हैं। भले ही इस देश की सेना में सैनिकों की संख्या कम है लेकिन उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और संगठित रहना ही उसे अफगानिस्तान में मजबूत बनाती है। वैश्विक दबाव के कारण भले ही तालिबान की सेना आर्थिक रूप से कमजोर है, लेकिन ग्लोबल पावर इंडेक्स 2025 बताता है कि उनकी रैंकिंग कम है, लेकिन स्थानीय युद्ध में वे खतरनाक हैं। ये वही सेना है जिसने अमेरिका जैसी महाशक्ति को अफगानिस्तान में पांव नहीं जमाने दिए। अब तो उनके समर्थन में अफगानिस्तान में टीटीपी के दो गुटों ने पाकिस्तान के खिलाफ एक होने की घोषणा कर दी है। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने घोषणा की है कि इसके दो समूह एक हो रहे हैं। इनमें से एक का नेतृत्व कुर्रम जिले के मुफ्ती अब्दुर रहमान कर रहे हैं, और दूसरा खैबर जिले की तिराह घाटी के कमांडर शेर खान हैं। इन दोनों कमांडरों ने टीटीपी की तरफ वफादारी की कसम खाई है। जो पाकिस्तान के लिए बड़ा सिर दर्द बन सकते हैं। असल में अफगान विदेश मंत्री के भारत दौरे के बाद से ही पाक बौखलाया हुआ है। उसे लग रहा है कि भारत-अफगानिस्तान की दोस्ती पाकिस्तान के लिए परेशानी का कारण हो सकती है। अफगान विदेश मंत्री के इस बयान कि वो अपने देश की जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ आतंकवाद के लिए नहीं होने देंगे। इस बयान के बाद पाक की हड़बड़ाहट का आलम ये था कि पाक पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने तो यहां तक कह दिया कि अफगानिस्तान, भारत का पुराना वफादार है। बस इसी के बाद से पाक अफगानिस्तान में हमले कर रहा है। कभी बहाना टीटीपी है तो तालिबान। बहाना जो भी पाकिस्तान के लिए यह अच्छा नहीं होगा। अगर तालिबान अपनी पर आए तो पाक की ईंट से ईंट बजा देंगे।

## संघ शताब्दी वर्ष

डा. मार्कन्डेय आहूजा



# ऐसी अक्षय ध्येयनिष्ठा को ईश्वर भी अनदेखा नहीं कर सकता

तदन्तः स्फुरत्वक्षया ध्येयनिष्ठा" वाक्य में दार्शनिक, आध्यात्मिक, मनोवैज्ञानिक एवं साधनात्मक गहराई है, और जब इसे भगवद् गीता के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए, तो यह योग, ध्यान, और आत्मनिष्ठा के सार को प्रकट करता है। तद्-अन्तः - उस (ईश्वर, सत्य या ब्रह्म) के भीतर; स्फुरत् - चमकने वाला, प्रकाशित अक्षया - अविनाशी, क्षय-रहित ध्येयनिष्ठा - ध्यान का दृढ़ आधार, एकनिष्ठ ध्यान। भगवद् गीता में यह भाव विशेष रूप से कई श्लोकों से जुड़ता है जैसे तस्मात्सर्वेषु कालेषु मामनुस्मर युध्य च।"अध्याय 8, श्लोक 7) "इसलिए, हे अर्जुन! हर समय मेरा स्मरण करते हुए युद्ध कर।" यहाँ भगवान श्रीकृष्ण यह बताते हैं कि जीवन का हर कर्म ईश्वरनिष्ठ ध्यान में परिवर्तित हो सकता है, यदि मन के भीतर वह अक्षय ध्येय अर्थात् ईश्वर निरंतर स्फुरित रहे। जब मन संसार के नाशवान विषयों में उलझता है, तब उसकी शक्ति क्षीण होती है पर जब ध्यान का केंद्र अक्षय तत्व आत्मा या परमात्मा बनता है, तब वह शक्ति स्फुरित हो उठती है। इस अवस्था में व्यक्ति ध्येयनिष्ठ कहलाता है यानि जिसका ध्यान अडिग और अचल है। कुरुक्षेत्र में अर्जुन जब मोह में था, तब उसका ध्यान नाशवान रिश्तों और परिणामों पर था। पर जब कृष्ण ने उसे गीता का उपदेश दिया ,"मांनुस्मर युध्य च" तब उसके भीतर वही 'तदन्तः स्फुरत्वक्षया ध्येयनिष्ठा' जागी। उसने कृष्ण में ही सब कुछ देखना शुरू किया, तब युद्ध भी साधना बन गया। अब वह भीतर से प्रकाशित हो चुका था, जैसे सूर्य बादलों को चीरकर स्वयं प्रकट होता है। मीरा बाई का जीवन इसका जीवंत उदाहरण है। जब समस्त संसार ने उन्हें ठुकराया, तो उनके भीतर केवल एक ही स्फुरण शेष था "श्याम मेरा एको ध्येय।" उनकी ध्येयनिष्ठा इतनी अक्षय थी कि विष का प्याला भी अमृत बन गया। यह वही अवस्था है जहां भीतर अविनाशी चेतना का प्रकाश हर पीड़ा से तुच्छ है जैसे कोई वैज्ञानिक वर्षों तक एक सिद्धांत पर ध्यान लगाता है, वह बाहरी सफलता या असफलता से नहीं डगमगाता क्योंकि उसके भीतर ध्येय की अक्षय ज्योति जलती रहती है। जब वह ज्योति स्फुरित रहती है, तो बाहरी बाधाएं अर्थहीन हो जाती हैं। यह भी एक रूप है ध्येयनिष्ठा का। राजा जनक योगी भी थे और राजा भी। उनके महल में वैभव था, पर भीतर एकाग्रता अक्षय थी। जब किसी ने पूछा, "राजकाज में लिप्त होकर भी आप योगी कैसे हैं?" जनक ने कहा ,"मेरे कर्म बाहर हैं, पर मेरा ध्यान भीतर है। मैं कर्म नहीं करता, कर्म मुझमें होता है।" यही ध्येय-निष्ठा का अक्षय रूप है। आज भी यह सूत्र अत्यंत प्रासंगिक है। हम चाहे काम में हों, परिवार में हों, संघर्ष में हों -यदि भीतर एक स्थायी ज्योति, एक शांत ध्येय स्फुरित है, तो जीवन साधना बन जाता है। जैसे कोई डॉक्टर अपनी सेवा में ईश्वर को देखे। कोई शिक्षक हर छात्र में चेतना का विस्तार देखे। कोई कलाकार हर रचना में सत्य की झलक खोजे। तब वे कर्म नहीं करते, बल्कि "ध्येय की निष्ठा" में रहते हैं।उनका ध्यान अक्षय हो जाता है। "ध्येय में स्फुरण" के वैज्ञानिक रूप डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम ने कहा "सपना वह नहीं जो तुम नींद में देखते हो,सपना वह है जो तुम्हें सोने नहीं देता।" कलाम का जीवन "तदन्तः स्फुरत्वक्षया ध्येयनिष्ठा" का आधुनिक प्रतिरूप है।उनके भीतर विज्ञान और राष्ट्रसेवा का एक अविनाशी ध्येय स्फुरित था। कठिन परिस्थितियों, असफलताओं, सीमित साधनों के बावजूद उनका ध्यान 'भारत को आत्मनिर्भर बनाना' था। वे बार-बार असफल हुए, पर उनकी निष्ठा कभी क्षीण नहीं हुई ; वह अक्षय थी। गीता का समान भावः योगस्थः कुरु कर्माणि, संगं त्यक्त्वा धनंजय।" कर्म करो, पर सफलता-असफलता से आसक्त मत हो। कलाम का विज्ञान उसी कर्मयोग का उदाहरण है। वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग की देह लगभग निषक्रिय हो गई थी, पर उनके भीतर ज्ञान का प्रकाश स्फुरित था। वह अक्षय था वह मनोबल ही उन्हें "ब्लैक होल्स " के रहस्य तक ले गया। उन्होंने कहा ,"मेरा शरीर सीमित है,लेकिन मेरा मन सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड की कल्पना करने के लिए स्वतंत्र है।" यह वही अवस्था है जहाँ भीतर की चेतना बाहरी सीमाओं पर विजय पाती है। 'ध्येयनिष्ठ' वैज्ञानिक डॉ. होमी जे. भाभा और डॉ. विक्रम साराभाई भारत के वैज्ञानिक पुनर्जागरण के प्रतीक हैं। सीमित संसाधन, विदेशी दबावों, और आलोचना के बावजूद उन्होंने भारत को अंतरिक्ष और परमाणु शक्ति के मार्ग पर स्थापित किया। उनका ध्येय केवल "तकनीक" नहीं था बल्कि "राष्ट्र की आत्मनिर्भर चेतना।" गीता में कहा है "यो मां पश्यति सर्वत्र सर्वं च मयि पश्यति।" जो मुझे हर जगह देखता है, उसका ध्यान कभी नष्ट नहीं होता। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद का कहना है कि जब ध्यान न किया जाए, बल्कि ध्यान "होने लगे" वही है : तदन्तः स्फुरत्वक्षया ध्येयनिष्ठा।

(लेखक चिकित्सक एवं शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# संवाद ही लोकतंत्र की आत्मा है



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

भारतीय लोकतंत्र को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है 75 बरस पुराने इस लोकतंत्र ने देश के राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक योगदान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। भारत के राजनीतिक इतिहास पर गौर करें तो पचहत्तर बरस के इस यात्रा के दौर में लोकतंत्र ने संसद से लेकर सड़क तक सहमति और असहमति के अनेक आयाम देखे हैं। आज जब भारतीय उपमहाद्वीप में श्रीलंका, बांग्लादेश, पाकिस्तान और नेपाल जैसे देशों का लोकतंत्र भीड़तंत्र के अराजकता की भेंट चढ़ चुकी है तब भारतीय लोकतंत्र मजबूत और जनोन्मुखी बना हुआ है।किसी भी लोकतांत्रिक देश में सरकार के खिलाफ आंदोलन और विरोध प्रदर्शन एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। सरकार से असहमति की आवाज व्यवस्था की जड़ता को खत्म करता है। देश के राजनीतिक दलों, सत्ताधीशों और आम नागरिकों को यह बात जेहन में रखनी होगी कि देश को 'बरतानिया हुकूमत' से आंदोलन के जरिए ही मिली थी। वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर गौर करें तो सत्ता और आंदोलन के बीच टकराव और संवादहीनता लगातार बढ़ रहा है। दोनों पक्षों में टकराव के चलते जहां आंदोलन का स्वरूप हिंसक होने लगा है वहीं सत्ता प्रतिष्ठान भी आंदोलनों को ऐन-केन प्रकारेण खत्म करने की जुगत में है। अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ महात्मा गांधी के सत्याग्रह के मूल में जहां सत्य और अहिंसा की राह थी वहीं उन्होंने असहयोग आंदोलन के दौरान संवाद के दरवाजे हमेशा खुले रखे। गांधी मानते थे कि कि संवाद एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें सच्चाई, प्रेम और परस्पर सम्मान होता है। संवाद एक समावेशी प्रक्रिया है जहां विभिन्न पक्षों के बीच विचारों का आदान-प्रदान होता है न कि केवल बहस। गांधी की सोच थी कि संवाद विविधता का सम्मान करता है, सहानुभूति को बढ़ावा देता है और नये संबंधों को विकसित करता है।

देश के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर गौर करें तो सत्ता और विपक्ष के बीच 'संवाद' का सेतु टूटते हुए नजर आ रहा है जो लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। मजबूत लोकतंत्र के लिए मजबूत विपक्ष भी जरूरी है जो संसद में सत्ता के खिलाफ आम जनता की आवाज को मुखर करता है। संसद के बीते सत्रों पर गौर करें तो सत्ता और विपक्ष के टकराव और हंगामे की वजह से संसद की कार्रवाई अनुत्पादक ही रही है। सत्ता और विपक्ष के नेताओं के बीच आज वैचारिक 'मतभेद' की जगह वैमनस्यता पूर्ण 'मनभेद' का भाव उत्पन्न हो चुका है। बीते एक दशक पर गौर करें तो 'एनआरसी' और 'किसान आंदोलन' सहित कुछ आंदोलनों के दौरान सत्ता और आंदोलनकारियों के बीच टकराव के चलते जहां आंदोलन की दिशा हिंसक हुई है वहीं पुलिस कार्रवाई में प्रदर्शनकारियों की मौतें भी हुई है जो दुखद है। बीते 24 सितंबर को लद्दाख में जाने-माने एक्टिविस्ट, शिक्षाविद और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के चार सूत्रीय मांगों को लेकर 35 दिनों के भूख हड़ताल के दौरान पंद्रहवें दिन उनका आंदोलन हिंसक हो गया। हिंसक प्रदर्शनकारियों ने जहां भाजपा कार्यालय में आगजनी की वहीं पुलिस कार्रवाई में चार लोगों की मौत हो गई घटना के बाद वांगचुक को गिरफ्तार किया गया है।अलबत्ता देश में राजनीतिक और गैर राजनीतिक आंदोलनों के दौरान पैदा हो रही हिंसा और गतिरोध के लिए सत्ता और आंदोलनकारी नेता दोनों पक्षों की हठधर्मिता ही जवाबदेह हैं।



गौरतलब है कि भारत युवाओं के जनसंख्या के लिहाज से दुनिया का सबसे युवा देश है जहां की 65 फीसदी आबादी 35 साल से कम आयु के लोगों की है। दरअसल युवा ही किसी देश के सबसे बड़े कार्यबल यानि " वर्क फोर्स" होते हैं जिनके कंधों पर देश और समाज का राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक बदलाव निर्भर होता है। आज के युवाओं के लिए सोशल बड़ा औजार है जिसके जरिए वे अपनी आवाज देश और दुनिया तक पहुंचा रहे हैं। सोशल मीडिया की इसी ताकत का इस्तेमाल करते हुए देश के कुछ विपक्षी नेता, पत्रकार और पार्टी के आईटी सेल लद्दाख में हुए युवाओं के प्रदर्शन की तुलना नेपाल की खूनी 'जेन-जी' प्रदर्शन से करते दिखाई दिए। विडंबना है कि देश का एक वैचारिक समूह श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल में हिंसा के जरिए सत्ता के तख्तापलट को उचित ठहराने से नहीं चूक रहा है बल्कि अपने विचारों के जरिए भारतीय युवाओं को इसके लिए उकसा रहा है लेकिन यह भारत में संभव नहीं है।

विचारणीय है कि भारत जैसे बहुधर्मी, बहुजातीय और बहुसंस्कृति और परंपरा वाले देश में असहमति या विरोध की अभिव्यक्ति हिंसा नहीं बल्कि चुनाव ही है। आजादी के बाद देश में जंगल और पर्यावरण संरक्षण , रोजगार, आरक्षण किसानों से संबंधित मांग, अलग राज्य निर्माण, स्वायत्तता की मांग, भ्रष्टाचार तथा अपराध के खिलाफ अनेक राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, जातीय और अलगाववादी आंदोलन हुए। इन आंदोलनों में छात्रों, युवाओं, किसानों और आम नागरिकों की भागीदारी रही। बेशक इन जनांदोलनों ने सत्ता की चूलें हिला दीं लेकिन सत्ता का बदलाव हिंसा नहीं बल्कि 'बैलेट' यानि चुनाव के जरिए ही संभव हुआ। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि प्रजातंत्र में किसी भी राजनीतिक समस्या और सामाजिक न्याय का रास्ता 'बुलेट' यानि हिंसा नहीं बल्कि 'संवाद' और 'बैलेट' है। दूसरी ओर सत्ता प्रतिष्ठान को भी यह बात गांठ बांधनी होगी कि युवाओं और आंदोलनों के सवाल पर संवाद तथा समाधान का रास्ता अपनाए न कि कोई दमनात्मक कार्रवाई करे।

कालांतर में देश में अनेक गांधीवादी अहिंसक आंदोलन हुए हैं जिनमें जयप्रकाश नारायण की 'संपूर्ण क्रांति' अन्ना हजारे की 'अन्ना आंदोलन' और 'निर्भया आंदोलन' प्रमुख थे। इन आंदोलनों ने देश का राजनीतिक भूगोल बदल दिया। कुछ उग्रवादी समूहों के चरमपंथी आंदोलन भी हुए जिसमें व्यापक हिंसा हुई लेकिन इन आंदोलनों और समस्याओं का हल संवाद के जरिए ही संभव हुआ। विचारणीय है कि आंदोलनकारियों ने जब - जब संवाद की जगह बंदूक उठाया है तब-तब सुरक्षाबलों ने इसका मुंहतोड़ जवाब भी दिया है। वर्तमान में सशस्त्र माओवादी आंदोलन शांति, विकास और लोकतंत्र के लिए खतरा बना हुआ है। पूर्ववर्ती सरकारों ने माओवादियों से हिंसा छोड़कर संवाद और लोकतंत्र का हिस्सा बनने अनेकों बार पहल किया लेकिन नक्सली बंदूक और हिंसा छोड़ने सहमत ही नहीं थे ।अंततोगत्वा वर्तमान केन्द्र और राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में नक्सलवाद को समूल नष्ट करने के लिए माओवादियों के खिलाफ सीधी कार्रवाई को अंजाम दिया है जिसमें सुरक्षा बलों को काफी सफलता मिल रही है तथा नक्सलवाद के पैर उखड़ने लगे हैं।

देश में हुए आंदोलनों के इतिहास के पन्ने पलटें तो पंजाब के खालिस्तान आंदोलन, असम का छात्र और उल्फा आंदोलन, पूर्वोत्तर भारत के बोडो आंदोलन, दार्जिलिंग का गोरखालैंड जैसे हिंसक आंदोलन का खात्मा सरकार और आंदोलकारियों के बीच संवाद और समझौते से ही हुई है। केंद्र सरकार और कश्मीरी आवाम के बीच बढ़ते संवाद और भरोसे का ही परिणाम है कि अब पाक समर्थित अलगाववादी संगठनों के आतंकी हिंसा में भारी कमी आई है तथा घाटी में शांति और लोकतंत्र की बयार बह रही है।बहरहाल लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी पक्ष के लिए हिंसा, अराजकता, हठधर्मिता, टकराव और जड़ता के लिए कोई स्थान नहीं है। प्रजातंत्र में जनआंदोलन ही जनता की आवाज है और यह उसका नागरिक अधिकार भी है। प्रसिद्ध गांधीवादी और समाजवादी नेता डॉ.राममनोहर लोहिया का भी विचार था कि 'अगर सड़कें खामोश हो जाएं तो संसद आवारा हो जाएगी'। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि देश के मजदूरों और ग्रामीणों के हाथों काम, भूखे पेट में भोजन, सरकार से जानने का हक,नदियों और जंगलों की रक्षा,आदिवासियों और दलितों के मौलिक अधिकारों की रक्षा जनांदोलनों से ही संभव हुआ है। अलबत्ता 75 बरस बूढ़े लोकतंत्र की जीवंतता के लिए सरकार और जनता दोनों को हठधर्मिता और नकारात्मकता त्याग कर 'संवाद' का दरवाजा हमेशा खुला रखना होगा क्योंकि संवाद ही लोकतंत्र की आत्मा है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

## अपने भीतर अच्छा स्वास्थ्य कैसे लाएं?



संकलित
दर्शन

क्या आप सचमुच स्वस्थ हैं? स्वास्थ्य का अर्थ है, रोग-मुक्त शरीर, कंपन-मुक्त श्वास, तनाव-मुक्त मन, संकोच-मुक्त बुद्धि, आसक्ति-मुक्त स्मृति, समावेशी अहंकार और दुःख से मुक्त आत्मा। समग्र स्वास्थ्य के लिए व्यायाम, श्वास और ध्यान का अभ्यास आवश्यक है। श्वास ही जीवन है। हमारा जीवन हमारी श्वास में है। यदि कोई श्वास नहीं ले रहा, तो इसका अर्थ है- वहां जीवन नहीं है। ध्यान, प्राणायाम और योगिक अभ्यासों का मुख्य उद्देश्य प्राण या जीवन ऊर्जा को बढ़ाना है। दरअसल प्राण भावनाओं से भी अधिक सूक्ष्म होता है। जब हम सूक्ष्म स्तर पर ध्यान देते हैं, तो स्थूल स्वतः ठीक हो जाता है। जब आप श्वास को संभालते हैं, तो शरीर स्वस्थ हो जाता है। यदि आपकी श्वास गरम, हिलती-डुलती, असमान या असहज है, तो यह रोग का संकेत है। श्वास का पैटर्न शरीर में उपस्थित विषाक्त तत्त्वों और संभावित रोगों की सूचना देता है। हमारी श्वास में अनेक रहस्य छिपे हैं। क्योंकि मन की हर भावना के साथ श्वास की एक विशेष लय जुड़ी होती है। हर लय शरीर के किसी विशेष भाग को प्रभावित करती है। जरा ध्यान से देखें। जब हम प्रसन्न होते हैं तो विस्तार का अनुभव होता है और जब दुखी होते हैं तो संकुचन का। हम इन अनुभूतियों को तो महसूस करते हैं, पर उनके बीच संबंध को नहीं पहचानते। इसलिए जब आप सीधे मन को नियंत्रित नहीं कर पा रहे हों, तो श्वास के माध्यम से मन को नियंत्रित किया जा सकता है।

## कर्ण की युद्ध में धर्म-नीति निष्ठा



संकलित
प्रेरणा

कर्ण कौरवों की सेना में होते हुए भी महान धर्मनिष्ठ योद्धा थे। भगवान श्रीकृष्ण तक उनकी प्रशंसा करते थे। महाभारत युद्ध में कर्ण ने अर्जुन को मार गिराने की प्रतिज्ञा की थी। उसे सफल बनाने के लिए खंडव वन के महासर्प अश्वसेन ने इसे उपयुक्त अवसर समझा। अर्जुन से वह शत्रुता तो रखता था, पर काटने का अवसर नहीं मिलता था। वह बाण बनकर कर्ण के तरकस में जा घुसा। अश्वसेन वाला बाण भी चला, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने वस्तुस्थिति को समझा और रथ-घोड़े जमीन पर बिठा दिए। बाण मुकुट काटता हुआ ऊपर से निकल गया। असफलता पर अश्वसेन प्रकट हुआ और कर्ण से बोलाः अबकी बार अधिक सावधानी से बाण चलाना। इस पर कर्ण को भारी आश्चर्य हुआ। उसने उस कालसर्प से पूछाः आप कौन हैं? सर्प ने कहाः अर्जुन ने एक बार खण्डव वन में आग लगाकर मेरे परिवार को मार दिया था। इसलिए उसीका प्रतिशोध लेने के लिए मैं व्याकुल रहता हूँ। उस तक पहुँचने का अवसर न मिलने पर आपके तरकस में बाण के रूप में आया हूँ। कर्ण ने उसकी सहायता के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए वापस लौट जाने के लिए कहाः भद्र, मुझे अपने ही पुरुषार्थ से नीति युद्ध लड़ने दीजिए। आपकी अनीतियुक्त सहायता लेकर जीतने से तो हारना अच्छा है। कालसर्प कर्ण की नीति-निष्ठा को सराहता हुआ वापस लौट गया। उसने कहाः कर्ण तुम्हारी यह धर्मनिष्ठा ही सत्य है, जिसमे अनीतियुक्त पूर्वाग्रह को छद्म की कहीं स्थान नहीं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आत्मनिर्भर भारत के प्रथम द्रष्टा डा. कलाम

हर साल 15 अक्टूबर को मनाया जाने वाला विश्व विद्यार्थी दिवस केवल डा. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती नहीं है, बल्कि यह दिन हर विद्यार्थी और नागरिक के लिए आत्ममंथन का अवसर है। डा. कलाम का जीवन इस बात का प्रमाण है कि कोई भी शुरुआत छोटी नहीं होती, अगर उसमें सपनों की आग और समर्पण की ठंडक हो। रामेश्वरम की एक साधारण गलियों में अख़बार बेचने वाला बालक जब भारत का मिसाइल मैन और बाद में देश का राष्ट्रपति बना, तो उसने न केवल सफलता की परिभाषा बदली, बल्कि यह सिखाया कि सच्ची शिक्षा वह है जो इनसान को बेहतर इनसान बनाती है। वह आत्मनिर्भर भारत के प्रथम द्रष्टा थे। वह विनम्रता, ईमानदारी और कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते हैं। *– प्रदीप साहू, दुर्ग*

## करंट अफेयर

### दुबई में मसालों से सबसे बड़ी रंगोली बनाई गई

संस्कृति और सामुदायिक भावना का जीवंत संगम पेश करते हुए दुबई के एक बाजार में मसालों से ऐसी रंगोली बनाई गई जिसे खाड़ी देश में 'सबसे बड़ी' रंगोली बताया जा रहा है। मसालों की रंगोली आठ अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक वाटरफ्रंट मार्केट में सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाएगी। छह मीटर लंबाई और छह मीटर चौड़ाई वाली इस विशाल रंगोली को दालचीनी, हल्दी, मिर्च, धनिया और लौंग समेत 60 किलोग्राम से अधिक विभिन्न मसालों का उपयोग करके तैयार किया गया। ये सभी मसाले वाटरफ्रंट मार्केट से ही लाए गए थे। इस अनूठी कलाकृति ने बाजार के प्रांगण को चटकीले रंगों और सुगंध से भर दिया। इसका 'दुबई फेस्टिवल्स एंड रिटेल एस्टेब्लिशमेंट' (डीएफआरई) द्वारा शहर भर में आयोजित दिवाली कार्यक्रमों के तहत एक विशेष समारोह में हाल में आधिकारिक तौर पर अनावरण किया गया। इस कार्यक्रम में भारत के महावाणिज्य दूतावास के वाणिज्य दूत (पासपोर्ट) सुनील कुमार और डीएफआरई के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम में एकजुटता, संस्कृति और समुदाय की भावना का प्रदर्शन किया गया।



## ऑफ बीट

### क्या पालतू जानवर को चूमना ठीक है?

हाल के दशकों में पालतू जानवरों के साथ हमारे रिश्ते में काफी बदलाव आया है। पालतू जानवरों को पालने का चलन बढ़ा है। हम पालतू जानवरों की देखभाल पर हर साल अनुमानित रूप से 33 अरब डॉलर खर्च करते हैं। पालतू जानवर रखना कई मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य लाभों से जुड़ा हुआ है, लेकिन हमारे पालतू जानवर संक्रामक रोगों को भी आश्रय दे सकते हैं जो कभी-कभी हम तक भी पहुंच सकते हैं। अधिकांश लोगों के लिए, जोखिम कम है। लेकिन गर्भवती महिलाओं और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों को जानवरों से बीमार होने का अधिक खतरा होता है। इसलिए, जोखिमों को जानना और संक्रमण को रोकने के लिए आवश्यक सावधानी बरतना महत्वपूर्ण है। पालतू जानवरों से कौन सी बीमारियां हो सकती हैं? जानवरों से मनुष्यों में फैलने वाले संक्रामक रोगों को जूनोटिक रोग या जूनोज कहा जाता है। यह ज्ञात है कि साथ रहने वाले जानवरों के 70 से अधिक रोगाणु लोगों में फैल सकते हैं। कभी-कभी, पालतू जानवर जिसमें जूनोटिक रोगाणु होता है वह बीमार लग सकता है। लेकिन अक्सर कोई दृश्यमान लक्षण नहीं हो सकता है, जिससे आपके लिए संक्रमित होने का जोखिम बढ़ जाता है, क्योंकि आपको अपने पालतू जानवर में रोगाणु के आश्रय होने का संदेह नहीं होता है।



## X ट्रेंड

### जैसलमेर बस हादसा

जैसलमेर में बस में लगी आग की घटना अत्यंत हृदयविदारक है। इस दुखद हादसे से प्रभावित नागरिकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। राज्य सरकार प्रभावित परिवारों के साथ है और उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।
**-भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान**



### क़ानून का उल्लंघन

क़ानून का उल्लंघन जब अधिकारी करेंगे तो अधिकारियों और उन अपराधियों में क्या अंतर रह जाएगा जो क़ानून तोड़ते हैं। शासन-प्रशासन विधि पर आधारित होना चाहिए किसी की मनमानी पर नहीं। भाजपा ने भ्रष्टाचारीकरण करके, प्रशासन को निरंकुश बना दिया है।
**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**



### केदारनाथ धाम की चढ़ाई

केदारनाथ धाम की कठिन चढ़ाई अब आसान होगी। अदाणी समूह श्रद्धालुओं की यात्रा को सरल और सुरक्षित बनाने के लिए यह रोपवे बना रहा है। इस पुण्य कार्य का हिस्सा बनना हमारे लिए गर्व की बात है। महादेव सब पर अपनी कृपा बनाए रखें।
**- गौतम अदाणी, उद्यमी**



### ब्रह्मांड की प्रतिक्रिया

आप जो करते हैं और जो किया जाता है, उसके बीच एक पूरा ब्रह्मांड है। उस ब्रह्मांड में जुनून, इरादा....हृदय... निहित है, क्योंकि ब्रह्मांड हृदय के प्रति, आपके मन की तुलना में कहीं अधिक प्रतिक्रिया करता है।
**- शेखर कपूर, फिल्मकार**



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।









# एनडीए ने लगभग आधे प्रत्याशियों का कर दिया ऐलान, लेकिन महागठबंधन अब भी पसोपेश में

### दूसरी सूची में 12 नाम, पूर्व आईपीएस मिश्रा को बक्सर सीट पर प्रत्याशी बनाया

## भाजपा ने भजन गायिका मैथिली ठाकुर को चुनाव मैदान में उतारा, अलीनगर से दिया टिकट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने बुधवार को आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के लिए 12 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी सूची जारी कर दी। इनमें लोक गायिका मैथिली ठाकुर का नाम भी शामिल है, जो अलीनगर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगी। पार्टी ने बक्सर से पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा को भी टिकट दिया है। बाढ़ से विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू का भी टिकट कट गया है। यहां से डॉ. सियाराम सिंह को जगह दी गई है। जब कल 71 नामों की घोषणा हुई थी उसवक्त भी कुछ विधायकों का पत्ता कट गया था।

चुनाव मैदान में उतारे गए 12 उम्मीदवारों में अलीनगर से मैथिली ठाकुर, हायाघाट से रामचन्द्र प्रसाद, मुजफ्फरपुर से रंजन कुमार, गोपालगंज से सुभाष सिंह, बनियापुर से केदार नाथ सिंह, छपरा से छोटी कुमारी, सोनपुर से विनय कुमार सिंह, रोसड़ा से बीरेंद्र कुमार, बाढ़ से डॉ सियाराम सिंह, अगिआंव से महेश पासवान, शाहपुर से राकेश ओझा और बक्सर से आनंद मिश्रा हैं।

इससे पहले सोमवार को, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महत्वपूर्ण बिहार विधानसभा चुनावों के लिए अपने 71 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। इस सूची में दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी उम्मीदवार बनाये गये थे। केंद्रीय नेतृत्व ने बड़ा फैसला लेते हुए पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा को बक्सर में उम्मीदवार बनाया है। बिहार में बक्सर की लड़ाई हमेशा से दिलचस्प होती है बक्सर विधानसभा सीट को लेकर भाजपा के अंदर संग्राम मचा था। एक ओर पूर्व केन्द्रीय मंत्री अश्विनी चौबे अपने चहेते को टिकट दिलाना चाह रहे थे, तो दूसरी तरफ आधे दर्जन कार्यकर्ताओं ने दावा ठोक रखा था। मैथिली ठाकुर दरभंगा जिले के अलीनगर विधानसभा से प्रत्याशी बनीं हैं। कल ही वह भाजपा में शामिल हुई थी। भाजपा का जब पहली लिस्ट जारी हुई थी उसमें दरभंगा की सभी सीटों की घोषणा हुई थी पर अलीनगर का नाम इसमें नहीं था। चूंकि भाजपा ने बेनीपट्टी से विनोद नारयण झा को उम्मीदवार बनाया था ऐसे में कयास लगाए जा रहे थे कि अलीनगर से मैथिली उम्मीदवार बनेंगी।

### जदयू ने 57 प्रत्याशियों के नाम का किया ऐलान

## पहली सूची में 4 महिलाएं और 23 मौजूदा विधायक शामिल

विधानसभा चुनाव के लिए जनता दल यूनाइटेड ने 57 उम्मीदवारों के नाम की पहली सूची जारी कर दी है। जदयू की पहली लिस्ट में हनौत से हरियाणा सिंह, नालंदा से श्रवण कुमार, मोकामा से अनंत सिंह, फुलवारी से श्याम रजक, हथुआ से रामसेवक सिंह, बेनीपुर से विनय कुमार चौधरी, हिलसा से प्रेम मुखिया, राजगीर से कौशल किशोर, विभूतिपुर से रवीना कुशवाहा के नाम का ऐलान किया गया। इस लिस्ट में जदयू ने आलमनगर विधानसभा सीट से नरेंद्र नारायण यादव, बिहारीगंज से निरंजन निरंजन कुमार मेहता, सिंहश्वर से रमेश ऋषि देव, मधेपुरा से कविता साहा, सोनबरसा से रत्नेश सादा, महिषी से गुंजेश्वर शाह, बेनीपुर से विनय कुमार चौधरी, दरभंगा ग्रामीण से ईश्वर मंडल, बहादुरपुर से मदन सहनी के नाम घोषित किए हैं। नीतीश कुमार की इस लिस्ट में 23 मौजूदा विधायकों के नाम हैं। सुची में जिन नए चेहरों को एंट्री दी गई है, उनमें ईश्वर मंडल (दरभंगा ग्रामीण), कोमल सिंह (गायघाट), सुनील कुमार (भोज), महेंद्र राम (राजापाकर), उमेश सिंह कुशवाहा (महनार), और छविकेता मंडल (जमालपुर) का नाम शामिल है।

### इनका टिकट कटा

वारिसनगर सीट से अशोक कुमार, बेनीपुर से बिनय कुमार चौधरी, मधेपुरा से निखिल मंडल और मीनापुर से मनोज कुमार के टिकट काट दिए गए हैं। संदेश और जगदीशपुर विधानसभा सीट से भी नए चेहरों को मौका दिया गया है।

### चिराग की 5 सीटों पर उम्मीदवार उतारकर नीतीश ने बिगाड़ा 'गणित'

सीएम नीतीश कुमार ने अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर एनडीए के सीट शेयरिंग के समझौते का फॉर्मूला बिगाड़ दिया है। एनडीए के सीट शेयरिंग के बाद से उपेंद्र कुशवाहा, जीतनराम मांझी नाराज हैं और अब नीतीश कुमार ने जिस तरह चिराग पासवान को मिली पांच सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं।

शाह ने कुशवाहा को मनाया

### महुआ सीट से दावा छोड़ा, एक एमएलसी के ऑफर की चर्चा



भाजपा ने आरएमएल चीफ उपेंद्र कुशवाहा को मना लिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद कुशवाहा ने महुआ सीट पर अपना दावा छोड़ दिया है। कुशवाहा की पार्टी को एक विधान परिषद (एमएलसी) सीट भी दी जाएगी। महुआ सीट को लेकर उपेंद्र और चिरागके बीच खींचतान चल रही थी। चर्चा है कि एक एमएलसी की भी बात की गई है।

### सीट बंटवारे से पहले ही तेजस्वी ने किया नामांकन

## लालू-राबड़ी के साथ पहुंचे हाजीपुर, राघोपुर से दाखिल किया परचा, कांग्रेस अभी कर रही प्रत्याशियों की बात

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने हाई-प्रोफाइल सीट राघोपुर से नामांकन दाखिल कर दिया है। नेता प्रतिपक्ष बुधवार को हाजीपुर विधानसभा सीट से राजद प्रत्याशी देव कुमार चौरसिया के साथ नामांकन दाखिल करने के लिए हाजीपुर अनुमंडल कार्यालय पहुंचे। उनके साथ एक दर्जन से अधिक गाड़ियों का काफिला था। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ उनके पिता लालू प्रसाद यादव, मां राबड़ी देवी, बहन मीसा भारती, वरिष्ठ नेता संजय यादव सहित कई अन्य राजद नेता मौजूद थे।

### महुआ से तेज प्रताप के सामने राजद ने मुकेश को खड़ा किया



वैशाली जिले से तेजस्वी यादव के अलावा राजद ने दो और प्रत्याशियों को टिकट दिया है। इनमें लालू परिवार के करीबी और महुआ विधायक मुकेश रोशन शामिल हैं, जो महुआ अनुमंडल कार्यालय में नामांकन दाखिल किया। इस सीट से तेजस्वी यादव के बड़े भाई तेज प्रताप यादव वर्तमान में विधायक हैं।

### महागठबंधन में सीट बंटवारा अब तक नहीं

महागठबंधन की ओर से अभी तक राघोपुर सीट को लेकर कोई संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं की गई है, न ही उम्मीदवार के नाम की घोषणा हुई है। तेजस्वी महागठबंधन के समन्वय समिति के अध्यक्ष भी हैं। अब तक सीट बंटवारे का फॉर्मूला तय नहीं हुआ है।

महागठबंधन में टेंशन!

### बगहा सीट पर वीआईपी की एंट्री कांग्रेस में हलचल तेज



चुनाव को लेकर सभी की नजरें बगहा, वाल्मीकिनगर और रामनगर सीट पर टिकी हैं। इनमें बगहा सीट को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। चर्चा है कि इस बार बगहा सीट आइएनडीए के सहयोगी दल विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी) के खाते में जा सकती है। बगहा सीट पर 33 वर्षों तक कांग्रेस का प्रभाव रहा है। अब जब यह सीट वीआईपी के खाते में जाती दिख रही है तो कांग्रेस के भीतर असंतोष उभरने लगा है। इस स्थिति ने महागठबंधन के भीतर समन्वय और सीट बंटवारे को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### नहीं लड़ूंगा चुनाव, जनसुराज जीती तो 100 सबसे भ्रष्ट नेताओं- नौकरशाहों पर होगा एक्शनः पीके



जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने एलान किया कि वह आगामी बिहार विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। पीके ने कहा कि अगर जन सुराज पार्टी बिहार चुनाव जीतती है, तो इसका राष्ट्रव्यापी असर होगा। राष्ट्रीय राजनीति की दिशा बदल जाएगी। 100 बड़े भ्रष्टों पर कार्रवाई की जाएगी।

### राजभर की भाजपा को चुनौती, 47 सीटों पर उतारे प्रत्याशी



सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने अपने 47 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। बिहार चुनाव में सुभसपा का प्रत्याशी उतारना मतलब भाजपा के चुनौती देने के रूप में देखा जा रहा है। राजभर का यूपी में बीजेपी के साथ गठबंधन है और वह एनडीए का भी हिस्सा हैं। इससे यहां पर चुनाव का गणित बिगड़ सकता है।

## खबर संक्षेप

### जैसलमेर बस हादसे में पहली एफआईआर




**जैसलमेर।** जैसलमेर-जोधपुर हाईवे पर स्लीपर एसी बस में भीषण आग की घटना के 24 घंटे बाद पहली एफआईआर दर्ज की गई है। जिंदा जले पत्रकार राजेंद्र सिंह चौहान के बड़े भाई चंदन सिंह ने बस के मालिक और चालक पर आरोप लगाते हुए जैसलमेर सदर थाना में मामला दर्ज कराया है।

### आईपीएस पूरण का चंडीगढ़ में अंतिम संस्कार



**चंडीगढ़।** हरियाणा के आईपीएस अधिकारी एडीजीपी वाई पूरण कुमार का अंतिम संस्कार किया किया गाया। चंडीगढ़ के सेक्टर-25 के श्मशान घाट में अंतिम संस्कार की रस्में पूरी की गईं। इस दौरान श्मशान घाट के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस जवान तैनात रहे।

### सुक्खू ने 3% महंगाई भत्ता का किया ऐलान



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों को सुक्खू सरकार ने दिवाली का तोहफा दिया है। मसीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को राज्य बिजली बोर्ड कर्मचारी यूनियन के राज्य महासम्मेलन में कर्मचारियों को लंबित 3 फीसदी महंगाई भत्ता देने का एलान किया।

### दिल्ली के रेलवे स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकट बंद



**नई दिल्ली।** दीपावली,छठ पूजा में स्टेशनों पंभीड़ को देखते हुए रेलवे ने दिल्ली समेत कई बड़े स्टेशनों पर 28 अक्टूबर तक प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री पर रोक लगा दी है। केवल कन्फर्म टिकट वाले ही जा सकेंगे। बुजुर्गों, महिलाओं और अनपढ़ों को इसमें छूट प्रदान की है।

### शीर्ष अदालत ने यह नोटिस आईसीयू और सीसीयू सुविधाओं में रोगी सुरक्षा के लिए समान मानक तैयार करने के अपने निर्देशों का पालन करने में विफल रहने पर जारी किया, इनमें मप्र भी

# सुप्रीम कोर्ट ने 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य सचिवों को किया 'तलब'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) को अवमानना नोटिस जारी किया है। शीर्ष अदालत ने यह नोटिस आईसीयू और सीसीयू सुविधाओं में रोगी सुरक्षा के लिए समान मानक तैयार करने के अपने निर्देशों का पालन करने में विफल रहने पर नोटिस जारी किया है। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस एनके सिंह की खंडपीठ ने यह कारण बताओ नोटिस जारी किया है। खंडपीठ ने प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के संबंधित अतिरिक्त मुख्य सचिवों या टॉप स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कारण बताओ हलफनामों के साथ 20 नवंबर को व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित होने का आदेश दिया।

### अधिकारियों को 20 नवंबर को व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित होने का आदेश दिया



### अब कोई बहानेबाजी नहीं चलेगी

पीठ ने कहा कि न्यायालय के प्रति इस तरह के लापरवाह रवैए के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए? उक्त अधिकारी अगली सुनवाई की तारीख, यानी 20.11.2025 को अपने व्यक्तिगत रूप से पुष्ट कारण बताओ हलफनामो के साथ इस न्यायालय के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहें। पीठ ने स्पष्ट किया कि किसी भी बहानेबाजी पर विचार नहीं किया जाएगा। न्यायाधीशों ने कहा कि यह स्पष्ट किया जाता है कि जिन अधिकारियों को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है, वे किसी भी पूर्व नियुक्ति या अन्य कार्यक्रम सहित कोई बहाना नहीं देंगे, जिन्हें बुधवार को पारित आदेश को प्राथमिकता देने के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा।

### इन राज्यों के स्वास्थ्य सचिवों को सुप्रीम कोर्ट ने किया तलब

डिफॉल्ट राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की सूची में अरुणाचल प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मिजोरम, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, चंडीगढ़, दिल्ली, जम्मू और कश्मीर, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, लद्दाख, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, और दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव शामिल हैं।

### इस मामले की शुरुआत 2016 में हुई थी

कोर्ट एक ऐसे मामले की सुनवाई कर रहा था जिसकी शुरुआत 2016 में हुई थी। मूल शिकायत प्राइवेट अस्पतालों में कथित चिकित्सा लापरवाही और आईसीयू व सीसीयू के लिए एक समान मानकों के अभाव से संबंधित थी। हालांकि, अपील 2024 में खारिज कर दी गई थी, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने देश भर में सीसीयू के मानकीकरण के व्यापक मुद्दे की निगरानी जारी रखने का फैसला किया। तब से कोर्ट ने कई आदेश पारित कर केंद्र और राज्यों को एक रूपरेखा पर मिलकर काम करने का निर्देश दिया है। इस साल 5 अगस्त को कोर्ट ने प्रत्येक राज्य को निर्देश दिया कि वे कॉर्पोरेट अस्पतालों सहित सभी हितधारकों के साथ बैठक करके आईसीयू/सीसीयू में भर्ती, उपचार, स्टाफिंग, स्वच्छता और बुनियादी ढांचे के लिए मसौदा मानदंड तैयार करें। न्यायालय ने शीर्ष स्वास्थ्य सचिवों को व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेने और प्रस्तावों पर हस्ताक्षर करने के लिए भी कहा। 19 अगस्त को जब मामले पर फिर से विचार किया गया, तो न्यायालय ने पाया कि इतनी तेजी के बावजूद, यह प्रक्रिया अधूरी रह गई। न्यायालय ने जोर देकर कहा कि एक व्यापक रोडमैप के बिना कोई भी प्रभावी निर्देश जारी नहीं किया जा सकता।

*बिना पर्ची-खर्ची के 1 लाख 80 हजार युवाओं को मिली सरकारी नौकरी*

# तीसरे कार्यकाल में 2 लाख नौकरियों का लक्ष्य: नायब

### बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह में मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को दी डिग्रियां और मेडल



### कहा, पिछले 11 वर्षों में प्रदेश में खुले 80 नए कॉलेज, 13 विश्वविद्यालय और 15 नए सरकारी बहुतकनीकी संस्थान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे सुधारों पर बल दे रही है, जिनसे युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी मिलें और वे समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सकें। प्रदेश सरकार ने बिना पर्ची-खर्ची के अब तक 1लाख 80 हजार युवाओं को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां दी हैं और तीसरे कार्यकाल में 2 लाख नौकरियों का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि वे प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कड़ी मेहनत करते रहे, उनकी मेहनत अवश्य रंग लाएगी।

### बाबा मस्तनाथ विवि में मुख्य अतिथि थे

मुख्यमंत्री बुधवार को रोहतक में बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, अस्थल बोहर के चौथे दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महंत बालक नाथ योगी भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को पदक एवं उपाधियां प्रदान की। सैनी ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह किसी भी शिक्षण संस्थान के गौरव और उपलब्धि का प्रतीक होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2012 में स्थापित विश्वविद्यालय का चौथा दीक्षांत समारोह इस पावन भूमि की ज्ञान-परंपरा को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कुलाधिपति महंत बालक नाथ योगी जी के मार्गदर्शन की सराहना की और बताया कि 1957 में महंत श्रेयोनाथ जी महाराज द्वारा स्थापित आयुर्वेदिक कालेज आज एक विशाल विश्वविद्यालय का रूप ले चुका है, जहां इंजीनियरिंग, कानून, नर्सिंग जैसे विविध क्षेत्रों में शिक्षा दी जा रही है।

### 80 नए कॉलेज, 13 विवि खोले

नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रदेश में कुल 80 नये राजकीय कॉलेज खोले गए, जिनमें से 30 लड़कियों के हैं। इस समय प्रदेश में महाविद्यालयों की संख्या बढ़कर 185 हो गई है। इसी तरह, 11 वर्षों के कार्यकाल में प्रदेश में 13 नये विश्वविद्यालय खुले हैं। वहीं, मेडिकल कॉलेजों की संख्या भी 6 से बढ़कर 17 हो गई है। अब इनमें एम.बी.बी.एस. की सीटों की संख्या 700 से बढ़कर 2,435 हो गई है। इसके अलावा, 15 नये सरकारी बहुतकनीकी संस्थान भी खोले गए हैं। वर्ष 2014 में इनकी संख्या 28 थी, जो अब 43 हो गई है और इनमें प्रवेश क्षमता 11,985 से बढ़कर 16,434 हो गई है। इसके अलावा, हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से भी युवाओं को न केवल रोजगार दिया है बल्कि उन्हें रोजगार की सुरक्षा भी दी है।

## फास्टैग वार्षिक पासः लॉन्च के बाद दो महीने में उपयोगकर्ताओं की संख्या पच्चीस लाख के पार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

'आवागमन में सुगमता' को बढ़ाते हुए फास्टैग वार्षिक पास के प्रति राष्ट्रीय राजमार्ग के उपयोगकर्ताओं ने जबरदस्त रुचि दिखाई है।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार पिछले दो महीनों में देश भर में लगभग 5.67 करोड़ लेनदेन के साथ, इसने पच्चीस लाख उपयोगकर्ताओं का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है। 15 अगस्त, 2025 को लॉन्च किया गया , फास्टैग वार्षिक पास राष्ट्रीय राजमार्ग के उपयोगकर्ताओं को एक सहज और किफायती यात्रा का विकल्प प्रदान करता है। यह राष्ट्रीय राजमार्गों और राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे पर लगभग 1,150 टोल प्लाजा पर लागू है।

गौरतलब है कि वार्षिक पास, एक वर्ष की वैधता या 200 टोल प्लाजा क्रॉसिंग के लिए 3,000 रुपये के एकमुश्त शुल्क भुगतान के माध्यम से फास्टैग को बार-बार रिचार्ज करने की आवश्यकता को समाप्त करता है। यह पास वैध फास्टैग वाले सभी गैर-व्यावसायिक वाहनों के लिए लागू है। राजमार्ग यात्रा ऐप या एनएचएआई की वेबसाइट के माध्यम से एकमुश्त शुल्क का भुगतान करने के बाद, वाहन से जुड़े मौजूदा फास्टैग पर वार्षिक पास दो घंटे के भीतर सक्रिय हो जाता है। यह वार्षिक पास हस्तांतरणीय नहीं है और राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) तथा राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे (एनई) के शुल्क प्लाजा पर मान्य है। राज्य सरकारों या स्थानीय निकायों द्वारा प्रबंधित एक्सप्रेसवे, राज्य राजमार्गों (एसएच) के शुल्क प्लाजा पर, फास्टैग राज्य राजमार्गों के टोल और पार्किंग आदि के भुगतान के लिए मौजूदा वॉलेट बैलेंस का इस्तेमाल करेगा।

### बंगाल में फिर दुराचार का मामला

## इंजीनियरिंग की छात्रा को नशीला ड्रिंक पिला दुराचार

एजेंसी ▶▶ आनंदपुर

पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में एक मेडिकल कॉलेज की छात्रा के साथ गैंग रेप का मामला अभी थमा भी नहीं कि कोलकाता के एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज की द्वितीय वर्ष की छात्रा के साथ दुराचार का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने क्लासमेट युवक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी शहर के दक्षिणी हिस्से के आनंदपुर इलाके से की गई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि नशीले पेय पदार्थ पीने के बाद वह बेहोश हो गई और बाद में उसकी बेहोशी का फायदा उठाकर आरोपी छात्र ने उसके साथ दुराचार किया। पुलिस ने इंजीनियरिंग छात्रा के गृह राज्य का खुलासा नहीं किया है। छात्रा आनंदपुर में एक किराए के फ्लैट में रह रही थी। यहीं पर दुष्कर्म का मामला था।

## पेज एक का शेष....

### इस बार बिहार में डबल....

में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं से हर घर तक पहुंचकर केंद्र और नीतीश कुमार सरकार की योजनाओं की जानकारी देने की अपील की। पीएम मोदी 'एकजुट एनडीए, एकजुट बिहार फिर से बनेगी सुशासन की सरकार' का नारा भी दिया। बिहार के भाजपा कार्यकर्ताओं से नमो ऐप के जरिए संवाद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए हर बूथ को मजबूत बनाना जरूरी है।

**महिला रोजगार पर जताई खुशी :** पीएम मोदी ने कहा कि मुझे ये जानकर बहुत अच्छा लगा कि बिहार की एनडीए सरकार ने हाल में जो महिला रोजगार योजना शुरू की है, उससे बहनें बहुत खुश हैं। बिहार के एक करोड़ 20 लाख बहनों के खाते में हरेक बहन को 10 हजार रुपए भेजे जा चुके हैं। इसके साथ ही युवाओं के लिए बनाई गई योजनाओं का भी उल्लेख किया और कहा कि यहां पर भी बेरोजगारी दूर करने के विशेष उपाय और विकास किए जा रहे हैं।

**कांग्रेस और आरजेडी पर साधा निशाना, एनडीए ने दी ज्यादा राशि :** पीएम मोदी ने कहा कि 2004 से 2014 तक केंद्र में कांग्रेस और आरजेडी की सरकार थी। तब बिहार को 10 साल में सिर्फ 2 लाख करोड़ रुपए मिले थे। लेकिन जब आपने मुझे मौका दिया, तो हमने 2014 से 2024, इन 10 साल में 9 लाख करोड़ रुपए बिहार के लिए दिए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आज बिहार की स्थिति बदली है और बहुत मेहनत करके बदली है। आज हम नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने की स्थिति में आ गए हैं।

### हर परिवार को सरकारी...

करते हुए कहा कि पार्टी तब जीतती है, जब हर बूथ मजबूत होता है। पीएं ने कहा कि 'हर बूथ कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में मोदी है' और वे मतदाताओं को उनकी ओर से सरकारी योजनाओं की गारंटी दें। उन्होंने कहा कि बिहार के बूथ कार्यकर्ता परिवारों को सरकारी योजनाओं से संबंधित वीडियो भी दिखाएं और साझा करें।

### ये भी कहा-बूंद-बूंद...

देखकर मुझे बहुत अच्छा लगा कि बिहार भाजपा का हर कार्यकर्ता 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है।

### भगोड़े अपराधियों के...

हुए भी संगठित आपराधिक गिरोहों से जुड़े रहते हैं और अपराध को अंजाम देते रहते हैं। सम्मेलन का मकसद इन जटिल चुनौतियों से निपटने के लिए रोडमैप तैयार करना है। उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अंतरराष्ट्रीय इन्वेस्टिगेशन और सहयोग के नए युग में प्रवेश कर रहा है। गृह मंत्री अमित शाह पहले ही कह चुके हैं कि भगोड़ों को भारत वापस लाने के लिए एक समन्वित दृष्टिकोण बेहद जरूरी है।इसी दिशा में सीबीआई ने यह सम्मेलन आयोजित किया है ताकि विभिन्न एजेंसियों के बीच कानूनी और कूटनीतिक चैनलों के माध्यम से समन्वय स्थापित हो सके और भगोड़ों को समयबद्ध तरीके से भारत लाया जा सके।

**भारतपोल पोर्टल की अहमियत :** इस साल की शुरुआत में गृह मंत्री अमित शाह ने सीबीआई का विकसित किया गया 'भारतपोल' पोर्टल लॉन्च किया था। इस पोर्टल ने जिला पुलिस, राज्य पुलिस, केंद्रीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों और सीबीआई को एक एकीकृत मंच पर ला दिया है।इससे सूचनाओं का आदान-प्रदान तेज और पारदर्शी हुआ है।

- सीबीआई के दो दिवसीय सम्मेलन से उम्मीद
- कानून प्रवर्तन एजेंसियों को नई रणनीतियाँ और व्यावहारिक समाधान मिलेंगे
- प्रत्यर्पण प्रक्रियाओं में तेजी आएगी
- भारत जल्द ही भगोड़े अपराधियों को वापस लाने में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकेगा।
- माना जा रहा है कि यह सम्मेलन न केवल भारत की आंतरिक सुरक्षा को ▶▶ मजबूती देगा बल्कि दुनिया के सामने भारत की कानून प्रवर्तन क्षमता और राजनीतिक इच्छाशक्ति का भी मजबूत संदेश देगा।

## पेज तीन का शेष....

### डीआरडीओ के स्वदेशी...

**इन प्रयोगशालाओं की अहम भूमिका :** मंत्रालय ने कहा कि एमसीपीएस को डीआरडीओ की आगरा स्थित एरियल डिलीवरी रिसर्च एंड डेवलपमेंट इस्टैब्लिशमेंट और बेंगलुरु की डिफेंस बायो इंजीनियरिंग एंड इलेक्ट्रोमेडिकल लेबोरेटरी द्वारा विकसित किया गया है। दोनों प्रयोगशालाओं ने इसमें उन्नत युद्धक फीचर शामिल किए हैं। जिसमें पैराशूट में क्षमता की अधिकता के साथ ही पैराट्रूपर सुरक्षित विमान से बाहर निकल सकते हैं। साथ ही इन्हें पूर्व निर्धारित ऊंचाई वाले इलाकों में आसानी से तैनात किया जा सकता है, दिशा ज्ञान के साथ ही चयनित क्षेत्र में आसानी से इनकी लैंडिंग की जा सकती है।

**स्वदेशी सिस्टम के लिए खुला द्वार :** इस सिस्टम की सफलता से स्वदेशी पैराशूट सिस्टम को शामिल करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। ये सिस्टम पैराशूट सिस्टम के अपने जीवनकाल में स्वतंत्र रूप से समूचे उपयोग की भी पुष्टि करेगा। जिसमें इसकी नियमित मरम्मत और रखरखाव में लगने वाला कम समय भी शामिल है। जिससे ये एक आयातित उपकरण की तुलना में सैन्यबलों के लिए बेहद मुफीद साबित होगा। इसके अलावा इस सिस्टम की मदद से संघर्षों और युद्धकाल में दूसरे देशों पर भारत की निर्भरता भी घटेगी।

### हल्की मॉड्यूलर मिसाइलों...

और मानव संचालित मिसाइल है। जिसे ऊंचे पर्वतीय इलाकों समेत अन्य रणनीतिक इलाकों में तैनात किया जा सकता है। मिसाइल लेजर बीम सिद्धांत के जरिए अपने लक्ष्य पर अचूक वार करने और आधुनिक समय में हवाई प्लेटफार्म की कुटिल कार्रवाई से बचाव करने में भी सक्षम है। मिसाइल से सभी प्रकार के लड़ाकू विमानों, हेलिकॉप्टरों, मानवरहित विमानों और यूसीएवी के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। साथ ही सभी तरह के मौसम में कम आईआर सिग्नेचर वाले हवाई लक्ष्यों को एलएमएम के जरिए तकरीबन 6 किलोमीटर की रेंज में निशाना लगाया जा सकता है।

**एक वार में काम तमाम :** मिसाइल में एक वार में काम तमाम करने की भी खूबी मौजूद है। जिसके लिए इसमें उन्नत दृश्य सिस्टम, फ्यूज और उच्च श्रेणी की विस्फोटक सामग्री की महत्वपूर्ण भूमिका है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद हाई-वैल्यू ड्रोन, यूएवी को पकड़ने और उसे नष्ट करने के लिए इस सिस्टम की खरीद की गई है।

**असॉल्ट राइफल से जुड़े सौदे का महत्व :** 659.45 करोड़ के रक्षा सौदे के तहत सैनिकों द्वारा प्रयोग की जाने वाली सिगसॉर 716 असॉल्ट राइफल से 500 मीटर की लंबी रेंज तक लक्ष्यों पर सटीकता के साथ प्रभावी ढंग से कार्रवाई करने में आसानी होगी। यह मूल रूप से सैनिकों की रात में देखने की मौजूदा क्षमता (पीएनएस) को बढ़ाएगा। मंत्रालय ने इस खरीद प्रक्रिया को बॉय (इंडियन-आईडीडीएम) श्रेणी के तहत अमलीजामा पहनाया है। जिसमें स्वदेशी तत्व 51 फीसदी है। सरकार का ये कदम रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और रक्षा मैन्युफैक्चरिंग को लेकर बड़ा कारगर साबित होगा। साथ ही इससे उपकरणों की मैन्युफैक्चरिंग और कच्चे-माल की सप्लाई में लगे हुए सूक्ष्म एवं लघु उद्योग (एमएसएमई) भी लाभान्वित होंगे।

### एक बार तो कैंसर...

एक्सप्रेस में उनके रोल थंगाबली से जानते हैं। एक इंटरव्यू में पंकज ने बताया था कि शुरुआत में उन्होंने अर्जुन के रोल के लिए ऑडिशन दिया था। उन्होंने कॉन्ट्रैक्ट साइन कर लिया था लेकिन उनका ऑडिशन अच्छा जाने के बावजूद ये रोल फिरोज खान को मिला। इसकी वजह बताते हुए पंकज ने कहा था कि मेकर्स चाहते थे वो बृहन्नला के रोल के लिए अपनी मूंछे हटवाएं। ऐसा करने से पंकज ने मना कर दिया था। 6 महीने तक पंकज बिना काम के भटकते रहे फिर कुछ समय बाद बीआर चोपड़ा ने पंकज को कर्ण के रोल में कास्ट किया।

## हेनले पासपोर्ट इंडेक्स की नई लिस्ट जारी

# निकल गई अमेरिका की हवा! पासपोर्ट रैंकिंग में टॉप-10 से बाहर, भारत 85वें पोजीशन पर

**अमेरिका खुद को दुनिया का सबसे बड़ा चौधरी समझता था, 20 साल में पहली बार शीर्ष दस की सूची से बाहर**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया में किस देश की कितनी चलती है और किसकी कितनी इज्जत है, इसका अंदाजा लगाने वाली हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2025 की नई लिस्ट आई है। इसे पासपोर्ट की ताकत का 'रिपोर्ट कार्ड' भी कह सकते हैं। जिस देश का पासपोर्ट जितना ताकतवर होता है, उस देश के लोग उतने ही ज़्यादा देशों में बिना वीज़ा लिए यानी बिना पहले से इजाज़त लिए सीधे घूमने जा सकते हैं। इस साल की लिस्ट ने सबको चौंका दिया है, क्योंकि जो देश खुद को दुनिया का सबसे बड़ा चौधरी समझता है, यानी अमेरिका, उसकी इज्जत को बड़ा झटका लगा है। पूरे 20 साल में पहली बार ऐसा हुआ है कि अमेरिका दुनिया के 10 सबसे ताकतवर पासपोर्ट की लिस्ट से बाहर हो गया है। इधर भारत के लिए भी अच्छी खबर नहीं है, हमारी रैंकिंग भी पहले से नीचे गिर गई है।

### घट गई अमेरिका की धाक

एक समय था जब अमेरिकी पासपोर्ट का मतलब था कि दुनिया के ज्यादातर दरवाजे आपके लिए खुले हैं। लेकिन अब वो बात नहीं रही। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स की 2025 लिस्ट में अमेरिका का नाम 10वें नंबर के भी नीचे चला गया है। इसकी सीधी-सीधी वजह ये है कि अब कई देश अमेरिका को पहले जैसी तवज्जो नहीं दे रहे हैं।




### अमेरिका को सलाम ठोकने वाले दिखा रहे आंखे

जैसे ब्राजील ने साफ-साफ कह दिया कि, जब तुम हमारे लोगों को अपने देश आने के लिए वीज़ा लगवाते हो, तो हम भी तुम्हारे लोगों से वीज़ा लेंगे।' मतलब बराबरी का हिसाब।

### चीन ने किया रैंकिंग में सुधार

कुछ और छोटे-मोटे देशों ने भी अमेरिका के लिए अपने नियम कड़े कर दिए। मतलब जो देश पहले अमेरिका को सलाम ठोकते थे, अब वो भी उसे आंखें दिखा रहे हैं। इसी वजह से उसकी पासपोर्ट की ताकत घट गई। वहीं चीन ने बीते 10 सालों में अपनी रैंकिंग में काफी सुधार किया है। 2015 में जहां वह 94वें स्थान पर था।

# इंटरनेट न होने पर भी कर सकेंगे पेमेंट आरबीआई का नया ई- रुपया हुआ लांच

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से मुंबई में आयोजित ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 में ऑफलाइन डिजिटल रुपया लांच किया गया है। ऑफलाइन डिजिटल रुपया की खास बात यह है कि, आप इंटरनेट या मोबाइल नेटर्वक के बिना भी डिजिटल पेमेंट कर पाएंगे। आप इसे कैश रुपयों की तरह की खर्च कर सकते है। इसके लिए बस आपको कोई भी क्यूआर कोड स्कैन या सिर्फ टैप करना होगा और आपका पेमेंट सफलतापूर्वक पूरा हो जाएगा। आप अपने पैसों को डिजिटल तरीके से अपने वॉलेट में रख सकते है।




### क्या है डिजिटल रुपया?

डिजिटल रुपया या ई-रुपया भारत की सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) है। आप इसे भारतीय रुपए का डिजिटल अवतार भी कह सकते है। डिजिटल रुपया का इस्तेमाल आप बिना इंटरनेट के भी कर सकते है। उदाहरण के तौर पर अगर समझे तो, यह डिजिटल रुपया आपके पर्स में रखे कैश की तरह ही है। अंतर सिर्फ इतना है कि यह डिजिटल रुप में उपलब्ध है।

### टाटा के जमशेदपुर संयंत्र की तीनों पालियों में महिलाएं

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने कंपनी के जमशेदपुर संयंत्र में तीन पालियों में महिला कर्मचारियों को तैनात करने की बुधवार को घोषणा की। कंपनी ने कहा कि 21 विभागों में 543 महिला कर्मचारियों के अगले साल एक फरवरी तक तीन पालियों में काम करने की उम्मीद है। यह तैनाती चरणबद्ध तरीके से की जाएगी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विपिन उर्फ गुल्ली पुत्र लक्ष्मी नारायण पताः मकान नं. बी–2/383, नंद नगरी दिल्ली और सी–2/357, नंद नगरी, दिल्ली ने एफआईआर नं. 55/2019 धारा 379/411 भा.द.स. के तहत** थानाः कोतवाली, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विपिन उर्फ गुल्ली** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विपिन उर्फ गुल्ली** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर नं. 55/2019 धारा 379/411 भा.द.स. के तहत थाना कोतवाली, दिल्ली के उक्त विपिन उर्फ गुल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सायशा चड्ढा
न्यायिक दंडाधिकारी – प्रथम श्रेणी–08
(केन्द्रीय) कमरा नं. 272
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/13371/N/2025

In The Court of Principal Judge, Family Court, District Court, Damoh
Presiding Officer: मोहम्मद अजहर
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 केअन्तर्गत प्रकाशन हेतु)(RCSHM/283/2024)

गीता उर्फ जसप्रीत कौर ..............वादी Vs
सरदार सुरजीत सिंह................प्रतिवादी

Process Id- 1520/2025
पेशी दिनांक :-18/11/2025

प्रेषिती- सरदार सुरजीत सिंह पिता सरदार गुरदीप सिंह निवासी-एस. 176, स्कूल ब्लॉक सकरपुर दिल्ली 110092

यह कि प्रार्थिया ने आपके विरूद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 13 हिंदू विवाह अधिनियम के लिए वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

यह आज दिनांक 06.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(मोहम्मद अजहर)
सील प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, दमोह (म.प्र.)

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# सेंसेक्स 575 अंक चढ़ा और निफ्टी 25,300 अंक के पार



**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 575 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 25,300 अंक के ऊपर बंद हुआ। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के इस महीने नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद के बीच एशिया तथा यूरोप के बाजारों में तेजी साथ मुख्य रूप से बैंक और वित्तीय कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 575.45 अंक यानी 0.70 प्रतिशत चढ़कर 82,605.43 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 697.04 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 178.05 अंक यानी 0.71 प्रतिशत चढ़कर 25,323.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस सबसे ज्यादा लाभ में रहीं।

## राशिफल

**मेष:** मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन:** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला:** मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक:** आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**धनु:** आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर:** वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**मीन:** परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

### सोना 1.31 लाख रुपये के नए शिखर पर, चांदी में 3,000 रुपये की गिरावट

**नई दिल्ली।** लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी के साथ, बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमतें 1,000 रुपये बढ़कर 1,31,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं। चालू त्योहारी मौसम के बीच खुदरा विक्रेताओं और आभूषण विक्रेताओं की निरंतर लिवाली के कारण यह मजबूती को देखने को मिली। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 1,30,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सराफा बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,000 रुपये बढ़कर 1,31,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जबकि इसका पिछला बंद भाव 1,30,200 रुपये प्रति 10 ग्राम था। हालांकि, चांदी की कीमतें रिकॉर्ड स्तर से 3,000 रुपये नीचे गिरकर 1,82,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गईं। मंगलवार को यह चांदी की कीमत 6,000 रुपये बढ़कर 1,85,000 रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई थी।

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

**घोषणा**

**विषय :- एफएसएल मधुबन, करनाल, हरियाणा में सहायक निदेशकों / वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारियों के पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षा**

घोषणा दिनांक 14.08.2025 की निरंतरता में, एफएसएल, मधुबन, करनाल, हरियाणा में सहायक निदेशकों / वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारियों के पद के लिए आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की जानकारी हेतु एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि कई कॉमन उम्मीदवार हैं जो ए.डी./एसएसओ (टॉक्सीकॉलोजी और साइबर फॉरेंसिक) के पद के लिए आवेदन कर चुके हैं। अतः, आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुसार विषय ज्ञान परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है।

| क्र. सं. | विज्ञा. सं. | पद का नाम | विषय ज्ञान परीक्षा की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | 7/2025 | सहायक निदेशक (डीएनए) | 03.11.25 (पूर्वान्ह) |
| 2. | 8/2025 | सहायक निदेशक (लाइ-डिटेक्शन) | 03.11.25 (अपराह्न) |
| 3. | 9/2025 और 11/2025 | सहायक निदेशक/वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (साइबर फॉरेंसिक) | 06.11.25 (पूर्वान्ह) |
| 4. | 12/2025 | वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (सीन ऑफ क्राइम) | 06.11.25 (अपराह्न) |
| 5. | 13/2025 | वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (दस्तावेज) | 07.11.25 (पूर्वान्ह) |
| 6. | 14/2025 | वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (भौतिकी) | 07.11.25 (अपराह्न) |
| 7. | 10/2025 और 15/2025 | सहायक निदेशक/वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (टॉक्सीकॉलोजी) | 08.11.25 (पूर्वान्ह) |
| 8. | 16/2025 | वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (एनडीपीएस) | 08.11.25 (अपराह्न) |

दिनांक : 15.10.2025
हस्ता/- उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला

संवाद-1156/13/358/2026/39511/88/7 दि. 15.10.25

**बी. के. एन. राजकीय बहुतकनीकी नारनौल**

**प्रवेश सूचना व ट्रेनर हेतु साक्षात्कार**

हरियाणा सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के कल्याण हेतु बी. के. एन. राजकीय बहुतकनीकी, नारनौल द्वारा CEGO Scheme के अन्तर्गत अल्पकालिक अवधि (अधिकतम 6 मास) के लिए मैरिट आधार पर नि० लि० Employment Oriented Training Programme निःशुल्क चलाए जा रहे हैं :-

| क्र. स. | कोर्स का नाम | सीट | न्यूनतम योग्यता | कोर्स का स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कंप्यूटर ऑपरेटर | 25 | 10th पास | राजकीय बहुतकनीकी नारनौल |
| 2. | इलेक्ट्रिकल | 25 | 8th पास | राजकीय बहुतकनीकी नारनौल |
| 3. | प्लम्बिंग | 25 | 8th पास | राजकीय बहुतकनीकी नारनौल |
| 4. | सिलाई | 25 | 8th पास | ग्राम पंचायत भवन भूषण खुर्द नारनौल |
| 5. | ड्रेस मेकिंग | 25 | 8th पास | राजकीय प्राथमिक पाठशाला रघुनाथपुरा नारनौल |
| 6. | सिलाई | 25 | 8th पास | ग्राम पंचायत भवन पृथ्वीपुरा अटेली |
| 7. | सिलाई | 50 | 8th पास | ग्राम पंचायत भवन जाट-पाली-महेंद्रगढ़ |


ये कोर्स हरियाणा राज्य के अनुसूचित जाति के बच्चों की प्राथमिकता के लिए है जिन्हें नियमानुसार 500 रुपये प्रति माह छात्रवृत्ति दी जाएगी। उपरोक्त कोर्स में अनु. जाति के न्यूनतम 40% अभ्यार्थी होने पर ही कोर्स चलाया जाएगा। न्यूनतम आयु सीमा 14 वर्ष है और फॉर्म जमा कराने की अंतिम तिथि 03/11/2025 व कोर्स शुरू होने की तिथि 10/11/2025 है। फॉर्म संस्था में निःशुल्क उपलब्ध हैं। इसके लिए श्री सिकन्दर सिंह (9466096054) कर्मशाला अनुदेशक से संपर्क करें।

उपरोक्त कोर्सेज से सम्बंधित ट्रेनर की भी आवश्यकता है जिसके लिए शैक्षिक योग्यता सम्बंधित ट्रेड में आई.टी.आई. पास है और साक्षात्कार हेतु इच्छुक अभ्यार्थी दिनांक 06/11/2025 को प्रातः 10 बजे अपने मूल दस्तावेजों के साथ बी. के. एन. राजकीय बहुतकनीकी नारनौल में आ सकते हैं। इसके लिए कोई यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा।

हस्ता/-प्रधानाचार्य
बी० के० एन० राजकीय बहुतकनीकी, नारनौल

पीआरडीएच 1115/11/503/2026/39508/88/7 दि. 15.10.2025

## शब्द पहेली - 6020




**बाएँ से दाए**
1. असह्य, नागवार-5
4. कली-3
6. पराया, पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी, सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल, धोखा-3
16. पक्षी, उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा, पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत, मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल, जान-2
27. रसदार-3
28. जगत, दुनिया-2
29. नग, मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**
1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र, राधेय-3
5. वश, अधीन-2
7. संपूर्ण, पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली, शुद्ध-3
13. हठ करना, रोना -4
15. हारा हुआ, पराजित-3
16. मशवरा, सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना, स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी, चित-2
28. संपत्ति-2

### शब्द पहेली - 6019 का हल





# यूरोप से इंग्लैंड ने सबसे पहले बनाई जगह, अफ्रीकी और एशियाई दिग्गजों ने किया क्वालीफाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फीफा फुटबाल विश्व कप 2026 के लिए तीन बड़ी टीमें- दक्षिण अफ्रीका, आइवरी कोस्ट और सेनेगल ने अपना टिकट पक्का कर लिया है। दक्षिण अफ्रीका ने रवांडा को 3-0 से हराकर अपने क्वालीफाइंग ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया। यह 2010 के बाद पहला मौका है जब दक्षिण अफ्रीका फीफा विश्व कप में हिस्सा लेगा। इस जीत के साथ ही नाइजीरिया को अपने ग्रुप में दूसरा स्थान मिला और उसे अब प्लेऑफ के जरिए क्वालीफाई करने का मौका मिलेगा।

हालांकि नाइजीरिया ने बेनिन को उसके घरेलू मैदान पर विक्टर ओसिमेन की हैट्रिक की बदौलत 4-0 से हराया। उधर, आइवरी कोस्ट ने कीनिया पर 3-0 की जीत दर्ज कर सीधा क्वालिफिकेशन हासिल किया, जबकि सेनेगल ने मॉरिटानिया को 4-0 से हराकर लगातार तीसरी बार विश्व कप में जगह बनाई। वहीं यूरोप से इंग्लैंड फुटबॉल विश्वकप में क्वालीफाई करना वाला पहला देश है। एशियाई देशों में क्वालिफाई के चौथे दौर में कतर और सऊदी अरब ने अपने-अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान पर है।

### इटली, स्पेन ने भी बढ़ाई उम्मीदें

पिछले दो विश्व कप में जगह नहीं बना पाने वाला इटली अब प्लेऑफ में जगह पक्की कर चुका है। उसने इज़रायल को 3-0 से हराया और अपने ग्रुप में दूसरे स्थान पर है। नॉर्वे फिलहाल तीन अंक आगे है और गोल अंतर में बेहतर स्थिति में है। वहीं स्पेन ने बुल्गारिया को 4-0 से हराकर अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। स्पेन अब तुर्किये से तीन अंक आगे है, जिसने जॉर्जिया को 4-1 से मात दी।




### इंग्लैंड लगातार आठवीं बार खेलगा फीफा विश्व कप

इंग्लैंड ने लाटविया पर 5-0 की बड़ी जीत के साथ विश्व कप 2026 के लिए क्वालिफाई किया और इस तरह यूरोप का पहला देश बना, जिसने टूर्नामेंट में जगह पक्की की। कप्तान हैरी केन ने पहले हाफ में दो गोल दागे, जिससे इंग्लैंड ने अपने ग्रुप में दो मैच शेष रहते शीर्ष स्थान सुनिश्चित कर लिया। इंग्लैंड अब लगातार आठवीं बार फीफा विश्व कप खेलेगा। जर्मन कोच थॉमस ट्यूशेल के नेतृत्व में इंग्लिश टीम ने अब तक क्वालिफाइंग के छह मैचों में एक भी गोल नहीं खाया है।

### कतर और सऊदी अरब की जगह पक्की

एशियाई क्वालिफायर के चौथे दौर में कतर और सऊदी अरब ने अपने-अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल कर विश्व कप 2026 में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली। कतर ने दोहा में खेले गए मैच में संयुक्त अरब अमीरात को 2-1 से हराया, जबकि सऊदी अरब ने जेद्दा में इराक के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेला। दोनों टीमें अब एशिया से विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली सातवीं और आठवीं टीम बन गई हैं। कतर दूसरी बार विश्व कप में हिस्सा लेगा। पिछली बार वह मेजबान देश के रूप में खेला था। लेकिन इस बार कतर ने अपने दम पर क्वालीफिकेशन हासिल किया, जो उसके फुटबॉल इतिहास में एक नया अध्याय है। सऊदी अरब अब तक सातवीं बार विश्व कप में हिस्सा लेने जा रहा है। इससे पहले जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, ईरान, उज्बेकिस्तान और जॉर्डन एशिया से जून में ही विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं।

## खबर संक्षेप



### ऑस्ट्रेलियाई दौरे के लिए रोहित-विराट ने भरी उड़ान

**नई दिल्ली।** भारत के ऑस्ट्रेलियाई दौरे का आगाज 19 अक्टूबर से होना है और इसके लिए विराट कोहली व रोहित शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों सहित टीम इंडिया के कई खिलाड़ी रवाना हुए। टीम इंडिया के सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली की बात करें तो इन दोनों ने पिछला वनडे मुकाबला भारत के लिए इसी साल मार्च माह में खेला था, जिसके बाद रोहित और विराट ने एक साथ टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। इसके चलते ये दोनों छह महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलते नजर आएंगे। ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम इंडिया एक दो नहीं बल्कि तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलती नजर आएंगे। इसकी शुरुआत 19 अक्टूबर से होनी है। पहला वनडे पर्थ में खेला जाएगा तो उसके बाद 23 अक्टूबर को दूसरा वनडे ऐडिलेड में तो तीसरा वनडे मैच 25 अक्टूबर को सिडनी में खेला जाएगा।

### नॉर्वे ने शुरू की शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर



**नई दिल्ली।** नॉर्वे शतरंज के आयोजकों ने बुधवार को टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर को शुरू करने की घोषणा की, जिसमें हर साल चार प्रतियोगिताएं होंगी और तीनों प्रारुप फास्ट क्लासिक, रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज में एक संयुक्त चैंपियन होगा। नॉर्वे शतरंज के सीईओ केजेल मैडलैंड ने बताया कि टूर्नामेंट के लिए अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के साथ एक दीर्घकालिक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह प्रतियोगिता 2027 से प्रत्येक साल आयोजित की जाएगी। मैडलैंड ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि यह (टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर) पूरे शतरंज कैलेंडर में सबसे प्रतिष्ठित आयोजनों में से एक बन जाएगा।'

### वेस्टइंडीज के खिलाफ हर विकेट पांच विकेट जैसा

**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा है कि वेस्टइंडीज के खिलाफ हाल में समाप्त हुए दूसरे टेस्ट मैच में उन्होंने जो भी विकेट लिया वह उन्हें पांच विकेट जैसा लगा क्योंकि पिच गेंदबाजों के लिए अनुकूल नहीं थी। सिराज ने मंगलवार को समाप्त हुए मैच में तीन विकेट लिए, जिसमें भारत ने सात विकेट से जीत हासिल करके श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की।

## रणजी ट्रॉफी : किशन और साहिल ने की 150 रन की अटूट साझेदारी

# इशान ने संभाली पारी, ठोका शतक, झारखंड ने तमिलनाडु के खिलाफ बनाए 307 रन

एजेंसी ▶▶| कोयंबटूर

कप्तान इशान किशन के शतक से झारखंड ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मैच के पहले दिन बुधवार को तमिलनाडु के खिलाफ विषम परिस्थितियों से उबरते हुए छह विकेट पर 307 रन बनाए। भारतीय टीम में अपनी जगह गंवाने वाले किशन दिन का खेल खत्म होने पर 183 गेंद में नाबाद 125 रन बनाकर खेल रहे थे। साहिल राज 64 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे थे। झारखंड पर 200 रन से कम पर सिमटने का खतरा मंडरा रहा था लेकिन किशन और साहिल ने सातवें विकेट के लिए 150 रन की अटूट साझेदारी करके पारी को संभाला। तमिलनाडु की ओर से बाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह ने 51 रन देकर तीन विकेट चटकाए। एक दशक बाद रणजी ट्रॉफी में वापसी कर रहे बाएं हाथ के स्पिनर डीटी चंद्रशेखर ने दो विकेट हासिल किए।




### विदर्भ में नगालैंड के खिलाफ पहले दिन बनाए 302 रन

बेंगलुरु में गत चैंपियन विदर्भ में नगालैंड के खिलाफ पहले दिन तीन विकेट पर 302 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज अमन मोखादे ने नाबाद 148 रन की पारी खेली। दिन का खेल खत्म होने पर यश राठौड़ 66 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे थे। ध्रुव शौरे ने भी 64 रन की पारी खेली। कानपुर में सलामी बल्लेबाज और विकेटकीपर केएस भरत (144) के शतक से आंध्र ने उत्तर प्रदेश के खिलाफ तीन विकेट पर 289 रन बनाए। उन्होंने 244 गेंद की अपनी पारी में 13 चौके मारे। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे शेख रशीद दिन का खेल खत्म होने पर 94 रन बनाकर खेल रहे थे। कटक में ओडिशा ने राजेश धूपर (नाबाद 76) के अर्धशतक से बड़ौदा के खिलाफ पांच विकेट पर 205 रन बनाए।

### बंगाल ने उत्तराखंड को 213 रन पर समेटा

**कोलकाता।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने चार गेंद में तीन विकेट चटकाए, जिससे बंगाल ने रणजी ट्रॉफी क्रिकेट एलीट ग्रुप सी मैच के पहले दिन बुधवार को उत्तराखंड को 213 रन पर समेट दिया। इसके जवाब में बंगाल ने भी पारी की पहली ही गेंद पर कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (00) का विकेट गंवाकर दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर आठ रन बनाए। सुदीप चटर्जी (नाबाद 01) और सुदीप कुमार घरामी (07) स्टंप के समय क्रीज पर थे। बंगाल की टीम अभी उत्तराखंड से 205 रन से पीछे है। चोटों और खराब फॉर्म में बाद लय हासिल करने की कोशिशों में जुटे 35 साल के शमी को बुधवार को अपने शुरुआती 14 ओवर में कोई सफलता नहीं मिली लेकिन उत्तराखंड की पारी के अंतिम लम्हों में उन्होंने रिवर्स स्विंग का जादू चलाया।

### पडिक्कल, करुण और स्मरण का अर्धशतक

**राजकोट।** देवदत्त पडिक्कल, करुण नायर और आर स्मरण के दमदार अर्धशतक की बदौलत कर्नाटक ने बुधवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मैच के पहले दिन सौराष्ट्र के खिलाफ पांच विकेट पर 295 रन बनाए। पडिक्कल (96 रन, 141 गेंद, 11 चौके) और नायर (73, 126 गेंद, नौ चौके) ने तीसरे विकेट के लिए 146 रन जोड़े। इन दोनों ने उस समय पारी को संवारा जब बाएं हाथ के स्पिनर धर्मेंद्र जडेजा (100 रन पर चार विकेट) ने सलामी बल्लेबाज निकिन जोस और कप्तान मयंक अग्रवाल को पारी की शुरुआत में जल्दी पवेलियन भेजा। दिन का खेल खत्म होने पर स्मरण (नाबाद 66 रन, 120 गेंद, चार चौके, दो छक्के) के साथ अनुभवी श्रेयस गोपाल क्रीज पर डटे थे। जोस और अग्रवाल के केवल 26 रन तक पवेलियन लौटने के बाद कर्नाटक की टीम लड़खड़ा रही थी और पडिक्कल तथा विदर्भ के साथ दो सत्र खेलने के बाद वापस लौटे नायर ने पारी को संवारा।

## वनडे रैंकिंग

# राशिद खान बने नंबर वन गेंदबाज रोहित-विराट एक पायदान खिसके




एजेंसी ▶▶| दुबई

ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली को बड़ा झटका लगा है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बुधवार को पुरुष क्रिकेट की ताजा रैंकिंग जारी की। वनडे रैंकिंग में दोनों खिलाड़ी एक-एक पायदान नीचे खिसक गए। अफगानिस्तान के बल्लेबाज इब्राहिम जदरान को बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने का फायदा मिला। वह रैंकिंग में 8 स्थान ऊपर दूसरे नंबर पर पहुंच गए। इससे पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम को भी एक पायदान का नुकसान हुआ है। बल्लेबाजों की वनडे रैंकिंग में भारत के नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल शीर्ष पर बने हुए हैं। गेंदबाजों की वनडे रैंकिंग में राशिद खान ने पांच स्थान की छलांग लगाई और शीर्ष पर पहुंच गए है।

### राशिद ने लगाई पांच स्थान की छलांग

गेंदबाजों की वनडे रैंकिंग में राशिद खान ने पांच स्थान की छलांग लगाई और केशव महाराज की बादशाहत खत्म कर दी। राशिद अब वनडे क्रिकेट में नंबर-1 गेंदबाज हैं। टॉप-5 में अन्य गेंदबाजों में श्रीलंका के महेश तीक्षणा,इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर और भारत के कुलदीप यादव है। ऑलराउंडर्स की वनडे रैंकिंग में अफगानिस्तान के अजमुल्लाह उमरजई एक पायदान ऊपर शीर्ष स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने सिंकदर रजा को पछाड़ा। अभिषेक की बादशाहत कायम मोहम्मद नबी तीसरे और राशिद चौथे नंबर पर हैं। राशिद को ऑलराउंडर रैंकिंग में 2 स्थान का फायदा हुआ। बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज को एक पायदान का नुकसान हुआ है।

### स्टॉपेज टाइम में लिंडा के गोल से मणिपुर ने राष्ट्रीय महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप जीती

**नारायणपुर (भाषा)।** स्टॉपेज टाइम में लिंडा कोम सर्तो के गोल की मदद से मणिपुर ने बंगाल को 1 . 0 से हराकर सीनियर राष्ट्रीय महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप जीत ली है। लिंडा ने 93वें मिनट में गोल दागकर मणिपुर को 23वीं बार खिताब दिलाया। बंगाल के खिलाड़ियों ने कई मौके बनाये लेकिन गोल में नहीं बदल सके।

## विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियन

# प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचे तन्वी, उन्नति और रक्षिता

- 800 तन्वी ने इंडोनेशिया की ओई विनार्तो को दी मात
- उन्नति ने अमेरिका की एलिस वैंग को दी शिकस्त



एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों तन्वी शर्मा, उन्नति हुड्डा और रक्षिता श्री रामराज ने बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

शीर्ष वरीयता प्राप्त तन्वी ने इंडोनेशिया की ओई विनार्तो को 15-12, 15-7 से हराया जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त उन्नति ने अमेरिका की एलिस वैंग को 15-8, 15-5 से शिकस्त दी। दसवीं वरीयता प्राप्त रक्षिता ने पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए सिंगापुर की आलिया जकारिया को 11-15, 15-5, 15-8 से हराया। तन्वी क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए चीन की ली युआन सुन से भिड़ेंगी।

ली ने तीसरे दौर में नौवीं वरीयता प्राप्त लियाओ जुई-ची को 15-12, 15-12 से हराया। रक्षिता श्रीलंका की चौथी वरीयता प्राप्त रानीथमा लियानागे के खिलाफ खेलेंगी, जिन्होंने मलेशिया की लेर क्यू इंग को 15-9, 15-12 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

### धीमी ओवर गति के लिए टीम इंडिया पर लगा जुर्माना

**विशाखापत्तनम।** भारतीय महिला टीम पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे विश्व कप के मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए बुधवार को मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। रविवार को विशाखापत्तनम में ऑस्ट्रेलिया ने रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को तीन विकेट से हराया। भारत को अब रविवार को इंदौर में इंग्लैंड के खिलाफ करो या मरो वाले मुकाबले में उतरना है। आईसीसी ने एक बयान में कहा, 'एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी की मिशेल पेरेरा ने यह जुर्माना लगाया क्योंकि भारत ने निर्धारित समय में एक ओवर कम किया था। इस कारण उसके खिलाड़ियों पर उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।'

# विश्व कप क्वालीफायर में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बने रोनाल्डो

**लिस्बन।** पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने एक बार फिर इतिहास रच दिया। 40 साल की उम्र में रोनाल्डो ने दिखा दिया कि उनका गोल करने का जुनून अब भी बरकरार है। उन्होंने हंगरी के खिलाफ खेले गए वर्ल्ड कप 2026 क्वालीफायर में दो गोल दागे, जिससे उन्होंने एक नया विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया। रोनाल्डो अब विश्व कप क्वालीफायर में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने 22वें मिनट में करीब से गोल दागकर फीफा विश्व कप क्वालिफायर्स में 40वां गोल पूरा किया, जिससे उन्होंने ग्वाटेमाला के पूर्व स्टार कार्लोस रूइज को पीछे छोड़ दिया।



### कमिंस ने कोहली और रोहित को लेकर कही बड़ी बात

**सिडनी।** आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि भारत के खिलाफ रविवार से पर्थ में शुरू हो रही एकदिवसीय श्रृंखला विशेष है क्योंकि यह आस्ट्रेलियाई प्रशंसकों के लिए सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा को खेलते हुए देखने का आखिरी मौका हो सकता है। पीठ की चोट से जूझ रहे 32 वर्षीय कमिंस इस श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। कमिंस ने कहा, 'विराट और रोहित पिछले 15 वर्षों से लगभग हर भारतीय टीम का हिस्सा रहे हैं, इसलिए ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट प्रेमियों के लिए उन्हें यहां खेलते हुए देखने का यह आखिरी मौका हो सकता है।' उन्होंने कहा, 'वे निश्चित रूप से भारत के लिए खेल के चैंपियन रहे हैं और उन्हें हमेशा अच्छा समर्थन मिलता है। जब भी हम उनके खिलाफ खेलते हैं, दर्शक पूरे जोश में रहते हैं।' इस शीर्ष तेज गेंदबाज ने कहा कि वह इस श्रृंखला में नहीं खेल पाने से वह काफी निराश हैं, जिसमें एडिलेड और सिडनी में भी मैच होंगे।

# बांग्लादेश के खिलाफ दबदबा कायम रखने आज उतरेगा ऑस्ट्रेलिया

विशाखापत्तनम। अब तक प्रत्येक मैच में दबदबा बनाए रखने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम बांग्लादेश के खिलाफ गुरुवार को होने वाले मैच में बड़ी जीत दर्ज करके महिला वनडे विश्व कप में अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी। ऑस्ट्रेलिया चार मैचों में तीन जीत और कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ बारिश के कारण रद्द किए गए मैच में अंक बांटने के बाद सात अंक लेकर विश्व कप तालिका में शीर्ष पर है। ऑस्ट्रेलिया की टीम इस मैच में भारत के खिलाफ पिछले मैच में जीत हासिल करने के बाद उतरेगी। यदि प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया के फॉर्म को लेकर कोई संदेह था तो एलिसा हीली की अगुवाई वाली टीम ने महिला वनडे में विश्व रिकॉर्ड बनाकर इस संदेह को दूर कर दिया तथा इस प्रारुप में संभावित आठवीं खिताबी जीत की अपनी मंशा जाहिर कर दी। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के सामने 331 रन का लक्ष्य रखा था। हीली ने 102 गेंदों पर 21 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 142 रन की आक्रामक पारी खेली, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने एक ओवर शेष रहते सात विकेट पर 331 रन बना लिए। इससे ऑस्ट्रेलिया ने प्रतियोगिता में भाग ले रही सभी टीमों के लिए खतरे की घंटी बजा दी। यह मैच तब समाप्त हुआ जब एलिस पेरी ने छक्का लगाकर ऑस्ट्रेलिया की जीत सुनिश्चित की।

# महिला वनडे विश्व कप: बारिश के कारण मैच रद्द होने से इंग्लैंड और पाकिस्तान ने अंक बांटे

**कोलंबो(भाषा)।** पाकिस्तान के पास इंग्लैंड पर पहली जीत दर्ज करने का सुनहरा मौका था लेकिन लगातार हो रही बारिश के कारण उसे आईसीसी महिला विश्व कप के मैच में बुधवार को चार बार की चैम्पियन टीम के साथ अंक बांटने पड़े। कप्तान फातिमा सना के चार विकेट की मदद से पाकिस्तान ने पिच से मिल रही उछाल और मूवमेंट का फायदा उठाते हुए इंग्लैंड को बारिश के कारण प्रति टीम 31 ओवर के मैच में नौ विकेट पर 133 रन पर रोक दिया था। जवाब में डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर पाकिस्तान को 113 रन का संशोधित लक्ष्य मिला। सलामी बल्लेबाज मुनीबा अली (नौ) और ओमाइमा सोहेल (19) ने अच्छी शुरूआत करते हुए 6 . 4 ओवर में बिना किसी नुकसान के 34 रन बना लिये थे। बारिश रूकती नहीं देखकर मैच आखिर में रद्द कर दिया गया जिससे पाकिस्तान की सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने की उम्मीदों पर भी लगभग पानी फिर गया। पाकिस्तान टूर्नामेंट में एक भी जीत दर्ज नहीं कर सका है। और तीन हार के बाद तालिका में सबसे नीचे है। उसके पास एकमात्र अंक है और अब उसे न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका से खेलना है।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में गांव खाबरा कलां में आवास सहित पीएचसी का निर्माण (सिक्योरिटी/स्ट्रीट लाइट्स और डीजी सैट का प्रावधान केवल) + 3 कार्य। | 14.10.2025 29.10.2025 | 51.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में जुलाना में बागनवाला से पोंकेरी खेड़ी तक नये रोड का निर्माण (रोड आईडी 12483) (बकाया कार्य)। | बंद होने की तिथि 20.10.2025 | 20.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 3 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | अम्बाला कैंट जिला अम्बाला में भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 के शहीदों के सम्मान में युद्ध स्मारक में लैंडस्केपिंग कार्य का विकास (पुनः आमंत्रित)। | 16.10.2025 21.10.2025 | 7.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 hortdivisionhrpwd@yahoo.com |
| 4 | पंचायती राज कुरूक्षेत्र | इशेरगढ़ - गांव इशेरगढ़ ब्लॉक पिपली कुरूक्षेत्र में बाबा भीमराव अम्बेडकर भवन में कम्पाउंड में पेवर ब्लॉक का निर्माण, चारदिवारी और शौचालय का निर्माण + 2 कार्य। | 14.10.2025 30.10.2025 | 20.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज रोहतक | ब्राह्मणवास में एसएचसी का निर्माण + 20 कार्य। | 14.10.2025 21.10.2025 | 815.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01262-254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज करनाल | घड़ी भरल - गांव देवीपुर ब्लॉक घरौंडा, जिला करनाल में स्कीम वीएएनजीवाई 2024-25 के तहत महिला चौपाल/महिला एसएचजी मीटिंग हॉल का निर्माण + 2 कार्य। | 11.10.2025 20.10.2025 | 96.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/120/39512/I/88/7 दि. 15.10.25

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109


Hero
1.25M
CELEBRATING
125 MILLION CUSTOMERS
हीरो का स्कूटर
स्कूटर का हीरो
SCAN TO WATCH OUR
NEW HERO DESTINI FILM
THE ALL NEW
Destini
125
बड़े और चौड़े एलॉय व्हील्स
प्रीमियम क्रोम एक्सेंट्स
बड़ी और आरामदायक सीट 785mm
बेस्ट-इन क्लास माइलेज#
सेगमेंट में पहली बार ऑटो-कैंसल विंकर्स
पुराना एक्स-शोरूम
₹82 266** से शुरू
GST बेनिफिट्स
₹6 428**
नया एक्स-शोरूम
₹75 838** से शुरू
सीमित समय ऑफ़र
प्रतिदिन की EMI
₹75$
से शुरू
डाउन पेमेंट
₹1999$
से शुरू
इंस्टेंट डिस्काउंट
₹10 000$ तक
HDFC BANK
FESTIVE TREATS
क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs
INDIA'S FIRST
5 YEAR WARRANTY*
*Conditions apply
Hero GoodLife
जीतने का मौका
100% कैशबैक
24 कैरेट सोने का सिक्का
और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स*
Also available on
Flipkart
amazon.in
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Ex-showroom price of Destini 125 in Delhi and may change without any prior notice. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. #Based on the testing report of govt. Certified agency. Actual mileage may vary as per riding conditions. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. *T&C apply.
TOLL FREE
1800 266 0018
Authorised Dealers: South Delhi: Pul Prahladpur Badarpur: Singla Hero - 9289922771, Lajpat Nagar: Sapphire Hero- 9289923175, Adchini (Main Mehrauli Road): Pashupati Hero - 9289922381, Okhla Phase II: ARC Hero- 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero- 9289922380, Pushta Kartar Nagar: Aman Hero- 9289922735, Dilshad Garden: RK Hero- 9289923010, Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero- 9289923222, North Delhi: Azadpur: Shraman Hero- 9289923185, Pitampura:Shraman Hero – 9289924252,Rithala (Rohini): Metro Hero- 9289922597, Budh Vihar: JMD Autoworld Hero- 9289924188, Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road): EssAay Hero- 9289922382, Upper India Hero- 9289924343, West Delhi: Roshan Vihar (Najafgarh): Avni Hero- 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero- 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero, 9289922530, Raja Puri: Singla Hero-7836078383, Samalkha:Singla Hero - 7836078484, Janak Puri:Singla Hero - 9911884416, Tilak Nagar: Khanna Hero- 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero- 9289924309, Nawada: Khanna Hero- 9289924310;Ghaziabad: Meerut, Delhi Road: Globe Hero- 9289922073, Shiv Puri, Vijay Nagar: Aman Hero- 9289232123; Sahibabad: Sahib Hero- 9289922486; Noida: H-206A, Sector 63: Dhansri Hero- 9289923044, Sector 5, B 124: Uppal Hero - 9289922462, Sector-58 C-70: Singla Hero- 9289923059; BulandShahr:Delhi Road: Shri Durga Hero- 9289922504, RajeBabu Road: Krishna Hero- 9289922410, Hapur: Globe Hero- 9289923209,Gurugram: Sec–18, Noble Enclave: Globe Agencies- 9289233915, Himgiri Hero- 9289923046, Basai Road Sector 11: Sharma Hero- 9289923221, Autoneeds Hero- 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495, Wazirabad: Himgiri Hero- 9289924247, Railway Road: Himgiri Hero- 9289924248; Sohna: No. 160/2 Delhi Road: Auto Links Hero- 9289924089; Faridabad: Sehgal Hero- 9289922419, NIT: Sehgal Hero- 7217627327.
RS/Hero/09/25